सुप्रभात
रांची, सोमवार
07.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 114
12 उपचुनावों में भाजपा ने लहराया परचम



PRNO 281567(IPRD) 22-23

## न्यूज डायरी

### हिंदी साहित्य के पुरोधा मैनेजर पांडेय नहीं रहे

**नयी दिल्ली।** हिंदी साहित्य के गंभीर और विचारोत्तेजक आलोचनात्मक लेखन के लिए ख्यात वयोवृद्ध वरिष्ठ लेखक मैनेजर पांडेय (81) का निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में अपने आवास पर रविवार सुबह अंतिम सांस ली। उनके निधन पर तमाम साहित्यकारों ने शोक जताया है। उनका जन्म 23 सितंबर, 1941 को बिहार के गोपालगंज के लोहटी में हुआ था। वह जेएनयू में हिन्दी के प्रोफेसर और भारतीय भाषा केंद्र के अध्यक्ष भी रहे।

### सड़क हादसे में मेडिका के दो कर्मियों की मौत

**रांची।** मेडिका अस्पताल के दो कर्मियों की टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गयी। यह हादसा चेशायर होम के पास शनिवार की रात हुई। मृतकों के नाम शौमिन चटर्जी(25) और शौरिष रक्षित हैं। दोनों देर रात करीब दो बजे अस्पताल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान टैंकर की चपेट में आ गये। हादसे की सूचना मिलते रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों ही दुर्गापुर के रहने वाले थे। सदर थाना क्षेत्र में ही किराये के घर में रहते थे।

### आलिया-रणबीर के घर आयी नन्ही परी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने रविवार को एचएन रिलायंस हॉस्पिटल एक बेबी गर्ल को जन्म दिया। फैंस से लेकर सेलेब्स तक आलिया-रणबीर को पेरेंट्स बनने की शुभकामनाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर आलिया ने बेबी के आने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की। आलिया ने लिखा, 'हमारी जिंदगी की बेस्ट न्यूज आ गयी है।

### खूंटी पुलिस के दो अफसरों की मौत

**खूंटी।** जिला पुलिस के दो अफसरों के आकस्मिक निधन से खूंटी पुलिस मर्माहत है। एएसआई देवनंदन प्रसाद का हार्ट अटैक के कारण धनबाद में देहांत हो गया। वो छुट्टी समाप्ति के बाद खूंटी लौट रहे थे। वहीं सब इंस्पेक्टर रूपा सूंडी की मौत रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी।

### कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण, 9 घंटे पूर्व सूतक

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही 8 नवंबर को इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लग रहा है। चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण से 9 घंटे पहले से शुरू हो जायेगा। चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, जो शाम 6.20 बजे तक रहेगा। रांची में शाम 5:07 बजे से शाम 6:18 बजे तक, पटना में शाम 5:05 बजे से शाम 6:18 बजे तक देखा जा सकता है। इसे सावधानी पूर्वक सुरक्षित लेंस के जरिये देख सकते हैं। 8 नवंबर को चंद्र ग्रहण का सूतक सुबह करीब 8 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जायेगा और शाम 6 बजकर 20 मिनट तक चंद्र ग्रहण की समाप्ति तक रहेगा। कोलकाता में, चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से लगभग 4:52 बजे उदय होना शुरू हो जायेगा और 4:54 घंटे तक पूरी तरह से दिखाई देगा। इस काल में दान-पुण्य, नदियों में स्नान और विशेष पूजा व सावधानी आदि का प्रावधान है। रांची में चंद्र ग्रहण शाम 5:07 बजे से शाम 6:18 बजे तक है, ऐसे में यहां सूतक काल सुबह 8.53 बजे से लेकर सुबह 9.42 बजे तक का होगा।

## सतगुरु नानक प्रगट्या...



गुरुनानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व के पूर्व रविवार को नगर कीर्तन और शोभायात्रा में चलते पंज प्यारे। रातू रोड कृष्णानगर गुरुद्वारे से निकली शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शमिल थे। फोटो- समीर

# भारत सेमीफाइनल में 10 को इंग्लैंड से भिड़ेगा

## सूर्या की तूफानी पारी और राहुल का पचासा, जिम्बाब्वे 71 रन से हारा

**टी-20 वर्ल्ड कप**

**भारत ग्रुप टॉपर रहा**

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** आइसीसी टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा कर भारत सेमीफाइनल में पहुंच गया। इस जीत के साथ ही भारत अब 10 नवंबर को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में 9 नवंबर न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से होगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ रविवार को खेले गये मैच में टास जीत कर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव (नाबाद 61) और केएल राहुल (51) के अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 25 बॉल में 6 चौका, 4 छक्का उड़ते हुए तूफानी 61 रन की पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट



244 रहा। केएल राहुल ने भी 35 बॉल में 51 रन बनाये। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट शॉन विलियम्स ने लिये। भारत ने ग्रुप-2 में अपने 5 में से 4 मुकाबले जीते और 8 अंक के साथ नंबर-1 पर पहुंच गया। इस ग्रुप से क्वालिफाई करने वाली दूसरे टीम पाकिस्तान रही। उसके 5 मैच में 6 अंक हैं। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड पहले और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा। 187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिये। पूरी टीम 17.2 ओवर में 115 रनों पर सिमट गयी। अर्शदीप और भुवनेश्वर कुमार ने जिम्बाब्वे की शुरूआत जो बिगाड़ी टीम फिर उससे उबर नहीं सकी। जिम्बाब्वे के लिए सिकन्दर रजा ने 34 व रेयान बर्ल ने 35 रन बनाये। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 3,मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या ने 2-2 व भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया। कप्तान रोहित शर्मा 15 रन बनाकर आउट हो गये। विराट कोहली ने केएल राहुल का साथ निभाया और टीम का स्कोर 87 रन तक पहुंचाया। कोहली के आउट होने के कुछ देर बाद ही केएल राहुल 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद सिकन्दर रजा का शिकार बने। राहुल के बाद बल्लेबाजी करने आये पंत कुछ खास नहीं कर सके और केवल 3 रन बना सके।

(शेष पेज 11 पर)

### रेड और गलतबयानी पर भड़के कांग्रेसी विधायक

## एक करोड़ रोज कमाई की अफवाह घातक : अनूप सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के दो विधायकों प्रदीप यादव और जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने अपने यहां हुई आयकर की छापामारी को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। साथ ही एक करोड़ रोज की कमाई को बकवास बताते हुए अनूप सिंह ने कहा कि यह भविष्य में मेरे परिवार के लिए खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि खबर चलाया जाय लेकिन उसके तथ्य को भी जान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रामक खबर से मेरा परिवार आहत है। अनूप सिंह ने कहा कि आइटी अधिकारियों ने 2 दिनों तक उन्हें घर में कैद कर रखा। इससे न सिर्फ मुझे बल्कि बच्चों और पूरे परिवार को परेशानी हुई। वह तो जांच में सहयोग को तैयार हैं और कर भी रहे है। अनूप सिंह ने कहा कि जिस अजय सिंह के



यहां इनकम टैक्स ने छापा मारा है, उनसे उनका कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि रेड के दौरान एक करोड़ रोज की कमाई की जो बातें उड़ी, वह पूरी तरह निराधार है। रांची और बेरमो आवास से आइटी को मात्र 1 लाख 45 हजार रुपये मिले हैं। यह मैं नहीं बल्कि जो डाक्यूमेंट्स मुझे आइटी ने दिया है उसके आधार पर कह रहा हूं। अनूप सिंह रविवार को मीडिया से मुखातिब हुए और खुलकर अपनी बातें रखी। (शेष पेज 11 पर)

## खनन लीज मामले में आज फैसला संभव

**नयी दिल्ली।** सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े खनन पट्टा और शेल कंपनी मामले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में दायर स्पेशल लीव पिटिशन पर सोमवार को फैसला आ सकता है। पूर्व में अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के उपरांत सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा था कि झारखंड हाईकोर्ट में शिव शंकर शर्मा की तरफ से दो जनहित याचिका दायर की गयी हैं, जो भयादोहन के लिए किया गया है। शिव शंकर शर्मा के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस की तरफ से 50 लाख रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किये जाने का हवाला भी कपिल सिब्बल ने दिया था।

# झारखंड के 380 मिडल स्कूल फिर होंगे अपग्रेड

## शिक्षा मंत्री ने दी स्वीकृति, अगले सत्र से होगी पढ़ाई

**सुधीर**



**रांची।** झारखंड में 5 साल बाद राज्य के 380 माध्यमिक विद्यालयों को हाईस्कूल में अपग्रेड किया जा रहा है। स्कूली शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने सभी 380 स्कूलों को अपग्रेड करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अपग्रेड हाइस्कूलों में 2023-24 शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में वर्ष 2009-10 में मिडिल स्कूलों को हाइस्कूल में अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। वर्ष 2016-17 के बाद से यह प्रक्रिया बंद कर दी गयी थी। अब, 5 वर्ष बाद एक बार से राज्य के स्कूलों को अपग्रेड किया जा रहा है। जिन मिडिल स्कूलों को हाइस्कूल में अपग्रेड किया गया है, उनमें उत्कृष्ट विद्यालय के लिए चयनित स्कूल, प्रखंडस्तर के स्कूल और आदर्श विद्यालय के तहत चयनित 100 या उससे अधिक नामांकनवाले स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा अनुशंसित 109 और शिक्षा मंत्री के निर्देश के आलोक में अपग्रेड किये गये 24 स्कूल भी शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

### बेटियों को मिलेगी दूर जाने से राहत

राज्य की बेटियां निजी स्कूलों के साथ-साथ राज्य के सरकारी स्कूलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। परंतु घर से स्कूल की दूरी ज्यादा होने के कारण उनके अभिभावक स्कूल जाने से मना कर देते हैं। नतीजा राज्य की बेटियां चाहकर भी अपनी पढ़ाई पूरी कर नहीं पाती है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इसे गंभीरता से लिया है। यही कारण है कि सरकार में राज्य के 380 मिडिल स्कूलों को अपग्रेड कर हाई स्कूल में तब्दील करने का निर्णय लिया है, ताकि राज्य की बेटियों को पढ़ाई करने के लिए दूसरे गांव न जाना पड़े।

## 10 को कैबिनेट में दर्जन भर प्रस्तावों को मंजूरी संभव

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 10 नवंबर को होनीवाली बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मिलेगी मंजूरी संभव है। बैठक दिन के दो बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है और सभी विभागों को पत्र लिखकर कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव रखने के लिए संलेख उपलब्ध कराने को निर्देश दिया है। सभी विभागों से समय रहते संलेख उपलब्ध कराने को कहा गया है। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के कंट्रैक्ट कर्मियों के नियमितीकरण के लिए पॉलिसी लाने पर निर्णय लिया जा सकता है। हाल में राजस्थान सरकार ने भी इस तरह की एक नीति लागू किया है। उसी तर्ज पर झारखंड में भी संविदा कर्मियों को नियमित करने पर निर्णय हो सकता है। कैबिनेट बैठक में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों के डीए वृद्धि पर भी निर्णय हो सकता है। इसके अलावा राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर को मुख्यमंत्री नयी योजनाओं की घोषणा करेंगे। इसलिए यह संभव है कैबिनेट से पहले उसकी मंजूरी ली जाये। कैबिनेट में इसके अलावा सड़क निर्माण सहित एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों की मंजूरी दी जायेगी। कैबिनेट की बैठक 11 नवंबर को विधानसभा को एक दिन का विशेष सत्र बुलाने की भी मंजूरी दी जायेगी। इस दिन झारखंड की नई स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पर चर्चा करायी जायेगी।

# दिल्ली तक पहुंचेगी हल्ला बोल राजनीति की गूंज

## सत्तापक्ष का हल्ला बोल जारी, भाजपा का भी आज से धरना प्रदर्शन

**उदय चौहान**

**रांची।** अब झारखंड की राजनीति ने अलग राह पकड़ ली है। इडी-आइटी की रेड के बाद पक्ष-विपक्ष ने अपने-अपने तरीके से आंदोलन की घोषणा की है। दोनों पक्ष एक-दूसरे को गलत बताते हुये हल्ला बोला है। सत्ताधारी कांग्रेस-झामुमो ने इडी-आइटी के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। केंद्रीय संस्थानों के दुरूपायोग के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी का एलान कर दिया है। झारखंड से लोहा, कोयला आदि खनिज बाहर ले नहीं जाने देने की चेतावनी दी है।

वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार के खिलाफ सात से 13 नवंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोलने का प्रोग्राम तय किया है।

**सत्तारूढ़ दल का आक्रामक रूख :** सत्तारूढ़ दल झामुमो, कांग्रेस और राजद में आक्रामक रूख अख्तियार किया है। सत्तारूढ़ दल इसे भाजपा का साजिश बताकर इसके विरोध में शनिवार को राज्यभर में धरना पर बैठे। आगे भी भाजपा व केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला जायेगा। सीएम ने केंद्रीय संस्थानों के तथाकथित एकतरफा कार्रवाई के बाद ताबड़तोड़ फैसला लिया है। इसी के तहत दस नवंबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है।

इसमें 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति व ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत समेत अन्य प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार, 11 नवंबर को विशेष सत्र बुला कर अपने कोर वोटर्स को रिझाने के लिये अहम प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। सीएम के फैसले व झामुमो-कांग्रेस के हल्ला बोल की गूंज तो दिल्ली तलक पहुंचेगी। (शेष पेज 11 पर)

### विपक्ष भी आंदोलन की तैयारी में

भाजपा ने सत्तारूढ़ दलों के धरने पर कसा तंजा है और कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन से सत्ताधारी दलों को भाजपा जवाब देगी। भाजपा कार्यकर्ता- नेता राज्यभर में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर हेमंत सरकार के खिलाफ के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। भाजपा ने सत्तारूढ़ दलों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी और अपने के खिलाफ किए जा रहे प्रदर्शन को हास्यास्पद बताया है। पार्टी प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि इससे जांच एजेंसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वो अपने विवेक से काम करेगी। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दलों के दबाव में केंद्रीय एजेंसी नहीं आने वाली है। वो अपना काम करती रहेगी। खनन मामले में फैसला राज्यपाल को लेना है।

## बूढ़ा पहाड़ पर फिर मिले अनेक सिलेंडर बम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने रविवार को बूढ़ा पहाड़ के जोकपानी जंगल के पास से भारी मात्रा में आइइडी बम, हथियार एवं गोला-बारूद सहित काफी मात्रा में अन्य सामग्री बरामद की है। ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। ये सफलता कोबरा 203 बटालियन को नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान हाथ लगी। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। जानकारी के अनुसार रविवार को सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक साथ एक ही जगह पर छुपा कर रखे गए 138 आइइडी बम मिले। झाउल डेरा नामक स्थल पर कोबरा बटालियन का अस्थाई कैंप बना हुआ है। नक्सली अपने सुरक्षित ठिकाने को छोड़कर बूढ़ा पहाड़ से भाग निकले हैं। उनके बेस कैंपों को ध्वस्त करते हुए उनके द्वारा छोड़े गए बम-बारूद एवं हथियार बरामद कर उनके सुरक्षित ठिकाने को अपने कब्जे में किया जा रहा है। रविवार को बरामद सामग्री में 17 तैयार सिलेंडर आइइडी बम।

## प्रवक्ता मिसफिका हसन ने केंद्रीय संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप निराधार बताया

# केंद्रीय एजेंसियों पर गलत बयानी के लिए सीएम माफी मांगें: भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता मिसफिका हसन ने मुख्यमंत्री से केंद्र की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लगातार गलत बयानी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। वह रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भाजपा का स्टीकर लगी गाड़ी से आयकर की टीम द्वारा छापामारी का आरोप लगाया है, जो पूरी तरह से निराधार है। सीएम के शब्दों से भाजपा का हर सदस्य आहत हुआ है। संबंधित वाहन चालक ने खुद सामने आकर सारी स्थिति स्पष्ट कर दी है। राजनीतिक प्रतिद्वंदता अपनी जगह है लेकिन, सीएम जैसे एक जिम्मेवार और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा बिना तथ्य जाने सार्वजनिक मंच से बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीएम को सभी संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। जिस मंच से उन्हें राज्य की सवा तीन करोड़ की जनता के विकास और तरक्की की बात कहनी चाहिए, वहां से वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम को बड़ा दिल दिखाते हुए गलतबयानी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### 7 से 13 नवंबर के कार्यक्रम के लिए नेताओं की जिम्मेदारी तय

मिसफिका हसन ने कहा कि भाजपा राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन सात नवंबर से शुरू कर रही है। जल जंगल जमीन के सवाल पर, खनिज संपदाओं की लूट के विरोध सहित तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर 7 से 13 नवंबर तक प्रखंड स्तर पर प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 263 प्रखंडों में पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश 7 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड में, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी रांची के कांके और गिरिडीह के गांडेय, बेंगाबाद, तिसरी एवं धनवार में अलग-अलग दिन आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला में, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू खलारी में, महामंत्री बालमुकुंद सहाय नगड़ी और सिमडेगा में, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा राहे में, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव लोहरदगा जिले के कैरो में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा जिला के जयनगर और गिरिडीह में, पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री मेयर आशा लकड़ा गुमला प्रखंड में आंदोलन की नेतृत्व करेंगी। इस दौरान योगेंद्र प्रताप सिंह और तारिक इमरान भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि 3 सालों में झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। जनप्रतिनिधि और नेता अपने अपने जिले में प्रशासन की मिली भगत से अवैध धंधे को संचालित कर रहे हैं। राज्य में आर्थिक अपराध चरम पर है। खुलेआम बालू पत्थर की लूट की जा रही है। केवल साहिबगंज में ही 1000 करोड़ का घोटाला सामने आया है। दुखद है कि सीएम तमाम मुद्दे पर मौन हैं। जब स्वतंत्र एजेंसियां इस पर लगाम लगाती है तो सीएम भी इसपर बयानबाजी करने लग जाते हैं। सीएम जब ईमानदार हैं तो फिर डर किस बात का है। अब तक 5000 बहू बेटियों की इज्जत लूटी गई है।

## स्थानीय नीति के लिए 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 को भी आधार बनाया जाये : राजेंद्र प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी को 36% आरक्षण देने और 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर स्थानीय नीति को परिभाषित करने की मांग को लेकर लगातारआंदोलनरत है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कही। श्री प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने ओबीसी की आरक्षण को 27% करके पहले की स्थिति में लाने का प्रयास किया है। उन्होंने सरकार के इस पहल की सराहना की। ओबीसी को 27 % आरक्षण दिए जाने पर पर सवाल भी खड़ा करते हुए कहा कि जब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जातियों की आबादी को देखते हुए कम से कम ओबीसी को 36% आरक्षण देने और तमिलनाडु सरकार की तरह 50% आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार के पास भेज दी है वैसे में आयोग की अनुशंसा को दरकिनार कर 27% आरक्षण की बात क्यों की जा रही है। श्री प्रसाद ने कहा कि आयोग एक वैधानिक व संवैधानिक संस्था है और सरकार को इसका सम्मान करना नैतिक जिम्मेदारी है।

श्री प्रसाद ने कहा कि पिछड़ी जातियों के आरक्षण में यह ध्यान रखा जाये कि राज्य के 7 जिलों खूंटी, सिमडेगा, गुमला, दुमका, चाईबासा, लातेहार में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। इन जिलों में पहले आरक्षण रोस्टर में सुधार हो और नहीं तो ओबीसी को इन जिलों में आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा। बताया कि ओबीसी जातियों का सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक स्थिति की पहले सर्वेक्षण और जनगणना करायी जाए ताकि न्यायालय में ओबीसी आरक्षण को कोई चुनौती ना दे सके। प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि आबादी के अनुसार आरक्षण हो सकता है। इसके लिए ओबीसी का डेटा होना आवश्यक है। श्री प्रसाद ने कहा कि पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिए बिना पंचायत चुनाव कराने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

स्थानीय नीति को 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 को भी आधार बनाने का सरकार को सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास खतियान नहीं है तो 1951 की जनगणना को आधार बनाने और ग्राम प्रधान ग्राम सभा के द्वारा पहचान को भी आधार बनाया जाए। मौके पर डॉ राम प्रसाद, महेंद्र ठाकुर, रविंद्र कुमार, विशाल कुमार सिंह, ब्रज भूषण पाठक, मो. हुसैन अंसारी, इरफान अंसारी, गौरव अग्रवाल, अमित सिंह आदि थे।

## 11 नवंबर को सरना धर्म कोड मांग को लेकर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में सरना धर्म कोड मांग को लेकर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने को लेकर रविवार को प्रधान कार्यालय डैम पार्क कांके रोड में बैठक हुई। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करना और इसे राजनीति की संज्ञा देना सही नहीं है। आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड नाम पर आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक मान्यता के प्रयास का स्वागत करते हैं, क्योंकि हम सबका लक्ष्य एक है। सरना से आदिवासी पूजा स्थल का बोध होता है, तो उसके नाम पर धर्म के नाम से क्या गलत है।

केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति, राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के सहयोग से भारत सरकार को विचार और फैसला के लिए मजबूर करने के लिए 11 नवम्बर 2022 को संविधान क्लब दिल्ली में प्रतिनिधि सभा और 12-11-2022 को जंतर मंतर दिल्ली में महाधरना दिया जायेगा। इसका तैयारी जोरों से चल रही है। अगर केंद्र सरकार जल्द फैसला नही लेती है और वार्ता का दरवाजा नही खोलती है तो वृहद जनजागरण अभियान चलायेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से महादेव उरांव, मंगल उरांव, संगीता गाड़ी, सती तिर्की, कुईली उरांव, अनिता उरांव, मीणा देवी, बसंती कुजूर, भानू उरांव , मनोज उरांव, गुड्डू उरांव, कुलदीप उरांव, बितो तिर्की, अनिमा खड़िया, अन्नु मुंडा, शोमा तिर्की, सिटीयो उरांव इत्यादि शामिल थे।

## रांची, आदित्यपुर, गिरिडीह और हजारीबाग में भी चुनाव लड़ेगी एनपीपी

**रांची।** नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति बैठक प्रदेश कार्यालय में रविवार को हुई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार ने कहा रांची नगर निगम चुनाव के साथ आदित्यपुर, हजारीबाग और गिरिडीह चुनाव में भी पार्टी के पदाधिकारी चुनाव में हिस्सा लेंगे। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा शहर के 53 वार्ड में कमेटी बनाने का कार्य शुरू हुआ है। जल्द ही बूथ स्तर पर बनाया जाएगा। पार्टी सड़क बिजली पानी के साथ सहरी रोजगार के विषय में चुनाव लड़ेगी। रांची शहर में बेहदशा टैक्स वृद्धि पर अंकुश लगाने का कार्य करेगी ताकि आम जनों को इसका लाभ मिले। शहर में विवादित जमीनों का ट्रिब्यूनल के आधार पर न्यायालय की मांग करेगी, ताकि समस्या कम से कम हो।

## तुष्टिकरण की राजनीति न करे राज्य सरकार : दीपक प्रकाश

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पांडू के महादलित परिवारों ने मुख्यमंत्री को दिखाया आईना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य सरकार तुष्टिकरण की नीति से बाज आये। श्री प्रकाश ने कहा कि पलामू जिलांतर्गत पांडू प्रखंड के मुरु मातु गांव से जबरन उजाड़े गए महादलित मुसहर परिवारों को दूसरे गांव में जमीन पट्टा की घोषणा करना कतई बर्दाश्त लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व पलामू में पांडू के मुरुमातु गांव में कई पीढ़ियों से निवास कर रहे महादलित समाज के 42 मुसहर परिवार निवास को अल्पसंख्यक समुदाय के दबंगों ने उजाड़ दिया था। इस पर राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती रही। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन हर किसी को प्यारी होती है। महागठबंधन सरकार में गरीबों, दलितों की जमीन लगातार छीनी जा रही है।

उन्होंने कहा कि महादलित परिवार हर हाल में अपने पुश्तैनी गांव में ही रहना चाहता है लेकिन यह सरकार उन्हें वोट बैंक के दबाव में विस्थापित रखना चाहती है। मुख्यमंत्री ने विस्थापितों को दूसरे गांव में बसने का पट्टा देकर यह साबित कर दिया कि राज्य सरकार दलितों की नहीं दबंगों की हितैषी है। उन्होंने कहा कि भाजपा घटना के दिन से ही दलितों के साथ खड़ी है। उन्होंने दलित परिवार द्वारा पट्टा वापस करने की घोषणा पर कहा कि महादलितों ने सरकार को आईना दिखाया है। सरकार का दलित विरोधी चेहरा उजागर किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम बस एक ढोंग है।

## पूर्णिया कोर्ट और धनबाद इंटरसिटी एक्स. समेत चार ट्रेनें झालिदा स्टेशन पर रुकेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पैसेंजर्स को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे की ओर से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। प्रायोग के तौर पर कई स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज भी बढ़ाई गई हैं। इससे अगर रेलवे को फायदा होगा तो इन ट्रेनों का स्टॉपेज और समय के लिए बढ़ा दिया जाएगा। फिलहाल रेलवे ने झालिदा स्टेशन पर चार ट्रेनों को 6 महीने का स्टॉपेज दिया है, जिससे कि झालिदा स्टेशन पर आने वाले पैसेंजर्स को बड़ी राहत मिलेगी। इन ट्रेनों में ट्रेन संख्या 18626/18625 हटिया पुर्णिया कोर्ट हटिया एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13304/13303 रांची धनबाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल है जो झालिदा स्टेशन में 06-11-2022 से 05-05-2023 तक, 6 महीने के लिए प्रयोगिक तौर पर रुकेगी।

**इस समय होगा स्टॉपेज**

- ट्रेन संख्या 18626 हटिया पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का झालिदा स्टेशन पर आगमन 07:54 बजे एवं प्रस्थान 07:56 बजे होगा
- ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का झालिदा स्टेशन पर आगमन 18:51 बजे एवं प्रस्थान 18:53 बजे होगा
- ट्रेन संख्या 13304 रांची धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का झालिदा स्टेशन पर आगमन 20:40 बजे एवं प्रस्थान 20:42 बजे होगा
- ट्रेन संख्या 13303 धनबाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का झालिदा स्टेशन पर आगमन 07:58 बजे एवं प्रस्थान 08:00 बजे होगा

## मौजूदा नियमावली में परिवर्तन करने के बाद ही परीक्षा ले सरकार : मोर्चा

### शिक्षा मंत्री से मिले राज्य सहयोगी-सामुदायिक सहायक अध्यापक मोर्चा के सदस्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से रविवार को झारखंड राज्य सहयोगी/ सामुदायिक सहायक अध्यापक मोर्चा के सदस्य विनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में भंडारीदह स्थित आवास पर मिले। मंत्री ने उन्हें वार्ता के लिए अपने पैतृक अवास पर बुलाया था। इस दौरान शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने विनोद बिहारी से स्पष्ट शब्दों में कहा कि कैबिनेट की बैठक के बाद आप से सहमति लेकर सारी समस्याओं का समाधान करते हुए लागू करूंगा। शिक्षा मंत्री ने श्री बिहारी को अपने मोर्चा के अन्य सदस्यों के साथ बात कर सहमति प्राप्त करने का विचार प्रकट किया है। विनोद बिहारी को शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया है कि आम सहमति के बाद आप जो कहेंगे, वही करेंगे। इस मामले को लेकर जल्द बैठक बुलाने की बात भी मंत्री ने कही। विनोद बिहारी ने शिक्षा मंत्री से कहा कि 15 नवंबर के बाद बहाली के लिए अधिसूचना जारी करने की बात कही जा रही है। लेकिन इसके लिए जो परीक्षा ली जाएगी, वह कठिन होगा। उन्होंने वर्तमान नियमावली में परिवर्तन करने के बाद ही परीक्षा लेने की मांग की। श्री बिहारी ने शिक्षक नियुक्ति में कायार्नुभव के आधार पर वेटेज देने का भी प्रस्ताव मंत्री के सामने रखा।

उन्होंने नियुक्ति परीक्षा में मैट्रिक स्तर का प्रश्न पूछे जाने का भी मांग की है। श्री बिहारी ने मंत्री से तर्क देते हुए कहा कि शिक्षकों पर वर्क लोड काफी बढ़ गया है। उन्हें भी घर चलाने की चिंता है। बीमारी आदि को झेलते हुए उम्र के अंतिम पायदान में शिक्षक परीक्षा पास करना भी एक चुनौती है।

## राजद युवा मोर्चा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी पर दिया जोर

**दिलीप सिंह को रांची जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष किया मनोनीत**

**कार्यकर्ताओं को भावी प्रत्याशी लिखने को लेकर दी चेतावनी**

**13 नवंबर को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश, जिला और महानगर की होगी बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश मुख्यालय में युवा मोर्चा की बैठक हुई। इस दौरान सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बता दें कि 13 नवंबर को युवा मोर्चा ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश, जिला और महानगर की बैठक बुलाई गई है। बैठक में जिला से लेकर बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान पर चर्चा की जाएगी। इसी के साथ संगठन से युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बैनर, पोस्टर और व्हाट्सएप में भावी प्रत्याशी नहीं लिखने को लेकर कार्यकताओं को चेतावनी दी है।

**गांव तक ले जाएंगे आरजेडी की विचारधारा : रंजन यादव**

आरजेडी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि आने वाले समय में राजद की विचारधारा को गांव तक ले जाने का निर्णय लिया गया है। हमारे युवा नेता तेजस्वी यादव के कामकाज से झारखंड के युवाओं को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार झारखंड के सभी जिलों में है। इसी को ध्यान में रखते हुए 24 जिलों का दौरा किया जाएगा। साथ ही बूथ कमेटी बना कर अगेल चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश युवा मोर्चा के कार्यकताओं को देना है।

रंजन यादव ने कहा कि प्रदेश से प्रखंड तक सभी पदाधिकारी जनता की समस्याओं को समाधान के लिए पहल करें। साथ ही इसका प्रतिवेदन हर माह प्रदेश कार्यालय में लिखित रूप से जमा करेंगे। सभी घरों में राजद का झंडा लगाने का अभियान चलाया जाएगा।

## जमशेदपुर की नौवीं कक्षा की छात्रा रितु मुखी को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन

# राज्य में अनुसूचित जाति के साथ हो रहा है घोर अन्याय : डॉ रीझू नायक




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य घासी समाज संघ के बैनर तले जमशेदपुर की नवम क्लास की स्व छात्रा रितु मुखी को न्याय दिलाने के लिये एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। इसका नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रिझू नायक ने की। यह आयोजन मोराबादी स्थित बापू बाटिका से शुरू होकर राजभवन के समक्ष संपन्न हुआ। स्व रितु मुखी की आत्मा की शांति के लिए 3 मिनट का मौन रखा गया।

मौके पर डॉ नायक ने शासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मानवीय संवेदना की कमी है। उन्होंने कहा कि स्व रितु मुखी के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी नहीं देना अनुसूचित जातियों के साथ घोर अन्याय है। उनके परिजनों को मात्र 50,000 हजार रुपये और आउट सोर्सिंग में नौकरी दिलाने की घोषणा छलावा है। पद्मश्री मुकुन्द नायक ने कहा कि शिक्षक के द्वारा मासूम छात्रा के साथ किया गया वर्ताव काफी निंदनीय है। शिक्षिका की गलती के चलते समाज ने एक होनहार बेटी को खो दिया। पद्मश्री नायक ने कहा कि इस बात की शिकायत वे स्वयं राष्ट्रपति से मिलकर करेंगे।

मौके पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम पर मेमोरेंडम सौंपा गया। दोषी शिक्षिका चन्द्रा दास पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में लाकर आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ पीड़ित शोषित परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की गयी है। इस अवसर पर राजेश नायक, राजन नायक, दिवाकर नायक, लालधन नायक, राजेन्द्र नायक, रंजीत नायक, सुदर्शन नायक, जगु नायक, किरण नायक आदि उपस्थित थे।

# दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला, बादल छंटते बढ़ेगी ठंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 12 नवंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध रहेगा। इसके बाद आसमान साफ और मौसम के मुख्यतः शुष्क रहेगा। हालांकि 7 नवंबर से लेकर 12 नवंबर तक बारिश की भी संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में झारखंड में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज का रहा, जबकि सबसे कम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस खूंटी में दर्ज किया गया।

**मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के आसार** : मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 7, 8 व 9 नवंबर की सुबह कोहरे की धुंध रहेगी और बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। वहीं 10 नवंबर को सुबह में कोहरा या धुंध की संभावना है। बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। इधर 11 नवंबर को सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। वहीं 12 नवंबर को सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ और मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**ऐसा रहेगा तापमान** : पूवार्नुमान के अनुसार 7 नवंबर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री से., न्यूनतम तापमान 17 डिग्री से., 8 नवंबर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री से. व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से., 9 नवंबर को अधिकतम तापमान 28 डिग्री से. एवं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से. एवं 10 नवंबर को अधिकतम तापमान 28 डिग्री से. एवं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से. रहने का अनुमान है।

## जिला मुख्यालयों में आज जलायेंगे सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति

# स्थापना दिवस पर मोरहाबादी में जुटेंगे टेट पास पारा शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ झारखण्ड प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी की मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने की। निर्णय लिया गया कि सरकारी शिक्षक के पद पर सीधे समायोजन की मांग को लेकर राज्य भर के टेट पास पारा शिक्षक 15 नवंबर को झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे। इससे पूर्व टेट पास पारा शिक्षकों के सीधे समायोजन की मांग को लेकर 8 नवंबर मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति जलाते हुए समायोजन को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से उपायुक्त को मांग पत्र सौंपेंगे। फिर 13 नवंबर रविवार को सभी जिलों में झामुमो, कांग्रेस और राजद कार्यालयों का घेराव करेंगे। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो 15 नवंबर को झारखण्ड स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर टेट पास पारा शिक्षक न्याय की गुहार लगाने की तैयारी करेंगे। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महासचिव मोहन मंडल ने कहा कि हर योग्यता रखने के बावजूद समायोजन नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की लगातार वादाखिलाफी से हम अजीज आ चुके हैं। अब हमारा सब्र टूट चुका है। अपनी मांगों को लेकर हम बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने राज्य भर के टेट पास पारा शिक्षकों से अपील की है कि एकजुट होकर आंदोलन के लिए तैयार रहें। हमारा समायोजन होकर रहेगा। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी कुणाल दास, मीना कुमारी, संजय मेहता, मिथिलेश उपाध्याय, रविशंकर ठाकुर, अनादि कुमार मंडल, महेश मेहता, बप्पादित्य घोष, चंदन ठाकुर, रामदयाल महतो, अरविंद कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज



## आनंद मार्ग सोनारी में 80 लोगों की आंखों की जांच, बंटे 80 पौधे

फोटो आनंद मार्ग, कैप्सन : नेत्र जांच करती विशेषज्ञ।

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से सोनारी कबीर मंदिर के पास मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 80 से भी ज्यादा लोगों के आंखों का जांच हुआ और उन लोगो के बीच लगभग 80 से भी ज्यादा फलदार पौधों का वितरण किया गया जिसमें कटहल ,जामुन, आंवला, अमरूद ,काजू तथा अन्य तरह के पौधे भी 8 नवंबर को 30 चयनित मोतियाबिंद रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय में ऑपरेशन निशुल्क कर लेंस लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुधीर आंनद, रूपा देवी, विनय सिंह एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा

## मदरसा दारुस सलाम के बच्चों के बीच बिस्कुट का वितरण

**जमशेदपुर।** पीराने पीर दस्तगीर हजरत गौस आजम र. के उर्स पर यूनाइटेड बॉयज क्लब एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अशफाक आलम द्वारा मदरसा दारूस सलाम आजादनगर के बच्चों के बीच बिस्किट का वितरण किया गया। इस मौके पर मदरसा के अध्यक्ष हाजी डा. नूरजमा खान , सचिव हाजी अशरफ अली , उपाध्यक्ष शाकिर अजीमाबादी , अबुल कलाम आजाद , शिक्षक हाफिज जलालुद्दीन , हाफिज शरफुद्दीन , मौलाना बशीर आलम फैजी , मौलाना हामिद रजा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मदरसा के अध्यक्ष डा.नूरजमा खान ने कहा कि वलियों के वली गौस आजम के उर्स के अवसर पर सोसाइटी ने मदरसा के असहाय छात्रों के बीच बिस्किट का वितरण कर सराहनीय कार्य किया है क्योंकि बिस्किट पा कर मदरसा के नन्हे बच्चों के चेहरे पर जो चमक देखी गई गौसपाक के लिए इस से सच्ची श्रद्धांजलि नही हो सकती।

## श्री राणी सती दादी का 23वां मंगसीर नवमी महोत्सव 17-18 को

**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा श्री राणी सती दादी जी का 23वां दो दिवसीय श्री मंगसीर नवमी महोत्सव का आयोजन आगामी 17-18 नवम्बर (गुरूवार एवं शुक्रवार) को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गयी हैं। महोत्सव की तैयारी को लेकर जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी के प्रथम तल्ले पर अस्थायी कार्यालय खोला गया हैं। महोत्सव को सफल बनाने हेतु समिति की एक बैठक संस्था के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन गुरुवार 17 नवंबर को सुबह 8 बजे से कलश शोभा यात्रा राणी सती दादी मंदिर से निकलेगी। शोभा यात्रा जुगसलाई के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस दादी मंदिर आकर संपन्न होगी। इसी दिन शाम 7 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन रंगलाल मैरिज हाऊस जुगसलाई में होगा जिसमें हैदराबाद की भजन गायिका प्रियंका गुप्ता, कोलकाता के भजन गायक आयुष त्रिपाठी और जमशेदपुर की नेहा कौर भजनों की अमृतवर्षा करेंगें। दुसरे दिन शुक्रवार 18 नवंबर को दोपहर 230 बजे से सामूहिक मंगल पाठ रंगलाल मैरिज हाऊस जुगसलाई में होगा। मंगलपाठ वाचन हेतु कोलकाता से मंगलपाठ वाचिका मनीषा भार्गव आ रही हैं।

# जेल जाने को उतावले ना हों विधायक, सीएम जांच की अनुमति दें : देवेंद्र सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते देवेंद्र प्रसाद सिंह। साथ में गूंजन यादव, राकेश सिंह व प्रेम।

**जमशेदपुर।** एक कहावत है- कंबल ओढ़ कर घी पीना। झारखंड के एक महाशय हैं, जिन्हें ईमानदारी का कंबल ओढ़ कर घी पीने में महारत हासिल है। वे हैं राज्य के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं जमशेदपुर के वर्तमान विधायक सरयू राय। भारतीय जनता पार्टी की महानगर ईकाई अपने प्रेस कांफ्रेंस, ज्ञापनों आदि के माध्यम से राय महाशय के द्वारा किये गये घोटाले का पदार्फाश करती रही है। तथा उनके घोटालों की जांच कर उन पर कार्रवाई की मांग करती रही है। भाजपा ने उनके खिलाफ जो भी आरोप लगाये हैं वो तथ्यों पर आधारित है। कोरे आरोप नहीं है।

उपरोक्त बातें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह ने कही। वे रविवार को पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सरयू राय के मंत्रीत्वकाल में 'आहार पत्रिका' के प्रकाशन तथा आउट बाउंड डायलिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की शिकायत के आलोक में एसीबी द्वारा निगरानी से जांच की अनुमति मांगने पर प्रेस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद थे।

देवेंद्र सिंह ने कहा कि 15 दिनों के भीतर यदि एसीबी को जांच करने की अनुमति नहीं दी जाती है तो भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर आंदोलन का मार्ग प्रशस्त करेगी। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने ईडी से मांग की है कि अधिवक्ता राजीव कुमार के मामले में जो जांच चल रही है, उसमें सरयू राय की भूमिका की भी जांच की जाये। सरयू राय को पता है कि राजीव कुमार ने मुंह खोल दिया तो उनका हश्र क्या होगा। गुंजन यादव ने राजीव कुमार और सरयू राय के कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट की गहन जांच की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि जांच हुई तो इस राज्य के ब्लैकमेलिंग के कई नये मामले सामने आयेंगे।

## भाजपा बारीडीह मंडल हेमंत सरकार के खिलाफ चलायेगी विरोध अभियान



**जमशेदपुर।** भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर के अध्यक्षता में शनिवार को दस नम्बर बस्ती स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल भवन में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था एवं विफलताओं को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई जिसमे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव , कमलेश सिंह ,जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह ,काजू सांडिल , बिनोद सिंह , नीलू झा , कुमार अभिषेक , मीरा झा , प्रमिला साहू , पंकज प्रिय , विकेश सिंह , प्रवीण सिंह , विजय साहू , राजेश रजक, ऋषिकेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, कंचन दत्ता, रूपा देवी, पिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।

# मुस्लिम बस्ती में अहले सुबह गोली मार कर हत्या

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

आदित्यपुर

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत और जमशेदपुर की सिस्टर सिटी आदित्यपुर क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दागी साबिर हुसैन की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली मारने वाले युवक की पहचान बस्ती के ही मो. कलीम के रुप में हुई है। पुलिस कलीम को गिरफ्तार करने के लिए जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक आदित्यपुर थाना क्षेत्र के मुस्लिम बस्ती आई रोड में रविवार की सुबह 7 बजे चाय पीने आए ड्रग पैडलर डॉली परवीन का भाई साबिर हुसैन को बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। चार की संख्या में आए बदमाशों ने हत्या की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए है। मृतक साबिर का भी अपराधिक इतिहास रहा है।

घटना की जानकारी मिलने का बाद आदित्यपुर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मुस्लिम बस्ती पहुंचे। और मामले की तफ्शीश की। पूरी मुस्लिम बस्ती में पुलिस का सर्च अभियान चल रहा हैं। आपसी वर्चस्व को लेकर हत्या की यह घटना घटी है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो चाय पी रहा साबिर अपने दुश्मन कलीम और उसके साथियों को देख भागने का प्रयास किया लेकिन बदमाशो ने साबिर को दौड़ाकर गोली मार दिया। पुलिस ने मौके से साबिर का बुलेट मोटरसाइकिल और चार खोखा बरामद किया हैं। आदित्यपुर पुलिस के अनुसार साबिर हुसैन भी दागी है। कुछ माह पूर्व ही उसने कलीम पर गोली चलायी थी जिसमें वह घायल हो गया था।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्रा शालिनी गौतम का झारखंड छात्र संसद के लिए चयन

➲ कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता ने दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता ने द्वितीय झारखंड छात्र संसद के लिए चयनित छात्रा शालिनी गौतम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्राओं का होलिस्टिक विकास हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पाठ्यक्रम के अलावा इस तरह की गतिविधियों में भी छात्राएं बिना किसी बाधा के आगे बढ़कर शामिल हों, इसके लिए एक लचीली व्यवस्था बनाई जा रही है। कोशिश है कि वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्राएं झारखंड और देश की यूथ आईकॉन बनें। छात्र युवा संसद में राज्य भर के उच्च शिक्षण संस्थानों के 24 प्रतिनिधियों का चयन ऑनलाइन कान्फ्रेंस के जरिये विधानसभा के विशेषज्ञ पैनल द्वारा किया गया है। इन सभी को प्रशिक्षण के बाद झारखंड विधानसभा में एक दिन मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित विभिन्न भूमिकाओं में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। प्रतिभागीगण वास्तविक विधायी प्रक्रिया से गुजरने का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

## एक नजर में

### मायुमं सुरभि शाखा में मना दीपावली मिलन समारोह



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा रविवार को साकची स्थित एक होटल में दिपवाली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया श। शाखा सदस्यों द्वारा पूरे साल नि:स्वार्थ भाव से कार्य किया जाता है इसी ऊर्जा को बनाए रखने हेतु मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए खूब मस्ती की। समारोह में 70 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने काफी उत्सुकता के साथ म्यूजिकल चेयर फौजी आदि गेम खेले और साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्षा उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष निलम देबूका आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### श्री राममंदिर समिति ने मनाया टेल्को का मिलन समारोह




**जमशेदपुर।** श्री राम मंदिर समिति, टेल्को का स्नेह मिलन समारोह (दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ) रविवार को राममंदिर स्थित ज्ञान मंडप सभागार में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। यह आयोजन राममन्दिर समिति के महामंत्री चंद्रभान प्रसाद सिंह की देखरेख में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स के वरीय प्रबंधक सह राममन्दिर समिति के अध्यक्ष मानस मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी, हेडक्वार्टर-2 कमल किशोर सिंह, केदारमल पलसानिया, एस के खेमानी, राजेंद्र सिंह, सिद्धेश सिंह, संजय पलसानिया, अनूप सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। सभी अतिथियों का स्वागत मंदिर समिति द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। सभी उपस्थित लोगों का स्वागत मंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह ने किया। इस आयोजन में दुर्गा पूजा से संबंधित आय-व्यय की चर्चा महामंत्री चंद्रभान सिंह ने प्रस्तुत की तथा पूजा में सहयोग करने के लिये सभी प्रतिनिधियों व सदस्यों को बधाई दी। पूजा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने पर सदस्यों को प्रोत्साहना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आयोजित भोज का लुत्फ उठाया। मौके पर राममंदिर समिति के सभी प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे। इस स्नेह मिलन समारोह को सफल बनाने में चंद्रभान सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार सिंह (हैप्पी), नंदलाल सिंह, बबन पांडेय, राजेश भोजपुरिया, वेंकट राव, राकेश सिंह, कमलेश्वर सिंह, सुधीर कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, मनोज कुमार आदि लगे रहे।

### 11 को भाजपा का प्रखंड मुख्यालय पर हल्लाबोल



**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के सूचकांक में अव्वल स्थान बनाने को आतुर है, प्रदेश सरकार की इन शर्मनाक करतूतों से पूरे देश में झारखंडी अस्मिता को चोट पहुंच रही है सरकार ने वादों के नाम पर केवल जनता के साथ छलावा किया है बेरोजगारी भत्ता, पेंशन, नौकरी की धोखाधड़ी से संबंधित वादों को सरकार भूल गई है। उक्त बातें भाजपा मानगो मंडल के प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने भाजपा मानगो मंडल के द्वारा साउथ प्वाइंट स्कूल में संध्या 4 बजे बैठक में कही। झारखंड प्रदेश के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि आज पूरे क्षेत्र में युवाओं को एक अदृश्य शक्ति ने कब्जा कर के रखा है जिसमें सारी शक्तियां मिलकर युवाओं को नशे का आदि बना रही है एवं पंजाब की तर्ज पर झारखंड को भी नशा में झोंकने का कार्य किया जा रहा है इसके सरकार एवं प्रशासन अधिकारी की नजर नहीं है और हमारे देश और राज्य का युवा गलत राह पर जा रहा है। अन्य वक्ताओं में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडे ने भी अपने उद्बोधन रखें। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ राजीव कुमार ने भी अपने संबोधन से सभी का मार्गदर्शन किया।

### 17 को जिला मुख्यालय पर आजसू देगी महाधरना



**जमशेदपुर।** 6 सितंबर को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक कदमा स्थित मंगल सिंह अखाड़ा में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार ने सिर्फ राज्य के सभी समुदाय सभी वर्ग को धोखा देने का कार्य कर रही है। खासकर ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर एक तरफ वाहवाही लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके हक और अधिकार को छीनने का कुंठित प्रयास कर उनके लिए साथ ही उनके विकास के साथ 5 वर्षो तक का अन्याय किया है और इसे आजसू पार्टी कतई बर्दास्त नहीं करेगी। मौके पर बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा की आजसू ने राज्य निर्माण के लिए पूर्व से लेकर आज तक संघर्षों का नया इतिहास लिखने और गढ़ने का काम किया है और उन्ही इतिहासों पर इस राज्य का निर्माण हुआ है लेकिन दुर्भाग्य है की इस राज्य में वैसे लोगो को उनके अधिकार से वंचित करने का कुचक्र वर्तमान सरकार रच रही है जो इस राज्य के विकास में सदैव बाधक बनेगा। आगामी होने वाले निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए चुनाव में सीटो को आरक्षित उन्हें निखरने और समाजिक रूप से मजबूत होने और अपनी बातो को रखने को रोकने का प्रयास कर रही है और यह बात आजसू कतई बर्दास्त नही करेगा।

## डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल में बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन



मुख्य अतिथि आशीष कुमार को उपहार देतीं चेयरमैन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल में गत 5 नवंबर को न्यू पॉलिप्रोपिलीन बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन हुआ। कोर्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि एव एस फाउंडेशन हॉकी के सीईओ आशीष कुमार ने किया। नए बास्केटबॉल कोर्ट से छात्रों को बास्केटबॉल के प्रशिक्षण और पेशेवर खेल खेलने का मौका मिलेगा । कोर्ट पर गेंद की गति और प्रदर्शन बेहतर रहेगा। डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल को अपने वेल डिजाइन बास्केटबॉल कोर्ट पर गर्व है क्योंकि जमशेदपुर में यह सबसे अनोखा है। उद्घाटन के पश्चात डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के छात्रों के बीच दोस्ताना बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। छात्रों ने बड़े ही उत्साह से दोस्ताना मैच में भाग लिया।

# 21 नवंबर को कोल्हान में निकलेगी भारत जोड़ो यात्रा : शैलेश पांडेय

■ झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की आनलाइन मीटिंग संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की आनलाईन मिटिंग प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहाँ मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा शामिल हुए। मिटिंग को संबोधित करते हुए संजय गाबा ने जिलाध्यक्षों की क्लास लगाई एवं जल्द से जल्द जिला कमेटी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की सूची प्रदेश अध्यक्ष के समझ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केकेसी का विस्तार युद्ध स्तर पर डॉ उदित राज के नेतृत्व में किया जा रहा है एवं संगठन के प्रति समर्पित लोगों को संगठन में जगह दिया जा रहा है।

उन्होंने शैलेश पांडेय से संगठन में केवल पद लेकर संगठन के प्रति जवावदेही ना रखने वालों को बाहर का रास्ता दिखाने के निर्देश दिए। शैलेश पांडेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 20 नवम्बर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं, इसी क्रम में उन्होंने जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को 20 नवम्बर को साउथ छोटानागपुर एवं 21 नवम्बर को कोल्हान में भारत जोडो यात्रा के अन्तर्गत पदयात्रा आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिलाध्यक्षों को 20 नवम्बर तक जिला एवं ब्लॉक कमेटी प्रस्तुत करने का अलटीमेटम दिया साथ ही जिस प्रकार भाजपा की ऐजेंसी बनकर आईटी एवं ईडी कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल एवं प्रदीप यादव को केन्द्र सरकार के इशारे पर परेशान कर रही है उसके खिलाफ सभी जिलाध्यक्षों को जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध दर्ज कराने की बात कही।

# जादूगोड़ा : राखा कॉपर में विजय बोस क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

■ उद्घाटन मैच के पहले दिन राखा कॉपर व पोटका के बीच हुआ मुकाबला

खबर मन्त्र संवाददाता



क्रिकेट टूर्नामेंट में एसडीओ सत्यवीर रजक खिलाड़ियों के बीच हौसला अफजाई करते हुए।

**जादूगोड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने को लेकर हिन्दुस्थान कॉपर लिमिटेड की राखा कॉपर आवासीय कॉलोनी स्थित फुटबॉल मैदान में आज शनिवार से विजय बोस क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ हो गया। इधर उद्घाटन मैच राखा कॉपर व पोटका के बीच खेला गया। दोनो टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में राखा कॉपर की टीम 27 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जबकि पोटका की टीम 186 रन बनाकर जीत के सेहरा अपने हाथों में कर लिया। मैच सुबह 9:00 बजे प्रारंभ हुई व दोपहर में समाप्त हो गई। इसके पूर्व घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक ने बैटिंग कर खेल का शुभारंभ किया व खेलाडियो का हौसला अफजाई की। इस बाबत किया भाजपा नेता मनोज प्रताप सिंह ने कहा कि यह क्रिकेट मैच अगले दस दिनों तक चलेगा व विजेता टीम को जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा इस मौके पर घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक, जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव झा, जे एस सी ए पूर्वी सिंह पूर्वी सिंहभूम के संयोजक समेत क्षेत्र के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

## श्रमिक यूनियन का अध्यक्ष चुने जाने पर मुखी समाज ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** गत शनिवार को केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय से जुस्को श्रमिक यूनियन कार्यालय में मिले व उन्हें यूनियन का पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर पुष्पगुच्छ देकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर हरि मुखी ने कहा कि रघुनाथ पांडेय एक अनुभवी मजदूर नेता रहें हैं, टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष काल में कई मुखी समाज के लोगों की टाटा स्टील में नौकरी लगने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। हरि मुखी ने कहा कि निश्चित रूप से आने वाले दिनों में रघुनाथ पांडेय के नेतृत्व में मजदूर वर्ग को कल्याण होगा। इस मौके पर रघुनाथ पांडेय ने मुखी समाज के प्रतिनिधमंडल का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर हरि मुखी के अलावा शिवराज मुखी, निरंजन मुखी, जितेन मुखी, अचिंतो बनर्जी, बबलू मुखी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# विज्ञापन के चक्कर में न पड़ें, घरेलू व प्राकृतिक चीजों से अपने सौंदर्य निखारें महिलाएं : प्रियंका

■ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का भ्रामक विज्ञापनों से बचाव विषय पर सेमिनार संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



उद्घाटन करतीं डॉ कल्याणी कबीर व अन्य महिलाएं।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के महिला आयाम के तहत आज तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस गोष्ठी में सौंदर्य प्रसाधनों के लुभावने और भ्रामक विज्ञापन से सावधानी बरतने के विषय पर विचार- विमर्श किया गया ।

कार्यक्रम का आरंभ पूर्वी सिंहभूम जिला की प्रचार प्रकोष्ठ की सदस्या डॉली परिहार द्वारा ग्राहक गीत और संगठन मंत्र गाकर किया गया । इसके पश्चात मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस विचार गोष्ठी में अतिथि वक्ता के तौर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ अनीता शर्मा, अधिवक्ता ममता सिंह, संस्था की सदस्या सह कवयित्री सरिता सिंह, संगठन की सदस्या सह शिक्षिका प्रियंका झा उपस्थित थे ।

वक्ता प्रियंका ठाकुर ने कहा कि सभ्यता ने हमें नहीं बल्कि हम कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग कर सौंदर्य की परिभाषा को प्रदूषित कर रहे हैं, जिस के हानिकारक प्रभाव कैंसर जैसे रोग के रूप में हमें मिल रहा है । इसलिए हम

## स्पीड न्यूज

### विधायक पुष्पा देवी ने किया कंबल वितरण



पाटन पलामू। प्रखंड के कई एक गांव में पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटा। दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकल भी बांटी। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं जानी और निदान की दिशा में निर्देश दिया। उनके साथ पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता जालंधर यादव, नवल सिंह, प्रमोद सिंह, शुभम क्रांति किशुनपुर मंडल मीडिया संयोजक चंदन दुबे, अजय सिंह जीत, कामता सिंह, पवन गुप्ता थे।

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर लगा



सतबरवा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को प्रखंड सभागार कक्ष में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर लगाया। उद्घाटन एडिशनल सेशन जज प्रेम नाथ पांडे ने किया। श्री पांडेय ने इस दौरान लोगों को कानूनी सलाह दी। शिविर में 11 लोगों को पेंशन, 30 राशन कार्ड, 31 सावित्रीबाई फुले किशोरी बालिका योजना का लाभ दिया। वहीं सलैया तथा पिपरा कला गांव के गायत्री स्वयं सहायता समूह को डेढ़-डेढ़ लाख के ऋण का चेक दिया। करीब सौ गरीब असहायों को कंबल मिला। मौके पर बीडीओ राज किशोर प्रसाद, बीएओ श्याम नारायण, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, पंसस संतोष तिवारी, धर्मेंद्र बैठा, सुभाष चंद्र वर्मा, दसु उरांव, मुखिया गिरवर राम, ब्रह्मदेव सिंह, रोशन कुमार, शंभु उरांव, लॉरेंस लकड़ा थे।

### रविदास विकास समिति की बैठक संपन्न



नौडीहा बाजार (पलामू)। प्रखंड में रविदास विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के डगरा पंचायत के अंताकला के बरवाटांड के सार्वजानिक स्थल पर नरेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता में हुई। संचालन रामाशीष राव ने किया। जिसके मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष राम गोविंद राम, पनवा देवी, कृष्णा राम, भिखारी राम, जगदीप कुमार थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे समाज के पिछड़ने का कारण शिक्षा और आर्थिक अभाव है। निर्णय लिया गया कि गरीब मेधावी विद्यार्थियों की नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर जुदगीर राम, राजू राम, लल्लू राम, मीडिया प्रभारी विश्वप्रेम कुमार, विनय कुमार, भूषण कुमार, विनोद कुमार सहित समिति के सदस्य थे।

### चोरी के मोबाइल के साथ दो युवक धराये



चैनपुर पलामू। चैनपुर पुलिस ने दो युवकों को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उदय गुप्ता ने बताया कि 17/10/ 2022 को ग्राम भिखही थाना डंडा जिला गढ़वा के महेंद्र चौधरी से बाइक (जेएच 03 एएच 7686) से दो व्यक्ति शाहपुर चौक पर महेंद्र से मोबाइल छीन भाग गये थे। महेंद्र ने इसकी शिकायत चैनपुर थाना में की थी। मोबाइल छीनने के पूर्व महेंद्र को आगे पीछे कर रहे दोनों युवकों को देख कुछ शक हो गया था। उसने बाइक की तस्वीर ले ली थी। इसी आधार पर पुलिस ने रझाना कोलावरी पड़वा से मुमताज अंसारी को मोबाइल के साथ तथा उसी की निशानदेही पर दूसरे साथी रजहारा कोठी नावा बाजार के नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूट में प्रयुक्त बाइक स्प्लेंडर प्लस तथा विभिन्न कंपनियों के 30 स्मार्टफोन जब्त कर लिया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी सहित पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टू कुमार साहा, अमन कुमार, बसंत कुमार तथा सहायक अवर निरीक्षक सुभाष मलिक सहित चैनपुर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### नेत्र ज्योति देना पुनीत कार्य : थाना प्रभारी



नीलांबर-पीतांबरपुर। निदान ट्रस्ट एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति ने निदान सेवा सदन लेस्लीगंज में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया। उद्घाटन थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, डॉ वीरेंद्र कुमार तथा अस्पताल प्रबंधन के अध्यक्ष मिस्टर महमूद ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि नेत्र ज्योति प्रदान करना पुनीत कार्य है। निदान सेवा सदन सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को मोतियाबिंद आपरेशन कर लाभ प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों को नेत्र ज्योति प्रदान करना सराहनीय कार्य है। डॉ वीरेंद्र ने कहा कि कई कारणों से लोग आंखों की बीमारी के शिकार होते हैं, परंतु इससे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। संस्था के सुबा सिंह ने कहा कि निदान से जिला अंधापन नियंत्रण समिति के सहयोग से वर्ष 2006 से ही मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया जा रहा है। शिविर में अब तक 327 लोगों की नेत्र जांच हुई। पहले दिन 81 लोगों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र सर्जन डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अरविंद एवं डॉ अंकित सोनी के द्वारा किया गया। मौके पर नेत्र सहायक राकेश कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार, ओटी असिस्टेंट तरन्नुम आरा, सलमान सिद्दीकी, तौकीर आलम, सोनी कुमारी, वीरेंद्र कुमार निशा कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर लगा



नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर लगाया गया। जिसमें प्राधिकार जिला न्यायाधीश संजय सिंह यादव ने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक अपने हक एवं अधिकार से वंचित रहेंगे। गांव के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही हैं। जिसे जानकारी प्राप्त कर लाभ लेने की जरूरत है। मौके पर बीडीओ अनिल कुमार ने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। समय पर सरकार द्वारा शिविर आयोजित कर सभी जानकारियां आम लोगों को बताया जाता है ताकि सरकार की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# खासमहाल की सलामी एक आजाद देश की गुलामी है : महापौर

➲ खासमहाल के काले कानून पर पर चर्चा को ले चेंबर और व्यवसायियों की हुई बैठक



खासमहाल की भूमि को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक आपात एवं आवश्यक बैठक होटल ज्योति लोग के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने की। बैठक का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक मे खासमहाल के काले कानून पर पर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डाल्टेनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नवल तुलस्यान, नीलू तुलस्यान, मोहम्मद मुमताज खान, चंदू पांडे, सुरेश जैन, सुनील गिरी, ज्ञान चंद पांडे एवं कौशल किशोर जायसवाल ने इस जटिल समस्या पर विशेष प्रकाश डाला।

बैठक में सर्वसम्मति से सभी लोगों ने निर्णय लिया की दो कमेटी बनाकर इसका क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में महापौर अरुणा शंकर भी उपस्थित थी। जिन्हें सभी लोगों ने उपायुक्त के यहां हुई बैठक में बैठक की कार्रवाई पर हस्ताक्षर नहीं करने तथा विरोध करने के लिए ताली बजाकर स्वागत किया। महापौर ने कहा मैं आप सब के निर्णय के साथ खड़ी रहूंगी। जब देश से जमींदारी खत्म हो गई तो खास महल जमींदारी क्यों? महापौर ने कहा खास महल की सलामी एक आजाद देश की गुलामी है।

सभा ने निर्णय लेकर दो कमेटी न्यायपालिका कमेटी एवं विधायिका कमेटी का गठन किया। न्यायपालिका कमेटी में प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, विनोद उदयपुरिया, संजय कुमार, सुधीर अग्रवाल, सुनील गिरी, तथा चंदू पांडे ने सहमति दी जबकि दूसरी विधायिका कमेटी जिसमें ज्ञान चंद पांडे, सुरेश जैन, मुमताज खान, आनंद शंकर, कौशल किशोर जायसवाल, इंद्रजीत सिंह डिंपल, कृष्णा अग्रवाल, सैकत चटर्जी प्रमुख हैं। अगली बैठक में कमेटी में कई और लोगों को जोड़ने की तैयारी है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया अगले सप्ताह पुनः सांसद बीडी राम एवं विधायक आलोक चौरसिया के साथ बैठक रखी जाएगी। वहीं न्यायपालिका कमेटी सुप्रीम कोर्ट के बड़े अधिवक्ता से इस कानून को समाप्त करने के लिए राय विमर्श करेगा। बैठक में काफी संख्या में लीज धारी उपस्थित थे।

### खासमहाल मुद्दे को लेकर अब सरकार के पास नहीं, शीघ्र न्यायालय जायेंगे : मेयर

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि अब हम लीजधारी सरकार के पास नहीं न्यायालय जायेंगे। रविवार की



बैठक में लीज धारियों के साथ विमर्श के दौरान महापौर ने कहा कि जब देश से जमींदारी खत्म हो गई तो खास महल जमींदारी क्यों? महापौर ने कहा खास महल की सलामी एक आजाद देश की गुलामी है। कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर उच्च न्यायालय के शरण में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता को रखकर गुहार लगाई जायेगी।

**काश, मंत्री जी ध्यान दिये होते, तो ...** नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि खासमहाल भूमि को लेकर राजनीति करने की जल्दी में जो लोग है वैसे लोगों को पहले ज्ञानवर्द्धन कर लेना चाहिए कि यह मामला निगम का नहीं कैबिनेट का है जहां उनके भाई को बैठने का सौभाग्य मिला था। काश उस समय वह दबाव बनाएं होते तो मेदिनीनगर की सबसे जटिल समस्या का समाधान हो गया होता। नेताजी आपको इतना भी नहीं पता कि रघुवर सरकार ने खास महाल की भूमि को फ्री होल्ड करने हेतु सभी जिले के उपायुक्त को पत्र भी उपलब्ध करा दिये है लेकिन शर्त है कि पूर्व का खास महाल लीज अपडेट करना होगा, जो जटिल है। जिसका विरोध मैं अपने स्तर से करती आ रही हूं।

**प्रथम अध्यक्ष की मूर्ति लगेगी : अरुणा शंकर**- महापौर अरुणा शंकर ने कहा निगम के नये भवन में निगम के प्रथम अध्यक्ष रामसेवक प्रसाद की आदमकद प्रतिमा लगेगी। महापौर ने कहा, मुझे खुशी है कि लोगों ने उचित मांग रखी है। मैं इसका समर्थन करती हूं। आगामी बोर्ड में नाम को पारित करने के उपरांत मूर्ति का आर्डर दे दिया जायेगा, जिसका सारा खर्च मैं स्वयं वहन करूंगी।

# गांव के समग्र विकास को संकल्पित हैं पीएम: सांसद

➲ पलामू सांसद ने पीपरा प्रखंड के पंचायतों का भ्रमण कर सुनी समस्या



खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को पीपरा प्रखंड के पंचायतों का भ्रमण किया। साथ ही लोगों से मिलकर केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान सांसद ने बभंडी, पीपरा, मधुबाना, दलपतपुर, तेंदुई तथा सरैया पंचायत में जाकर लोगों से रूबरू हुए। पार्टी द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह सहित कई नेता शामिल हुए। सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गांवों तथा किसानों के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ उठायें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव का समग्र विकास के लिए संकल्पित है। सांसद ने कहा कि अमकर डैम का निर्माण के लिए सचिव स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। मिट्टी जांच की रिपोर्ट आते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। वहीं दुबटिया जपला पथ पुनर्निर्माण योजना स्वीकृति की प्रक्रिया में है। इसके अलावा सांसद ने दलपतपुर में हाईस्कूल निर्माण, चिकित्सक की पदस्थापना, दलपतपुर गांव व एनएच 98 के बीच पुल निर्माण तथा पिपरा में स्टेडियम निर्माण कराने की घोषणा की।


मौके पर प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, बभंडी मुखिया इश्वंती कुंवर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, हरिहरगंज सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, लाल बहादुर सिंह, सतेन्द्र पासवान, सुनील सिंह, रंजीत बहादुर सिंह, भोला सिंह, अशोक कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### खासमहाल को लेकर मुखर हुए कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी

# फ्री होल्ड के लिए सबको एक प्लेटफॉर्म पर आना होगा...

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने खासमहाल लीज नवीकरण के मामले मेदिनीनगर नगर निगम के मेयर को दोषी ठहराते हुए कहा कि निगम की एक पहल से सरकार को विवश हो जाना पड़ता। खासमहाल जमीन को फ्री होल्ड करने के लिए मेयर ने न तो रघुवर सरकार में दिलेरी दिखायी और न ही हेमंत सरकार में अब तक इस मामले को लेकर कोई दिलचस्पी सुनाई। श्री त्रिपाठी होटल रमाडा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वे मंत्री थे उस समय तक यहां पर लीज नवीकरण भी नहीं हो रहा था। वे अपने छह माह के अल्प मंत्रित्वकाल में सबसे पहले लीज नवीकरण प्रक्रिया की शुरुआत करायी, जिसका नतीजा है कि कुछ बड़े व्यवसायी परिवार ने सलामी देकर लीज नवीकरण की प्रक्रिया में सफलता हासिल की। जैसे ही वे खासमहाल जमीन की फ्री होल्ड कराने की ओर बढ़े तो उनके मंत्रित्व शक्ति समाप्त हो गयी।



**मंत्री जी यह निगम नहीं, कैबिनेट का मुद्दा है : महापौर**- महापौर अरुणा शंकर ने एक पत्रकार के सवाल पर कि श्री कृष्णा नंद त्रिपाठी कहते हैं खास महाल लीज के संबंध में निगम ने इस पर कभी कोई



अपना प्रपोजल सरकार को नहीं भेजा, तो महापौर ने आश्चर्य जताते हुए कहा, मैं तो समझती थी माननीय पूर्व मंत्री जानकार होंगे। पर मुझे अब समझ में आया कि उनके कैबिनेट में रहते भी लीज का दर कम क्यों नहीं हुआ? मंत्री जी इस तरह के निर्णय कैबिनेट लेता, न कि निगम। और कैबिनेट में माननीय विधायक तथा मंत्री प्रस्ताव लाते न कि महापौर का प्रस्ताव जाता। चलिये मैं आपको वचन देती हूं अगर आप लीज धारियों के सच्चे हितैषी हैं तो समाचार पत्र के माध्यम से 2 दिनों के अंदर मुझे सूचित करें कि बोर्ड से क्या प्रस्ताव लाना है और मैं वचन देती हूं 15 तारीख से पहले बोर्ड कर जनहित में आपका दिया गया प्रस्ताव प्रथम एजेंडा मे रख सर्वसम्मति से पारित कर 24 घंटे के अंदर पत्र दूंगी ताकि निगम चुनाव से पूर्व खासमहाल का समाधान आप करवा सकें।

# सीसीए के नये शोरूम में आकर्षक व आरामदायक बनेगा चारपहिया वाहन

➲ कार केयर के नये भव्य शोरूम का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सड़कों पर दौड़ती, मुहल्लों में रेंगती, घरों में खड़ी चारपहिया वाहनों ने समाजिक परिदृश्य को बदल कर रख दिया है, यही वजह है कि बदलते परिवेश में फोर-व्हीलर आज हर किसी की जरूरत बन गई है। जिसका हब बन गया है पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर का रांची रोड। जिस तरह आज के दौर में स्टाइलिश गाड़ियों की लोकप्रियता बढ़ी है, उसी के अनुरूप अपनी कार को बहरी ऑउटफिट के जरिये आकर्षक और सुंदर बनाने में भी लोग पीछे नहीं रहते। ऐसे में जरुरत होती है एक ऐसी जगह की जहाँ सभी तरह के गाड़ियों के बाहरी और अंदुरुनी सजावट के सामान उपलब्ध हो। सीसीए के नाम से फेमस कार केयर एसेसरीज जो पहले से रांची रोड स्थित हवाई अड्डा के समीप ग्राहकों को अपनी सेवा दे रहा है, उसके नए ब्रांच के रूप में भव्य शोरूम का शुभारंभ रविवार को किया गया। रांची रोड में आकाश धर्मकांटा के समीप कार केयर एसेसरीज के नए शोरूम की शुरूआत प्रतिष्ठान में विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

# समाज की एकजुटता से ही मिलेगी चंद्रवंशियों को अधिकार : चंद्रवंशी

■ धूमधाम से मनी जरासंध की जयंती

■ समाज की जागरूकता-एकजुटता पूरे झारखंड को रोशनी देगी : युगल



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन टाउन हॉल में चक्रवर्ती सम्राट जरासंध जी महाराज की जयंती सह मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू व संचालन शैलेश चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी थे। मौके पर विधायक ने चंद्रवंशी समाज के इतिहास को विस्तार से बताया व समाज को एकजुट होकर रहने का संकल्प दिलाया। पूजा समिति के संरक्षक सतीश कुमार ने कहा कि एक गुट सब जुट की योजना पर पलामू के सभी चंद्रवंशी लोग आज हजारों की जुटान निश्चित ही जागरुकता की ओर इंगित करता है। चंद्रवंशी समाज की एकजुटता पलामू प्रमंडल की राजनीतिक समीकरण को बदल देगी। स्वागताध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे समाज की जागरुकता और एकजुटता पूरे झारखंड को रौशनी देगी।

### भाजपाइयों ने पूर्व मंत्री बाउरी का किया स्वागत



सतबरवा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी का स्वागत भाजपाइयों ने ट्रेनिंग स्कूल के पास किया। वे गढ़वा वंशीधरनगर जा रहे थे। इसी क्रम में उनका स्वागत फूल माला के साथ किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, जिला कार्यसमिति सदस्य बैजनाथ प्रसाद आर्य, सुदेश्वर राम, रवि प्रसाद, केश्वर सिंह, मनोज कुमार भुइयां, राजेंद्र सिंह, रामनाथ पाठक, मंटू विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार केवल नौटंकी : ओंकारनाथ



मेदिनीनगर। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में केवल नौटंकी हो रहा है जनता बेहाल और सरकार के लोग मालामाल। उक्त बातें आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में बालू का हाहाकार है, कोई प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, म्यूटेशन का काम लंबित है, एक शिक्षक के भरोसे कई विद्यालय हैं। हॉस्पिटल और अधिकारी बेलगाम हैं। राशन की आश में लोग नौटंकी सरकार की नौटंकी देख रहे हैं।

# आरक्षण न देकर ओबीसी का हक मार रही राज्य सरकार : बबलू गुप्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य सरकार निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गई है परंतु नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखा गया है जिसे आजसू पार्टी हेमंत सरकार की घोर निंदा करती है। एक तरफ सरकार विशेष सत्र बुलाकर ओबीसी को 27% आरक्षण देने की बात करती है और दूसरी और नगर निकाय चुनाव मे ओबीसी को आरक्षण से वंचित कर रही है। इसके पहले भी पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया गया जिससे लगभग 10,000 ओबीसी लोगों का हक मारा गया। इस बार भी नगर निकाय चुनाव में आरक्षण न देकर सरकार ओबीसी का हक मार रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट से ही चुनाव कराने को कहा था। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय सचिव-बब्लू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बिशाल बर्मा, सोनू मेहता, जिला कार्यसमिति सदस्य -राजेंद्र सोनी आदि थे।

### जमुहारी माई मंदिर परिसर में देव दीपावली का आयोजन आज

हुसैनाबाद। स्थानीय उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट परिसर में देव दीपावली मनाया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी श्री चारधाम व सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने दी है। कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर जमुहारी माई व सूर्य मंदिर परिसर में देव दीपावली मनाई जायेगी।

### सतबरवा में बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

सतबरवा पलामू। सतबरवा थाना पुलिस ने रात्रि में अवैध रूप से बालू की ढुलाई करते दो ट्रैक्टरों को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है। सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने ट्रैक्टरों को पकड़े जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पोंची पंचायत क्षेत्र के लेदवाखांड स्थित बालू घाट पर अवैध रूप से बालू का उठाव करने की सूचना मिली थी।

# गांव पहुंचने पर सेवानिवृत्त फौजी का लोगों ने किया भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। 30 साल तक लगातार फौज में नौकरी करने के बाद सूबेदार पद से सेवानिवृत्त होकर फौजी जवान उदय प्रसाद वर्मा जब वापस गांव लौटे तो उनका नायक की तरह अभिनंदन हुआ। रविवार को शहरी क्षेत्र के पिपरघाट गांव स्थित पैतृक घर पहुंचते ही हरिहरगंज वासियों ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। वहीं गाजा बाजा के साथ घोड़ा पर बिठाकर नगर भ्रमण कराया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाये। इस तरह स्वागत देखकर रिटायर्ड फौजी के आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर 1992 को फौज में एक सिपाही के पद पर चयन हुआ था। अपने 30 साल की कार्यकाल में कई जगह देश की सेवा करते रहे अपने कार्यकाल में कारगिल युद्ध में भी दुश्मनों के छक्के छुड़ाये।

### अर्जुन सिंह को मिला झारखंड रत्न सम्मान



मेदिनीनगर। लोक सेवा समिति की ओर से सदर थाना क्षेत्र के चुकरू ग्राम निवासी अर्जुन सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र मे सराहनीय योगदान के लिए झारखंड रत्न सम सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। श्री सिंह को यह सम्मान लोक सेवा समिति के 31 वॉ वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह मे लिया गया। श्री सिंह को पांच नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल काउंसिल ऑफ इंडिया के सभागार मे आयोजित सम्मान समारोह मे प्रदान किया गया। उक्त जानकारी श्री सिंह ने लोक सेवा समिति द्वारा जारी सम्मान पत्र के माध्यम से दी। श्री सिंह को लोक सेवा समिति केचयन समिति के संयोजक हरिनारायण सिंह, संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष मोहममद नौशाद खान व संरक्षक सह वाइस चेयरमैन डॉ अजीत कुमार सिन्हा के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में लगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता लल्लू प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता लल्लू प्रसाद सिंह ने कहा कि आसान व कम समय मे विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोगो को लाभ पहुचाया जाता है।उन्होंने कहा कि नि:शुल्क लाभ लेने के लिए मेरे शिविर में पहुचे व आपको शिविर में उचित शीघ्र ही लाभ दिया जाएगा। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया।जिसमे मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मेगा लीगल अवेयरनेस, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पेयजल स्वच्छता, पशुपालन, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, प्रज्ञा केंद्र, विद्युत आपूर्ति विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार, चिकित्सा विभाग, बाल विकास परियोजना सहित सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया।

■ इस स्टॉल पर संबंधित विभाग से समस्या को निदान के लिए लोगों ने अपना अपना आवेदन जमा किया। मौके पर शिविर में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने विभिन्न लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। जेएसएलपीएस के 14 समूहों के बीच 2800000 रुपए का प्रारूप, इंदिरा आवास, बृद्धा पेंशन, फुले बाई योजना के तहत लोगों को प्रमाण पत्र वर्क जॉब कार्ड वितरण किया गया। मौके पर अनिल राम, सुरेश भैया, विजय कुमार राम, शांति देवी, राम पार्वती देवी, अरुण कुमार, सुखदेव राम, सुनील सिंह, संचालक सुनील कुमार, अविनाश सिंह, नौशाद अहमद खान, अधिवक्ता लालू प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सरिता देवी, धनंजय कुमार, राजवंश यादव, रामेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# पाटन : सरकार आपके द्वार के शिविर में ऑन द स्पॉट हुआ समस्या का समाधान



खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के जंघासी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, जहांसी पंचायत के मुखिया पिंकी देवी ने किया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन दिया। विभाग के कर्मियों द्वारा आवेदन प्राप्त कर ऑन द स्पॉट ग्रामीणों क समस्या का समाधान किया गया। शिविर में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 11 लाख का लोन महिला समूह को दिया गया। आपूर्ति विभाग संबंधित 40 आवेदन, राजस्व विभाग ने 36 आवेदन प्राप्त किये। जिसमें 18 आवेदनों का निपटारा तत्काल किया गया। शिविर में धोती, साड़ी, कंबल, जॉब कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावे बृद्धा पेंशन, सावित्री बाई समृद्धि योजना इत्यादि योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया। शिविर में सीओ लाल बाबू ,पाटन बीपीओ कामेश्वर मेहता, अंकित कुमार, मुकेश सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार देगी गर्म कपड़े : जोबा माझी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने कहा है कि झारखंड के आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले 3 से 6 वर्ष के सभी बच्चों को ठंड से बचाने के लिए झारखंड सरकार जल्द ही गर्म कपड़ा का वितरण करेगी।

रविवार को मंत्री जोबा माझी चाईबासा के सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्रांउड में झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी केंद्र कर्मचारी संघ के आभार समारोह को संबोधित कर रही थी। मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि हमारी सरकार आप लोगों के कार्य को देखते हुए मानदेय



बढ़ाने का बड़ा कदम उठाया है। आप की भी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र में कुपोषण, अंधविश्वास , अशिक्षा को दूर कर समाज को नई दिशा दें।

वही आपके विभाग में छोटे बच्चों को इस वर्ष सरकार गर्म कपड़ा वितरण करेगी।

साथ ही कुपोषण मिटाने के लिए प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए अंडा भी दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि आभार यात्रा में उमड़ी भीड़ देख मंत्री प्रफुल्लित हुई।

समारोह में सांसद गीता कोड़ा, जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू, संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू, झूमा मिश्रा समेत काफी संख्या में सेविका-सहायिका उपस्थित रही।

## रश्मि सिन्हा ने किया जन संपर्क अध्यक्ष पद को मांगा आशीर्वाद



अध्यक्ष पद के लिए मतदाता से संपर्क करतीं रश्मि सिन्हा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अभी से मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में गढ़वा नगर परिषद की वार्ड संख्या चौदह की अनुभवी वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा ने शहरवासियों की पुरजोर मांग पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

रविवार की सुबह सहिजना देवी धाम पर आम नागरिकों की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। शहर के लोगों ने रश्मि सिन्हा को जन संपर्क अभियान शुरू करने की बात कही। इसी के आलोक में रविवार से जन संपर्क अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सहिजना के वार्ड संख्या 11, 13 व 14 में प्रत्येक घर के बुजूर्ग अभिभावक, माता बहनों व नवजवान साथियों से मिलकर समर्थन की अपील की गयी। इस दौरान तमाम लोगों ने भरपूर समर्थन व सहयोग का भरोसा दिलाया। कहा कि हम सभी लोग रश्मि सिन्हा व जीतेंद्र सिन्हा के साथ हैं और साथ रहेंगे।

इस मौके पर गुडु तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अरबिंद दुबे, संजीव पांडेय, रामाधार सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, संजीत कुमार सिन्हा, अजीत सिन्हा, पंकज दुबे, अरबिन्द तिवारी, पंकज सिन्हा, नागेंद्र, कृष्णा पाल, गुडु, प्रभु पाल, राजकुमार महतो, शंकर महतो, अरबिंद, उमा, सतेन्द्र सिन्हा, शशिभूषण चौधरी, विजय पाल, विश्वनाथ राम, राजमणि, मुखिया, अजय राम, सुकन भुईया, प्यारी भुईयां, ओमकार सिह, सत्यनारायण सिन्हा, सचिन, शशि दूबे, पंकज मेहता, साव जी, सुरेश भुईया, अजय महतो, लालबाबू आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक गंभीर

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करुई निवासी जनार्दन सिंह के लगभग 40 वर्षीय पुत्र रवि रंजन सिंह उर्फ काजू सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रवि रंजन सिंह एवं स्व. ललित सिंह के लगभग 28 वर्षीय पुत्र रोशन सिंह दोनों किसी कार्य से भवनाथपुर गए हुए थे। शनिवार की देर रात करुई घर वापसी आने के दौरान भवनाथपुर- श्री बंशीधर नगर के मुख्य सड़क पर नेपाल खोह गांव के समीप पुलिया के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल रौशन सिंह को भवनाथपुर अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा उपचार किया गया। उसके बाद होश में आने के बाद रोशन सिंह ने घर पर सूचना दिए। वहीं बेहतर इलाज हेतु रोशन सिंह को डाल्टनगंज ले जाया गया है।

## बच्चों के बीच प्रतियोगिता सह प्रीतिभोज का आयोजन

### प्रतियोगिता में अव्वल आये बच्चों को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ द्वारा रविवार को बिजुलिया तालाब रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त महापरिवार के बच्चों के बीच प्रतियोगिता सह प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। मौके पर चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा द्वारा पिछले एक वर्ष के आय व्यय का लेखा जोखा पेश किया गया। साथ ही उन्होंने समाज से संबंधित मुख्य बातें उपस्थित लोगों के समक्ष रखीं। बैठक में सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर विचार विमर्श किया गया। चित्रांश बच्चों के बीच आयोजित प्रतियोगिता में ग्रुप 5 वर्ष में प्रथम नमन आर्यन, द्वितीय अनन्या





कार्यक्रम में शामिल बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

सिन्हा, तृतीय अयांश सुमन रहे। ग्रुप 8 से 12 वर्ष में प्रथम शिवांस सिन्हा, द्वितीय मयंक अम्बष्ठा व तृतीय अराध्या रहीं।

प्रतियोगता में अव्वल आये बच्चों को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगता के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर नमूना पेश किया। कहा कि समाज के बच्चें इसी तरह आगे बढ़ें। हमारी तरफ से उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। इसके बाद उपस्थित सभी लोग प्रीतिभोज में शामिल हुए। इस अवसर पर अरूण कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, आशुतोष कुमार सिन्हा, मिथलेश कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा, रवि कुमार, संजीव कुमार, डॉ अनूप, प्रियदर्शी सुमन, विनोद कुमार वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सिन्हा, विकास रंजन, विजय कुमार सिन्हा, अंशु, निशु, विवेक सिन्हा, निशा सिन्हा, सोमन सिन्हा, श्रुति प्रिया, मधु कुमारी, लक्की सहाय, शोभना सिन्हा, नितेश रंजन, निखिल श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## गुरुनानक जयंती को ले सिख समुदाय ने दूसरे दिन भी निकाली प्रभातफेरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक जयंती के 553वां प्रकाश पर्व को लेकर दूसरे दिन रविवार को भी सिक्ख समुदाय के लोगों ने भुरकुंडा में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी गुरूद्वारा प्रांगण से शुरू होकर भुरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इसमें सिक्ख समुदाय के दर्जनों महिला-पुरूष व श्रद्धालु बच्चे शामिल होकर गुरू गायन किये। मौके पर भुरकुंडा गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 8 नवंबर को भुरकुंडा गुरूद्वारा में धूमधाम गुरूनानक जी की जयंती मनाई जायेगी। इस दौरान सुखमनी का साहब का पाठ, सबद-कीर्त्तन के साथ दिवान भी सजाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन गुरू के अटूट लंगर का भी आयोजन होगा।

## छात्रा कल्पना रानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक शानदार पेंटिंग भेंट की

### मुख्यमंत्री ने कल्पना को धन्यवाद दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** झामुमो के वरिष्ठ नेता जगरनाथ महतो की भतीजी एवं चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत निवासी जीवन महतो की पुत्री एवं डीएवी रजरप्पा के बारहवीं की छात्रा कल्पना रानी (17 वर्ष) ने आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम स्थल रजरप्पा स्टेडियम पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और एक शानदार पेंटिंग भेंट की। इस पेंटिंग को देखकर मुख्यमंत्री भी काफी खुश हुए। मुख्यमंत्री ने कल्पना को इस शानदार पेंटिंग के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। कल्पना पेंटिंग को जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेंट किया तो वह उत्सुकता से निहारती



मुख्यमंत्री को पेंटिंग भेंट करतीं कल्पना रानी।

नजर आई। कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, सुभाष चंद्र बोस, झाँसी की रानी, बिरसा मुंडा, भगत सिंह, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे तमाम दिग्गज नेताओं एवं महापुरुषों की पेंटिंग बना चुकी हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह अधिकारिता शिविर का आयोजन

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह अधिकारिता शिविर का आयोजन भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के प्रशाल में रविवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के न्यायिक दंडाधिकारी अमित खन्ना ने दीप प्रज्जलित कर की। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने मुख्य अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी श्री खन्ना ने कहा कि जनता के हित में बहुत सारे कानून हैं उसकी जानकारी लोगों को होनी चाहिए। इसके लिए गढ़वा न्यायालय परिसर में इसका कार्यालय है जहां कानून के विशेषज्ञ लोग बैठते हैं जो कानून की जानकारी देते हैं और निःशुल्क कानूनी सहायता भी प्रदान करते हैं। समाज में बहुत लोग अंधविश्वास से ग्रसित हैं क्योंकि उन्हें शिक्षा का अभाव है। इस कारण देहातों में डायन भूत सहित अन्य को प्रथाएं हैं जो बिल्कुल गलत है। हम लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान सरकार की ओर से जरूरतमंद 200 लोगों के बीच अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के हाथों कंबल वितरण किया गया। दो व्यक्तियों को पेंशन की स्वीकृति दी गई और मकरी की महिला समूह को 10 लाख रुपए का चेक दिया गया। मौके पर सुरेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता मनोज कुमार चौबे, भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो, बीपीओ दयानंद प्रजापति, उद्योग समन्वयक रवि कुमार, रोजगार सेवक तहमीद अंसारी सहित अन्य सरकारी कर्मचारी और काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## देश की वर्तमान स्थिति से किसान, मजदूर व जनता परेशान : विष्णु

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाकपा पतरातू अंचल परिषद की बैठक रविवार को भाकपा कार्यालय भुरकुंडा में हुई। सर्वप्रथम गुजरात के मोरबी में घटित घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विस्थापन, नियोजन नीति, युवा नीति गैरमजरुआ भूमि का रसीद काटने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही उक्त मुद्दों को ले 7 नवंबर को रांची के राजभवन मार्च की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से नर्णय हुआ कि पतरातू प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रांची राजभवन मार्च में शामिल होंगे। मौके पर जिला मंत्री क. विष्णु कुमार ने कहा कि वर्तमान में जो देश की स्थिति है उससे किसान, मजदूर, आम जनता परेशान व बदहाल है। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटकने को विवश है। केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य में जेएमएम की सरकार रोजगार सहित सभी मुद्दों पर विफल साबित हो रही है। ऐसे में एक और क्रांति की जरूरत है। मौके पर सहायक सचिव क. पोचई प्रसाद, मीडिया प्रभारी क. अभिमन्यु महतो, नौशाद हुसैन, प्रेम पासवान, विजय चंद्रवंशी, राज कुमार तांती, आरिफ राजा, राजेश कुमार, राहुल सिंह, कुलदीप राम, सूरज करमाली, रामेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

## क्विज के माध्यम से राष्ट्रीय, राजकीय एवं क्षेत्रीय मूर्त और अमूर्त विरासत को प्रश्नपत्र में शामिल किया : फैयाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरीटेज रामगढ़ सब चौप्टर तथा जरीना खातून संग्रहालय सह शोध केंद्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर जिला स्तरीय हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जरीना खातून संग्रहालय चितरपुर ने किया। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीएस बरकाकाना, अपेक्स पब्लिक स्कूल मारंगरचा, अपग्रेडेड हाई स्कूल बंदा गोला, एलटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गांगी यमुनी, मैकोस पब्लिक स्कूल चितरपुर, गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल चितरपुर तथा दरगाह इस्लामी स्कूल चितरपुर से कुल 42 बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता क्लास 7 से 10 तक के लिए किया गया था। प्रतियोगिता 2 चरणों में संपन्न हुआ. पहला चरण लिखित परीक्षा 10:00 बजे से आरंभ हुआ। जिसमें मौखिक



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

चरण के लिए 6 ग्रुप का चयन किया गया। जिसमें से तीन ग्रुप डीएवी बरकाकाना से नयन ओझा, नमन ओझा, अनीश कुमार, अश्वनी कुमार, आदित्य श्री और कश्यप रहे, गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल से रहनुमा परवीन, तंजिला हैदर तथा मैकॉस पब्लिक स्कूल से सुमैया नदीम, खुशी जाहिद, रहमान खान तथा नसरीन खान चयनित हुए ऑडियोवीजुअल समेत कुल 6 राउंड मौखिक परीक्षा में पूछे गए मौखिक परीक्षा में डीएवी बरकाकाना के कश्यप राहत तथा अदिति श्री ने प्रथम स्थान तथा अनीश कुमार एवं अश्वनी कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल से रहनुमा परवीन तथा तंजिला हैदर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों ग्रुप को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। सारे बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा जीतने वालों को इनाम तथा सर्टिफिकेट दिया गया। वसीम हसन, गिलाप्सा खातून तथा सनाउल्लाह कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर मौजूद थे। क्विज प्रतियोगिता का संचालन कमर सिद्दीक ने किया। चौप्टर के कन्वेनर फैयाज अहमद ने कहा कि इंटेक बच्चों में अपने विरासत के प्रति जागरूकता लाना चाहती है यही कारण है कि पूरे भारत में इंटेक इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। हमने इस क्विज के माध्यम से राष्ट्रीय राजकीय एवं क्षेत्रीय मूर्त और अमूर्त विरासत को प्रश्नपत्र में शामिल किया। कार्यक्रम में तौकीर हसन खान, इम्तियाज अहमद, वीणा सिंह, मोहिबुल्लाह, अभिषेक कुमार, इसहाक अहमद तथा विवेक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### मंत्री करायेंगे गढ़वा में नि:शुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन, 15 से 25 नवंबर तक चलेगा शिविर, सदर अस्पताल में होगा ऑपरेशन

## जिले भर के मोतियाबिंद मरीजों को मिलेगा लाभ : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन कराएंगे। मंत्री श्री ठाकुर की माता स्व. विमला देवी एवं पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर की पुण्य स्मृति में झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने रविवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में पहले विभिन्न क्लबों व संगठनों की ओर से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाता था। परंतु कोरोना काल से ही अब तक शिविर का आयोजन बंद हो गया है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी को देखते हुए उन्होंने न सिर्फ गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मरीजों के लिए बल्कि पूरे गढ़वा जिला के मरीजों के लिए निःशुल्क



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर में मरीजों के रहने, खाने, ऑपरेशन, चश्मा, दवा आदि की सभी व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कटक आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर उड़ीसा के योग्य चिकित्सको की टीम अत्याधुनिक विधि से मरीजों का ऑपरेशन करेगी।

मंत्री ने बताया कि 12, 13 एवं 14 नवंबर को विभिन्न प्रखंडों में स्क्रीनिंग के माध्यम से मरीजों की जांच कर चिन्हित किया जाएगा। जबकि 15 से 20 नवंबर तक सदर अस्पताल में मोतियाबिंद जांच कर मरीजों को ऑपरेशन की तिथि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही 15 से 25 नवंबर तक सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों का ऑपरेशन भी किया जाएगा। इसके लिए जिले भर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं विधायक प्रतिनिधियों आदि से लोग संपर्क कर मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने विभिन्न संगठनों एवं क्लबों से इस कार्य में सहयोग एवं मार्गदर्शन करने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही करोना जैसे विषम परिस्थितियों में भी जिले में स्वास्थ्य सुविधा में आमूलचूल सुधार किया गया है। सदर असपताल का जीर्णोद्धार, ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था, बर्न यूनिट, डायलिसिस, आईसीयू, सभी प्रकार की जांच की व्यवस्था आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही जिले भर के सभी पीएचसी व सीएचसी को भी बेहतर बनाया जा रहा है। आने वाले समय में बहुत जल्द जिले भर में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे उपस्थित थे।

## हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है हेमंत सरकार

आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन के बैनर तले रविवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

झारखंड सरकार द्वारा राज्य की आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का मानदेय वृद्धि किए जाने के पर सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने इस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित की। मौके पर मंत्री मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की पिछली सरकार आंगनबड़ी सेविका सहायिकाओं का शोषण करती थी। सरकार की योजना को जमीनी स्तर





कार्यक्रम में मंचासीन मंत्री व अन्य तथा उपस्थित सेविका व सहायिका।

तक अगर कोई पहुंचाता है, तो वह आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका हैं। लेकिन इनके कल्याण के संबंध में किसी भी तरह की बात पिछली सरकार ने नहीं सोचा।

हमारी सरकार हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है। आपकी मांगों पर विचार करते हुए अमल किया गया। मंत्री ने कहा कि पिछली रघुवर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,पारा शिक्षक, अनुबंध कर्मियों पर लाठीचार्ज किया जाता था। अब हमारी सरकार आप की मांग को मानते हुए आप को सम्मानित कर रही है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए जनता की चुनी हुई सरकार को गिराना चाहती है।

जनता जाग चुकी है। आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में सबक सिखाते हुए मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश राय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, वीणा सिन्हा, बालमुकुंद सिन्हा, रामचंद्र पासवान, अनिता दत्त, रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, चंदन पासवान, आशुतोष पांडेय, जिले भर की आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित अन्य लोग लोग उपस्थित थे।

# कीर्तिमान रचते हेमंत

आजादी के बाद पहली बार गुमला के बिशुनपुर प्रखंड स्थित बोरहा गांव में सरकार पहुंची। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा लगाये गये विभिन्न विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा और योजना का लाभ लिया। ग्रामीणों ने मुख्य पथ से गांव तक सड़क निर्माण की मांग की है। इस समस्या के समाधान का भरोसा जिला प्रशासन ने दिया है।कल तक जहां नक्सालियों की चहलकदमी थी, आज वहां के लोगों के दरवाजे तक सरकार योजना लेकर पहुंची। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आजादी के बाद पहली बार घोर नक्सल प्रभावित गढ़वा स्थित बुढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही, डुमरी स्थित मिरचाई पाट पहुँच कर पदाधिकारियों ने लोगों को योजनाओं से जोड़ा। गांव के विकास कार्य को गति देने की कवायद शुरू हुई। चतरा के मयूरहंड में 1964-66 के सरकार के अधिकारी आये थे। 58 वर्षों के बाद चतरा उपायुक्त सरकार की योजनाओं को लेकर मयूरहंड पहुंचे है। ग्रामीणों की समस्याओं का उनके द्वार पर निपटारा किया गया। अपने बीच सरकार की योजनाओं का मिलता लाभ देख ग्रामीणों में उत्साह था। ग्रामीणों ने कहा हमें विभागीय और प्रखंड कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ी। सरकार हमारे दरवाजे तक आई है। हेमंत सरकार ने राज्य में विकास योजनओं को विशेषकर ग्रामीणों तक पहुंचाने की दिशा में एतिहासिक सफलता अर्जित की है। प्रखंड और पंचायत ही नहीं सुदूर गांवों में भी लोगों की आवश्यकताओं के अनुकूल विकास योजना धरती पर उतर रही है।

# गुगल को जुर्माना

दुनिया में बड़े डिजिटल प्लेटफार्म वाली दिग्गज अमेरिकी कंपनी गूगल पर एक हफ्ते के भीतर दो बार बड़ा जुमार्ना लगाकर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने चेताया है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भारत में मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। साथ ही यह भी कि उसे भारतीय हितों की अनदेखी की इजाजत नहीं दी जा सकती। उम्मीद की जानी चाहिए कि दो चरणों में दो हजार दो सौ करोड़ के भारी-भरकम जुमार्ने के बाद कंपनी के निरंकुश व्यवहार में कमी आयेगी। प्रतिस्पर्धा आयोग ने अनुचित तौर-तरीके अपनाने के प्रति गूगल को चेताया भी है। दरअसल, गूगल अपने एप डाउनलोड करने वाले प्ले स्टोर के वर्चस्व का लाभ उठाकर तमाम एप डेवेलपर्स पर दबाव डालती रही है कि वे अपने एप से संबंधित सभी भुगतान गूगल के भुगतान प्लेटफॉर्म के जरिये ही करें। इसको लेकर प्रतिस्पर्धा आयोग ने चेतावनी दी है कि एप डेवेलपर्स को अपने पेमेंट प्लेटफॉर्म का ही प्रयोग करने को बाध्य न करे। दरअसल, इससे पहले सीसीआई ने एंड्रॉयड मामले में अपने वर्चस्व का दुरुपयोग करने का आरोप गूगल पर लगाया था। आरोप था कि गूगल स्मार्टफोन निमार्ताओं को बाध्य करती रही है कि वे प्रत्येक फोन में गूगल एप्स को अनिवार्य रूप से शामिल करें, तभी उन्हें एंड्रॉयड तकनीक के प्रयोग की इजाजत मिलेगी। गूगल की इस हरकत को सीसीआई ने बाजार में स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा कानून का अतिक्रमण बताया है। दरअसल, पूरी दुनिया में गूगल अपने वर्चस्व के चलते अनैतिक कारोबार का सहारा ले रहा है। यही वजह है कि यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया तथा दक्षिण कोरिया समेत कई देश गूगल पर जुमार्ना लगा चुके हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गूगल के वर्चस्व को तोड़ने के लिये दुनिया के तमाम देश विकल्प तलाशने की जुगत में लगे हैं।

# परंपरागत से आधुनिक मीडिया की बदलाव यात्रा




**पिछले** माह के आरंभ में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज को कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (पुराना नाम सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया) के साथ विलय को लेकर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की सशर्त मंजूरी मिल गई। जी एंटरटेनमेंट जो इस माह 30 वर्ष पुराना हो गया, उसे नियामकीय चिंता दूर करने के लिए ऐसे उपाय करने पड़े जिनकी घोषणा नहीं की गई है। राष्ट्रीय कंपनी लॉ पंचाट, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, आय कर विभाग, कंपनी पंजीयक तथा अन्य ने अभी तक इस विलय को लेकर अपनी ओर से अनापत्ति नहीं दी है। इसके बाद बात आती है जी की सूचीबद्धता समाप्त होने, वास्तविक विलय और विलय के बाद बनने वाली कंपनी (जिसका अब तक कोई नाम नहीं है) की सूचीबद्धता की। संभव है कि अप्रैल 2023 तक जी के मुख्य कार्याधिकारी पुनीत गोयनका 13,630 करोड़ रुपये (2021 का राजस्व) की सोनी-जी का प्रभार संभालने की कोशिश करें।

देश की दूसरी बड़ी मीडिया कंपनी के निर्माण के साथ ही 1.6 लाख करोड़ रुपये के आकार वाले भारतीय मीडिया और मनोरंजन जगत में समावेशन की विशाल लहर का दौर पूरा हो जाएगा। फिक्की-ईवाई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2021 में मीडिया जगत में 118 विलय एवं अ?धिग्रहण सौदे हुए जिनका मूल्य था 67,200 करोड़ रुपये। यह राशि सन 2020 के आंकड़े की तुलना में करीब 10 गुना थी। मूल्य और आकार की बात करें तो इनमें से करीब आधे प्रसारण क्षेत्र में थे। इस वर्ष पैरामाउंट ने रिलायंस के स्वामित्व वाले वायकॉम18 से आंशिक रूप से दूरी बना ली और पीवीआर सिनेमा तथा आइनॉक्स का विलय हुआ। सोनी और जी का विलय 2021 में घोषित हुआ था और वह धीमी प्रगति पर है।

इस सुद्दीकरण का अर्थ क्या है? पहली बात तो यही है कि यह मीडिया के मानचित्र को नए सिरे से रेखांकित कर रहा है और इसे बड़ी कंपनियों के बीच की जंग में तब्दील कर रहा है। जियो (जिसमें वायकॉम 18 शामिल है), भारती एयरटेल, गूगल, मेटा (फेसबुक), डिज्नी-स्टार और सोनी-जी हर एक का भारत में राजस्व 10,000 करोड़ रुपये और 17,000 करोड़ रुपये के बीच है। तकनीकी तौर पर देखा जाए तो टाइम्स समूह को इसका हिस्सा होना चाहिए क्योंकि वह 10,000 करोड़ रुपये के आसपास है लेकिन संभव है कि दोनों भाइयों समीर जैन और विनीत जैन के बीच कथित अलगाव के बाद इसे वृद्धि के लिए वह जरूरी गति न मिल सके जो मिल रही थी।



-मनोज शर्मा

> भारत के लिए इसका क्या अर्थ है? डिज्नी, सोनी-जी, नेटफ्लिक्स आदि की भारत में अहम मौजूदगी है। इनकी वृद्धि के लिए भारत अहम बाजार है। एक ओटीटी सी की औसत लागत 40 लाख रुपये प्रति कड़ी है जबकि टीवी पर आधे घंटे का शो 10 से 15 लाख रुपये में बनता है। बीते तीन-चार साल में अच्छी सामग्री के बढ़ते दबाव के कारण प्रतिभाओं की लागत 40-50 प्रतिशत बढ़ गई है।

इसके बाद सन नेटवर्क, नेटफ्लिक्स, एमेजॉन प्राइम वीडियो आदि की बारी आती है। इनमें से कुछ आने वाले समय में 10,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकते हैं। दूसरा, इससे कारोबार के सामग्री वाले हिस्से में बदलाव आएगा।अमेरिकी कंपनी मॉफेट नैथंसन के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक माइकल नैथंसन ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा, ह्यलगातार ढेर सारी सामग्री पेश करने का मॉडल पूंजी खपत वाला है। सबसे अच्छे शो भी दो या तीन सप्ताह में अपने शिखर पर होते हैं और पांचवें या छठे सप्ताह से उनमें गिरावट आने लगती है। ऐसे में आपको हर सप्ताह नए शो बनाते रहने होते हैं। दर्शकों को ढेर सारी सामग्री देने का विचार तब कारगर रहा जब केवल नेटफ्लिक्स था। अब डिज्नी, वार्नर, एमेजॉन प्राइम वीडियो, ऐपल तथा अन्य कंपनियों के आने से लागत दो से चार गुना बढ़ गई है। इससे भी अहम बात यह है कि सफलता की परिभाषा बदल गई है। ऐपल के लिए इसका अर्थ यह है कि यह उसके उपकरणों की बिक्री में कितना मददगार है। इन कंपनियों का राजस्व 250 अरब डॉलर से अधिक है। जाहिर है कोई नियमित मीडिया कंपनी उनसे अधिक खर्च नहीं कर सकती। द इकनॉमिस्ट ने एम्प्री एनालिसिस नामक शोध कंपनी के हवाले से बताया कि कुल मिलाकर अमेरिकी मीडिया कंपनियां इस वर्ष वीडियो सामग्री पर 230 अरब डॉलर से अधिक राशि व्यय करेंगी जो एक दशक पहले की तुलना में दोगना है। नैथंसन का अनुमान है कि 2022 में डिज्नी सामग्री तैयार करने पर 22 अरब डॉलर खर्च करेगी, पैरामाउंट 21.5 अरब डॉलर और नेटफ्लिक्स 17.2 अरब डॉलर की राशि व्यय करेगी। फिल्मों को भी रिलीज के 8 से 12 सप्ताह बाद ओटीटी और फिर टीवी पर रिलीज करने से अच्छी कीमत मिल रही है। एचबीओ जैसे सफल टीवी ब्रांड ने अपनी पहचान गेम ऑफ थ्रोंस और द सोप्रानोस जैसे शो को धारावाहिक के रूप में प्रसारित करके बनाई। प्रसारण सामग्री की लागत सीमित रखने के लिए कई बड़ी वैश्विक कंपनियां लोकप्रिय शोज के नए सीजन पेश कर रही हैं। एक सप्ताह में इनके कुछ ही भाग पेश किए जाते हैं। यंग शेल्डन, द मार्वलस मिसेज मैजल (दोनों एमेजॉन प्राइम वीडियो पर) ऐसे लोकप्रिय शो में शामिल हैं जिनकी नई कड़ियां लड़खड़ाहट के साथ आ रही हैं। नेटफ्लिक्स इस वर्ष करीब एक करोड़ ग्राहक गंवा चुका है और वह 12 देशों में विज्ञापन समर्थित मॉडल पेश कर रहा है। इसमें हर घंटे के प्रसारण के बाद चार से पांच मिनट विज्ञापन आएंगे। इसके बाद खेल जगत का प्रसारण है जो तेजी से पहुंच बनाता है। देखा जाए तो स्ट्रीमिंग साइट अब प्रसारकों की भूमिका अपना रही हैं जबकि प्रसारक अपनी वृद्धि बचाने के लिए स्ट्रीमिंग अपना रहे हैं।

भारत के लिए इसका क्या अर्थ है? डिज्नी, सोनी-जी, नेटफ्लिक्स आदि की भारत में अहम मौजूदगी है। इनकी वृद्धि के लिए भारत अहम बाजार है। एक ओटीटी सी की औसत लागत 40 लाख रुपये प्रति कड़ी है जबकि टीवी पर आधे घंटे का शो 10 से 15 लाख रुपये में बनता है। बीते तीन-चार साल में अच्छी सामग्री के बढ़ते दबाव के कारण प्रतिभाओं की लागत 40-50 प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनियों के एकीकरण से लागत कम करने और आकार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे नई पीढ़ी निवेश में भी मदद पा सकती है। इन कंपनियों द्वारा अन्य जगहों पर उठाए जा रहे कदम भारत पर भी लागू होंगे। नैथंसन ने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि डिज्नी ने इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण अधिकारों से दूरी बना ली। मीडिया पार्टर्नस एशिया के अनुसार डिज्नी ने 2017 में अधिकार लागत के रूप में 2.2 अरब डॉलर की राशि चुकाई थी।

(लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुडें हैं।)

## खास बात
## शाश्वत पड़ाव

**डॉ.हितेश खुराना**

**बुढ़ापा** जीवन का एक शाश्वत पड़ाव है और यह अवस्था हम सब पर आयेगी। युवा उम्र को सेहतमंद मानकर सकारात्मक रूप से देखा जाता है लेकिन जब बुढ़ापे के दौर को अक्सर बीमारी और निर्भरता के तुल्य मानते हैं। इस आयु में व्यक्ति विभागीय काम से सेवानिवृत्त हो जाता है, आय कम हो जाती है और वित्तीय जरूरतों, गतिशीलता और स्वास्थ्य समस्याओं सहित लगभग हर चीज के लिए दूसरों पर निर्भरता बढ़ जाती है। भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति वृद्धावस्था को 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के रूप में परिभाषित करती है।

**बुजुर्ग आबादी में महिलाएं ज्यादा**

भारत के लिए बुजुर्ग आबादी बहुत चिंता का विषय है। वे आबादी का लगभग 8 फीसदी हिस्सा हैं और साल 2050 तक 19 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। ध्यान देने योग्य है कि इस चरम उम्र में लिंग अनुपात भी उलट जाता है। हम इसकी कल्पना इस तथ्य से कर सकते हैं कि हमारे घरों में भी हम में से अधिकांश की दादी-नानी होंगी। भारत में प्रत्येक 1000 बुजुर्ग पुरुषों के अनुपात में 1033 बुजुर्ग महिलाएं हैं। हमारे देश में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति अभी भी पर्याप्त नहीं है। इसके चलते भारत में बुढ़ापा एक गंभीर सामाजिक समस्या है और हमें इससे पार पाने की आवश्यकता है।

**समस्याओं की भरमार**

अधिकांश समय विभिन्न अंगों की शिथिलता से संबंधित समस्याएं व्यक्तियों के लिए सीमाएं पैदा करती हैं। दृष्टि और श्रवण दोष आमतौर पर बुजुर्गों में सामान्य समस्याएं हैं। वहीं जोड़ों की समस्याएं और मांसपेशियों का कमजोर होना वृद्धों का आना-जाना सीमित कर देता है।

**मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चुनौतियां**

भारत में तकनीकी व आर्थिक प्रगति के साथ ही सामाजिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इसका सर्वाधिक असर पारिवारिक ढांचे पर है। एकल परिवार संयुक्त परिवारों की जगह ले रहे हैं जिससे बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए कम लोग बचते हैं। नतीजतन, बुजुर्ग या तो उपेक्षित हो जाते हैं या निर्भरता के कारण असहज रिश्ते में रहते हैं।

# राम से प्रेम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

कैकेयी से वन गमन की बात सुनकर श्रीराम ने कहा कि यदि मुझे राजा बना दिया जाता तो राजा की इतनी जिम्मेदारी होती है कि मुझें थोड़ा सा समय नहीं मिलता कि मैं जंगल जाकर ऋषि मुनियों के बीच बैठूं और ज्ञान की चर्चा करूं। लेकिन मां तुमने तो मेरी मन की मुराद पुरी कर दी। मुनि जन मिलन विशेष वन सबहि भांति हित मोर।। इसमें मेरी भलाई है। इसमें मैं प्रसन्न हूं। महाराज को आप बोल दीजिए कि महाराज आप दुखी मत हो और मैं तैयार हूं। श्रीराम वनगमन के लिये तैयार होने चल दिये। वे तैयार हुए तब देखे कि लक्ष्मण जी भी तैयार हो रहें हैं, सीता जी भी तैयार हो रही है। सीता को श्रीराम जी ने कहा कि आप क्यों तैयार हो रही हैं? मैं तो अद्धांगिनी हूं। जहां आप हैं वहां मेरा जीवन है। आपसे अलग मैं कैसे रह सकती हूं। जब वे तीनों वनगमन के लिये निकलने लगे तो प्रजा ने घेर लिया। आपको महाराज युवराज नहीं बनाए कोई बात नहीं है। वे भरतजी को युवराज बनाए हैं, ये हमलोगों को मंजूर है लेकिन महाराज अपनी जुबान से यह नहीं बोले हैं कि आप जंगल जाइये। ये हमलोगों को मालूम है। अतः आप अपनी इच्छा से जंगल जा रहे हैं और हमलोग अपनी इच्छा से आपका रास्ता रोक रहे हैं। इसलिये कि आपको हमलोग छोड़ नहीं सकते हैं। आप अयोध्या सूना करके चले जाइये यह हमलोगों को मंजूर नहीं है।

श्रीराम, लक्ष्मण एवं सीता जब रथ पर तैयार होकर बैठे तो सामने रास्ता पर हजारों लोग लेट गये और कहा कि नहीं जाने देंगे। स्थिति ऐसी हो गयी कि रथ बढ़ नहीं सकता था। श्रीराम प्रजा से बोले भाईयों ठीक है कि महाराज की आज्ञा नहीं हुई है। (ब्रह्य विद्यायल सह आश्रम)

आजसू पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ आज राजभवन जाकर माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान माननीय राज्यपाल से नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर अपनी बात रखी तथा ज्ञापन सौंपा।

**- सुदेश महतों, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

भारत को भेदभाव नहीं, सद्भाव की जरूरत है। यह जागरूकता आवश्यक है कि देश के लिए किया गया कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। क्योंकि हर भारतीय देश का एक कर्मचारी ही है।

**- राहुल गांधी**





भ्रष्टाचार मुक्त देश और समाज बनाने के लिए उश्उ जैसी संस्थाओं को निरंतर जागृत और सतर्क रहना है।

भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी ताकतवर क्यों ना हो, वो किसी भी हाल में बचना नहीं चाहिए।

**- नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### कार्रवाई भी हो

**फिल्म** और राजनीति से जुड़े मशहूर सितारे समाज के लिए एक आदर्श माने जाते हैं। बाजार की प्रतिस्पर्धा में विज्ञापनों के बाजार में सितारों को एक नया मुकाम मिल गया है। बेशक यह परंपरा पुरानी है मगर कभी चुनिंदा विज्ञापनों में ही बड़े सितारों की भूमिका होती थी। प्रतिबंधित और नुकसानदेह उत्पादों को प्रोत्साहित किया है। उनपर कड़ी कार्रवाई भी हो।

**-अजय मिश्र, हजारीबाग**

### आर्थिक प्रलोभन

**देश के** भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्मश्री, पद्मभूषण अलंकृत महानुभाव जब तेल, पानी, साबुन बेचते दिखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान में पैसा और प्रदर्शन इतना हावी है कि नैतिकता ताक पर रख दी गयी है। विज्ञापनों में ही नैतिकता कहां है। अन्तर्वस्त्रों तक के विज्ञापनों के लिए तो ये सितारे संकोच नहीं करते। यही इनकी नैतिकता है। इन्हें शर्म नहीं आती?

**-सुजाता सिंह, रांची**

# अयोध्या का गुप्तार घाट जहां राम ने जल समाधि ली थी

**मुरलीधर**

## धर्म



**अयोध्या** में श्री राम का जन्म और अयोध्या में ही भगवान राम की जल समाधि। मैं सोचता हूं आखिर गुप्तार घाट नाम क्यों है? क्या राम नहीं है यह मानना अयोध्यावासियों के लिये कठिन था, असंभव सा। इसलिये उनके मन ने माना कि राम गप्त हो गये सरयू में। इस जल समाधि के स्थान पर जाकर रामत्व का अनुभव होता है। जब मैंने वहां जाने की बात कही तब ऑटो वाला बोला घाट पर बाढ़ है डूबा है। मैंने कहा जहां हमारे राम डूबें हो वहां ही तो जाना है शेष जीवन तो रामलीला करता ही रहा हूं। कैंट इलाके से होता वहां पहुंचा। पानी घट रहा था। शाम का वक्त। सरयू मईया की आरती। मकई बेचती लड़की। और मंदिर के पुजारी कहते हैं कि 1955 के बाद ऐसी बाढ़ नहीं देखी। मंदिर से पानी आज ही अभी निकला है। अचानक पानी बढ़ता है दस मिनट तक अफरा तफरी फिर शांति। घाट से सटा उपर तक सरयू मानसरोबर से निकल कर छपरा में गंगा से मिलने तक अयोध्या की धरा को राम के स्मृतियों में अपने ऊंचे स्थान पर जैसे गर्व कर रही हो। लगा सरयू कह रही हो अवश्य देखिये देखन योगा। रामनगरी अयोध्या का जिक्र आते ही आपके दिल-दिमाग में भगवान राम के जन्मस्थली की तस्वीर कौंध जाएगी, जहां वह बाल लीलायें किया करते थे। भगवान की स्मृतियों को समेटे राम नगरी में वैसे तो कई दर्शनीय स्थल हैं, लेकिन गुप्तार घाट की अपनी अलग ही विशेषता है। यह वह घाट है, जहां भगवान श्रीराम ने जलसमाधि ली थी। सरयू नदी के किनारे स्थित गुप्तार घाट पर कई छोटे-छोटे मन्दिरों के साथ यहां का सुन्दर दृश्य मन को मोह लेने वाला है। मुक्ति पाने की इच्छा लेकर इस स्थान पर दर्शनार्थी आते हैं। 19वीं सदी में राजा दर्शन सिंह द्वारा गुप्तार घाट का नवनिर्माण करवाया गया था। इस घाट पर राम जानकी मंदिर, पुराने चरण पादुका मंदिर, नरसिंह मंदिर और हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र हैं। गुप्तार घाट के पास ही मिलिट्री मन्दिर, कम्पनी गार्डन, राजकीय उद्यान और अन्य प्राचीन मन्दिर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। नौका विहार और लम्बे रेतीले मैदानों के इर्द-गिर्द हरियाली व शान्त वातावरण और सूर्यास्त की निराली छटा लोगों को बरबस अपनी ओर खींच लेती है। बक्सर की युद्ध विजय के बाद तत्कालीन नवाब शुजा-उद-दौला द्वारा निर्मित ऐतिहासिक किला, गुप्तार घाट से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है। ...जब अयोध्या उजड़ सी गई थी मान्यता है कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ ही कीट-पतंग तक उनके दिव्य धाम चले गये, जिसके चलते अयोध्या उजड़ सी गई थी। बाद में उनके पुत्र कुश ने इस नगरी को फिर से बसाया। प्राचीन इतिहास के मुताबिक, महाराज विक्रमादित्य ने अयोध्या नगरी को बसाया था। अयोध्या में गुप्तार घाट के अलावा ऋणमोचन घाट, लक्ष्मण घाट, शिवाला घाट, जटाई घाट, अहिल्याबाई घाट, धौरहरा घाट, नया घाट और जानकी घाट काफी मशहूर हैं। जीवन का आंरभ यानी आपका जन्म आपके वश में नहीं लेकिन अंत तो महान जनों का भगवान राम का निश्चित ही दुनिया का श्रेष्ठ स्थल ही होगा इस पर बहस कहां है? जिन्होंने बहस किया तर्क किया कुतर्क किया उन्हें पता नहीं हमारे राम तो तर्कातिक हैं, वश गुप्त हो गये हैं हैं अयोध्या के गुप्तार घाट पर।

# अब मंगल पर बस्ती बसाने की तैयारी

**सुधांशु कुमार**

## विज्ञान

**भविष्य** में मनुष्य को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना है। यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण मिशन होगा। लाल ग्रह पर सुरक्षित उतरना,वहां ठहरना और वहां से सुरक्षित लौटना सबसे बड़ी चुनौती है। मंगल मिशन की राह को आसान बनाने के लिए इंजीनियर और शोधकर्ता कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं। उनका मुख्य फोकस लाल ग्रह के स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर है। वहां ऑक्सीजन उत्पादन का नासा के इंजीनियरों का प्रयोग सफल रहा है। अब शोधकताओं ने मंगल की मिट्टी के उपयोग से महत्वपूर्ण कलपुर्जों और रॉकेट के हिस्सों की 3डी प्रिंटिंग का रास्ता खोज लिया है। इस सफलता के बाद भविष्य में अंतरिक्ष भ्रमण न सिर्फ सस्ता होगा बल्कि ज्यादा व्यावहारिक भी हो जाएगा।

यदि मनुष्य को भविष्य में मंगल पर अपनी बस्तियां बसानी हैं तो सबसे पहले उसे अपने अस्तित्व के लिए ग्रह पर ही अधिकांश खाद्य वस्तुओं और आवश्यक कलपुर्जों के उत्पादन के तरीके खोजने होंगे। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि अंतरिक्ष में सामग्री ले जाना बहुत महंगा पड़ता है। उदाहरण के तौर पर नासा के अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा में केवल एक किलो का पेलोड डालने में लगभग 54,000 डॉलर (करीब पांच करोड़ रुपये) का का खर्च आता है। इसलिए जो कुछ भी ग्रह पर बनाया जा सकता है उससे अंतरिक्ष यान का वजन कम होगा और धन की भी बचत होगी। अगर कोई टूट-फूट होती है तो अंतरिक्ष यात्रियों को उसे मौके पर ही ठीक करने के उपाय की आवश्यकता होगी। ऐसी स्थिति में स्थानीय संसाधनों का उपयोग बहुत उपयोगी होगा।

वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) के शोधकताओं ने मंगल की सतह पर धूल का उपयोग करके कलपुर्जे बनाने का तरीका खोजा है। उनके अनुसार, मंगल की पांच प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत मिट्टी का उपयोग करके उपकरण बनाये जा सकते हैं। शोधकताओं ने प्रयोग के लिए जिस पदार्थ का उपयोग किया वह मंगल पर पाये जाने चट्टानी पदार्थ से मिलता-जुलता है। यह पदार्थ रोबोटिक आर्म या रोवर द्वारा एकत्र किया जा सकता है। डब्ल्यूएसयू के स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग के प्रोफेसर अमित बंद्योपाध्याय ने कहा कि अंतरिक्ष में मानव मिशन के लिए 3डी प्रिंटिंग अनिवार्य होगी क्योंकि हम वास्तव में पृथ्वी से सब कुछ नहीं ले जा सकते।

बंद्योपाध्याय और उनके सहयोगियों ने मंगल की नकली मिट्टी को टाइटेनियम मिश्र धातु के साथ मिलाया। इसके लिए उन्होंने पाउडर-आधारित 3डी प्रिंटर का उपयोग किया। सुदृढ़ता और गर्मी प्रतिरोधी गुणों के कारण टाइटेनियम का उपयोग अक्सर अंतरिक्ष अन्वेषण में किया जाता है। शोधकताओं ने पदार्थ को गलाने के लिए उच्च शक्ति वाली लेजर का उपयोग किया। पिघले हुए मिश्रण को फिर एक चलते हुए प्लेटफॉर्म पर डाला गया। इससे पदार्थ को विभिन्न आकारों में बदलना आसान हो गया। सामग्री के ठंडा होने के बाद शोधकताओं ने ताकत और स्थायित्व के लिए इसका परीक्षण किया। उन्होंने पाया कि टाइटेनियम मिश्र धातु के साथ मंगल की मिट्टी मिलाने से एक बहुत ही सुदृढ़ पदार्थ बनता है जिसका प्रयोग लाल ग्रह पर कलपुर्जे और रॉकेट के हिस्से बनाने के लिए किया जा सकता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## गरीबों की सेवा के लिए करें तन-मन-धन से सहयोग : डब्लू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस बार भी रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों दातुन-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो.रामानुज सिंह व रितिका गुप्ता ने दर्जनों जरूरतमंद महिला-पुरूषों व बच्चों के बीच पाव-भाजी व जलेबी का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए जवाहर नगर पंचायत भवन में रविवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पंचायत की मुखिया फूलमती देवी व पंसस प्रतिनिधि रोबीन मुखर्जी द्वारा 85 विधवा, दिव्यांग, वृद्धों गरीब-जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## सत्संग का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओल्ड पानी टंकी भुरकुंडा स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन हुआ। शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में आयोजित सत्संग का शुभारंभ परम पिता परमात्मा कण-कण में तेरा वास प्रार्थना से हुआ। इसमें दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। सत्संग को संबोधित करते हुए शाखा मुखी अशोक चौहान ने क्षेत्र में सुख-शांति, अमन-चैन व हरियाली-खुशहाली के लिए लोगों से सत्गुरू के चरणों में जुड़ने का आहवान किया।

## रैयत विस्थापित-प्रभावितों की कुरसे पंचायत भवन में हुई बैठक

**भदानीनगर (रामगढ़)।** कुरसे पंचायत भवन में रविवार को बरका-सयाल क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा कोलियरी परियोजना के रैयत विस्थापित-प्रभावितों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामदास बेदिया व संचालन उपमुखिया अजय कुमार तुरी ने किया। बैठक में लोकल सेल, ट्रांसपोर्टिंग, बेरोजगारों को रोजगार दिलाने आदि मुख्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत राजस्व गांव कुरसे, बलकुदरा, देवरिया और दुंदुवा के बीच संपर्क कर समन्वय बनाने का निर्णय लिया गया।

## सरहुल पूजा समिति की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में रविवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के केंद्रीय अध्यक्ष संजयनाथ करमाली व संचालन प्रवक्ता विक्रम करमाली ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 15 नवंबर को विरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

## प्रतिनिधियों ने केजीवीके द्वारा किये गये कार्यों की प्रंशसा की

**रजरप्पा।** बिहार से आए प्रतिनिधियों ने केजीवीके के कार्यों को सराहा । बिहार के वैशाली जिले अंतर्गत कार्यरत संस्था आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम के प्रतिनिधियो ने रामगढ़ के बुढाखुखरा एव गण्डके गांव में क्षेत्रीय विजिट किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक व केजीवीके द्वारा संचालित एफआरडीपी एव एचआरडीपी परियोजना द्वारा कराये गए कार्यों का अवलोकन किया. जिसमें सिंचाई, नाली, तालाब, कूप, श्रीविधि धान, जैविक खाद निर्माण, लाह चूड़ी निर्माण, मछली पालन, स्ट्रॅाबेरी संबंधित कार्यों को देखकर काफी प्रभावित हुए. साथ ही सारे कामों की जानकारी भी प्राप्त किया। बिहार से आए हुए पदाधिकारीयो में डॉ. वसंत कुमार, अंकिता एव उनके सहयोगियों ने केजीवीके द्वारा किये गए कार्यों की भूरी -भूरी प्रंशसा की।

### विधायक अंबा प्रसाद ने किया अंबाजीत कोनी मोड़ से आजाद नगर होते हुए हाहे पथ निर्माण का शिलान्यास

# पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से हो रहा है सड़कों का निर्माण कार्य : अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम अंबाजीत कोनी मोड़ से आजाद नगर होते हुए हाहे तक जाने वाली 1.50 किलोमीटर पथ का 95 लाख की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा रविवार को शिलान्यास किया गया। ज्ञात हो कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी मद से हुई है।



शिलान्यास करतीं अंबा प्रसाद व अन्य।

लगभग 1.500 किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग की जर्जर हालत से क्षेत्रीय लोग काफी मुसीबतों का सामना कर रहे थे। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा इस जर्जर सड़क के निर्माण हेतु किए गए शिलान्यास के पश्चात स्थानीय निवासियों व आसपास के गांवों के लोगों को अच्छी सड़क मिलने वाली है, वही कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के साथ साथ माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात पारंपरिक रूप से पूजन के बाद विधायक ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगा वही निर्माण कार्य कर रहे चंपेश्वरी कंस्ट्रक्शन के संवेदक को सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखे जाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विशेश्वर नाथ चौबे, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, गोपीनाथ सिंह, त्रिलोकी साव, जमाल सगीर, श्याम भार्गव, शमशेर आलम, अहमदुल्लाह, संजय सिंह, अशोकसिंह, सदानंद सिंह, भोला सिंह, बंटी सिंह समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**रामगढ़।** पुनदांग स्थित टॉल प्लाजा में शुक्रवार को क्यू हाईवे फाउंडेशन द्वारा सीएसआर योजना के तहत छात्रवृति वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय कुमार एवं विशिष्ट अतिथि ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह थे। अतिथियों ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का उदघाटन किया। इसके उपरांत एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय कुमार ने 26 छात्र छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि का वितरण किया। एनएचएआई जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कहा कि जरूरतमंद मेधावी बच्चे आगे बढ़ सकें। इसको ध्यान में ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम आरंभ किया गया है। एनएचएआई इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष करेगी । ताकि जरूरतमंद बच्चों को मदद प्रदान किया जा सके। योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 10-10 हजार रूपए की छात्रवृति प्रदान की गई। मौके पर समाजसेवी अमित सिन्हा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर वृतांत सिंह रजावत, चेतन मालवाड़ी, मैनेजर राजेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक भवन के भूमिपूजन में शामिल हुए सदर विधायक

# समाज के लिए हितकर साबित होगा यह भवन : मनीष

### विधायक निधि से दिया 15 लाख की राशि का अनुसंशा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 26 के कुम्हारटोली पार नाला शिव मंदिर के समीप भव्य सांस्कृतिक भवन निर्माण के भूमि-पूजन में बतौर अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, मनोज गुप्ता, मनोज भगत, विजय प्रसाद, संजय गुप्ता, कृष्णा ठाकुर, अरुण पंडित, अंजनी कुमार, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए अपने अपने नाम का ईंट देकर भूमि पूजन किया। भूमि पूजन में मुख्य रूप से स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भुलन राम, मनोज वर्मा,



मौके पर उपस्थित सदर विधायक व अन्य।

दयाशंकर मिश्रा के अलावे सांस्कृतिक भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष विजय वर्मा, सचिव सुजीत कुमार वर्मा, स्थानीय वार्ड पार्षद तारा देवी, मोना वर्मा, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य लोगों का यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने ढोल तासे के साथ जबरदस्त स्वागत किया। यहां सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए स्थानीय लोगों को विधायक मनीष जायसवाल ने अपने विधायक निधि की राशि से 15 लाख रुपए का अनुशंसा पत्र सौंपा ताकि समाजहित और जनहित में यथासीघ्र इस भव्य सांस्कृतिक भवन का निर्माण हो सके। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सांस्कृतिक भवन के निर्माण होने से यहां किसी भी प्रकार के सार्वजनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सुविधा होगी।

# शिवा दास के आकस्मिक निधन पर भीम आर्मी ने मनाया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में भीम आर्मी एकता मिशन आकस्मिक बैठक करते हुए एक होनहार युवक बारातांड निवासी शिवा कुमार दास पिता राजकरण रविदास के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा मे दिवगंत युवक शिवा कुमार दास के चित्र पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन बरही इकाई के सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि शिव कुमार भीम आर्मी का एक बेहतर सदस्य था।उन्होंने समाज के सभी ग्रामीणों के साथ सहयोग की भावना रखते हुए लोगों से संपर्क ने निरंतर बना रहता था। साथ ही वे समाज के सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेता था। उनके निधन से भीम आर्मी को भारी क्षति हुई है। भगवान उनके आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उनके परिजनों को हिम्मत रखने का हौसला दे।भीम आर्मी पूर्व उपाध्यक्ष मनोज रविदास के अनुसार शिव कुमार दास उर्फ शिबू महाराष्ट्र के पुणे में एक निजी कम्पनी में काम करने गया था वहा कुछ दिन काम करने के बाद उसे



शोक सभा में शामिल भीम आर्मी के सदस्य।

ड़ेंगू हो गया था।कुछ दिन पूना में इलाज कराने के बाद लड़का बहुत स्वास्थ्य हो गया था और वहाँ से वापस अपना घर बरही आ रहा था लेकिन अचानक रास्ते में ही उनका सेहत खराब हो गया और अपना इलाज के लिए वह ट्रेन से उतरा और अचानक स्टेशन पर ही गिर गया वही अपना जीवन का अंतिम सांस लिया इधर उसके माता पिता व भाइयो को रो रो कर बुरा हाल है इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।मौके पर भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव, उपाध्यक्ष मनोज रविदास,पूर्व सचिव रिजवान अली, बरही पूर्वी अध्यक्ष अनुज कुमार, कोनरा अध्यक्ष महेंद्र दास, जिला सचिव राहुल अम्बेडकर, सुनील आनंद, दिनेश रविदास, पंकज दास, नीलेश कुमार, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, प्रेम प्रकाश, रवि, अमित दास, रोहित, गंगोली कुमार, समशेर आलम,सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवरिया की टीम ने अपने नाम किया उज्ज्वल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** ईरगा पंचायत के क्रिकेट मैदान में उज्ज्वल स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला देवरिया और मेजबान ईरगा टीम के बीच खेला गया। जिसमें देवरिया की टीम 32 रनों से विजय हुई। देवरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाये। इरगा की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 112 रन ही बना सकी। देवरिया टीम ने 32 रनों से फाइनल मुकाबला जीत कर ट्रॉफी अपने नाम किया। देवरिया टीम के बल्लेबाज चंदन सिंह ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंदों पर 43 रनों की पारी खेली । चंदन सिंह को मैन ऑफ दा मैच पुरुस्कार दिया गया तथा मैंन ऑफ दा सीरीज पंकज का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर की भूमिका योगेन्द्र कुमार और राज खान ने निभाई ।इस टूनार्मेंट में कुल 32 टीमो ने भाग लिया था। विजेता टीम को ट्रॉफी और 21 हजार नगद पुरस्कार तथा रनरअप टीम को ट्रॉफी और 11 हजार रुपये नगद पुरुस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि सदर प्रखंड के उपप्रमुख सह समाजसेवी रविकांत सिंह ने दोनों टीमो को बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों टीमो की खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ बहुत अच्छी खेल दिखाई। मैच आयोजन कर्ता युवकों को भी बधाई देते हुए कहां की आपने कड़ी मेहनत के साथ इस टूनार्मेंट को सफल किया है ऐसा टूनार्मेंट का आयोजन हमेशा होनी चाहिए। इरगा पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने दोनों टीमो को बधाई देते हुए कहा कि खेल में एक टीम जीतती है तो दूसरी टीम हारती है। लेकिन हारने वाले टीम को कभी मायूस नही होना चाहिए और कड़ी मेहनत करनी चाहिए कि अगले टूनार्मेंट की ट्रॉफी अपने नाम करे। उन्होंने कहा कि इरगा पंचायत में खेल को आगे बढ़ाने के लिए बनाही खेल मैदान और बढ़वार खेल मैदान को मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से सुंदरीकरण किया जाएगा जिसकी स्वीकृति किया जा चुका है। टूनार्मेंट में मुख्यरूप से समाजसेवी रामचंद्र ठाकुर, अमन गुप्ता, बसंत कुमार रवि, प्रदीप कुशवाहा, भुनेश्वर यादव, अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, सचिव मिलन कुमार कोषाध्यक्ष अताउल्लाह खान, मनीष कुमार, सचिन कुमार, महावीर यादव, अप्पू यादव, लाल, सौरभ, राज खान सहित सेकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## भाजपा की बैठक आयोजित

**मांडू।** भारतीय जनता पार्टी बैठक मांडू पंचायत सचिवालय परिसर में रखी गई । जिसमें आगामी 10 नवंबर को राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ मांडू ब्लॉक परिसर में विशाल आक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु शक्ति केंद्र प्रमुख और बूथ अध्यक्षों की बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता मांडू मंडल के उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि विवेक कुमार गुप्ता के द्वारा की गई। मुख्य रुप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी ने बसरिया व पगार के उवि के छात्राओं को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी चट्टी बरियातु एवं केरेडारी कोयला खनन परियोजना की स्वयं सेवी संस्था संस्कृति महिला समिति द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत दिनांक 05.11.2022 को परियोजना प्रभावित ग्राम बसरिया एवं पगार के उच्च विद्यालय कि छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस एवं स्ट्रैस मैनेजमैंट ट्रेनिंग की शुरूआत। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती



शिक्षक प्रशिक्षक व विद्यार्थी।

तहजीन फैज एवं रश्मि रेखा देबता के मर्गदर्शन में आयोजित किया गया है।

बसरिया ग्राम के विद्यालय में पढ़ रही छात्रा सविता बताती है कि इस तरह के ट्रेनिंग से हमको आत्म बल मिलता है.आने वाले दिनों में अगर हमारे साथ कोई घटना हो जाए तो हम काफी आसानी से उससे निपट सकते हैं। इन दिनों इफ्टीजिंग का मामला काफी बढ़ गया है और इसको धयान में रख कर इस तरह की ट्रेनिंग लेना काफी लाभदायक है। आज इसकी हमको जरूरत है और हम अपनी रक्षा खुद कर सकें इससे बढ़िया और कुछ नहीं हो सकता है। बच्चियों की सेल्फ डिफेन्स ट्रेनर का नाम प्रत्येक्षा प्रिया है। प्रत्येक्षा ने बताया कि लड़कियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने से अब लड़कियां खुद इतनी आत्मनिर्भर बन चुकी हैं कि वो हर परिस्थिति से मुकाबला कर सकती हैं। मनोविज्ञानिक स्वाति साहू ने सभी छात्राओं को स्ट्रेस मैनज्मेंट के बारे में बताया। छात्राओं को बताया गया कि दिमाग और मन को सकारात्मक कैसे बनाए। जीवन में शांत रहेने का महत्व समझना बहुत जरूरी है। पढ़ाई का स्ट्रेस बच्चों को और दुविधा में डाल देता है।उन्होंने बताया कि हम सभी को आँखे बंद कर के प्रतिदिन 10-15 मिनट ध्यान लगाना चाहिए। इस समारोह में परियोजना के अपर-महाप्रबंधक श्री एस.पी. गुप्ता, श्री मोहम्मद वासिफ एवं उप महाप्रबंधक श्री अनिल गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक श्री आशिश कुल्लु, श्री अनिल कुमार एवं जनसम्पर्क अधिकारी मुकुल तायल एवं संस्कृति महिला समिति की सभी सदस्य एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

एक नजर में

## भराजो पंचायत की मुखिया ने किया क्रिकेट खेल सामग्री का वितरण



क्रिकेट खेल सामग्री वितरण करतीं मुखिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी गांव में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय एवं मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट खेल किट का वितरण किया गया। मुखिया ने कही कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए खेल समाग्री का वितरण किया है। खिलाड़ियों को और आगे भी जरूरत पड़ने पर सहयोग करने की बात कही।

मौके पर खिलाड़ियों में चंदन कुमार,पंकज कुमार,अमन कुमार, नितेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच 217 कंबल का वितरण

**बड़कागांव।** कांडतरी पंचायत के वृद्धों, जरूरतमंदो व असहाय मजदूरों के बीच मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि बड़कागांव में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए 217 वृद्धों व जरूरतमंद गरीब लोंगो के बीच कंबल वितरण कर काफी सुकून मिल रहा है। मौके पर उप प्रमुख बचनदेव कुमार,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मोहित कुमार, मोहम्मद अब्बास,जोगेंद्र महतो,सुरेश महतो, राजकुमार राणा, खेमलाल राम, रविकांत महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणपति लाइन होटल एवं फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत पांडे होटल के समीप गणपति लाईन होटल एवं फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा नेता आर के मेहता ने किया। जिला परिषद सदस्य बसन्त नारायण मेहता ने कहा कि या होटल हर मायने में काफी बेहतर है आज के परिवेश के हिसाब से या होटल हर दृष्टिकोण से अच्छा है इसमें सबसे बड़ी खासियत विस्तृत पार्किंग की सुविधा है जोकि चालकों को पार्किंग करने में काफी सुबिधा होगी। होटल संचालक राजेश कुमार मेहता ने बताया कि या होटल में ग्राहकों को उचित मूल्य में आना दिया जाएगा एवं ग्राहकों के सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, सूरजपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, सूरजपुरा पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास, रोमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, बिहार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कपिलदेव प्रसाद मेहता, काली मेहता, विजय मेहता, अनूप कुमार, जितेंद्र राणा, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## मुखिया निशु कुमारी ने किया कंबल वितरण

**इचाक।** बरियठ पंचायत भवन में मुखिया निशु कुमारी और वार्ड सदस्यों ने पंचायत के 70 जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया निशु कुमारी ने कहा की सरकार के हर जनपयोगी योजना को लोगों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है इसी के तहत जरूरत मंद के बीच कंबल बांटा गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, मिथलेश मेहता, राज बल्लभ मेहता, संजय मेहता, हेमंत कुमार, कैलाश कुमार, राजू मेहता, बड़े कुमार, सिकंदर कुमार, सुधाकर कुमार, हुलास कुमार, तारा देवी, बबिता देवी, अनिल कुमार, मुकेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## फुसरी पेनाल्टी किक में 0-3 से पराजित

**चरही।** चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत के तहत सिधु-कान्हू फुटबॉल मैदान में संताल आदिवासी कल्याण क्लब कसियाडीह के तत्वाधान में युवा महोत्सव व फुटबॉल के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यतिथि पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति व विशिष्ट अतिथि चरही पंचायत की मुखिया संझली मुर्मू,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा थे।मंच का संचालन कपिल हेम्ब्रोम व फिलन होरो ने किया। फाइनल मैच हजारीबाग बनाम फुसरी के बीच खेला गया। जिसमें हजारीबाग ने फुसरी को पेनाल्टी किक में 3-0 से पराजित किया। मैच में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था।पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि खिलाड़ी खेल को अपना लक्ष्य मानकर खलें। सफलता निश्चित मिलेगी।संयोजक महालाल हांसदा ने कहा कि खेल के माध्यम से भी अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। इस अवसर पर संरक्षक मनोज हांसदाफिलन होरो ,मार्सल बेसरा ,तालो हेम्ब्रोम, चुनुलाल हांसदा, ताहाराम हेम्ब्रोम, जॉन हेम्ब्रोम,शिव राम सोरेन, महादेव हेम्ब्रोम, अध्यक्ष दर्शन सोरेन, प्रदीप बेसरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक संपन्न

**चरही।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का बैठक किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत के संगठन मंत्री और विश्व हिंदू परिषद के अरविंद कुमार मेहनता और हितचिन्तक अभियान के जिला संयोजक थे। बैठक मे चुरचू प्रखंड के सभी पंचायतों में अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर गौतम सोनी विनोद ठाकुर गणेश मिश्रा दीपेंद्र सोनी संजय करमाली सूरज चौहान रोहित रवानी गौतम सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## ग्रामीण ने शाखा प्रबंधक को माफीनामा देकर मानी गलती

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के अचलजामो पंचायत बैंक ऑफ इंडिया शाखा में दो दिन पूर्व बैंक कर्मी व स्थानीय ग्रामीण अमर रजवार नामक खाताधारक के बीच कहा सुनी व ठेल धकेल का मामला प्रकाश में आया था। मामला बैंक और खाताधारक के बीच लौन के रकम की लेनदेन मुख्य कारण बना था। वीडियो वाइरल होने के बाद मामले पर खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने गंभीरता दिखाया और अगुवाई कर दोनों के बीच आपसी सहमति बनाई। अमर रजवार द्वारा उपरोक्त बैंक के मैनेजर को लिखित माफीनामा देकर अपनी गलती कि स्वीकारोक्ति की है। अमर ने स्वीकारा है कि लोन का रकम हमारी मां के खाते से नहीं काटी गई है। अमर द्वारा यह भी कहा गया है कि बैंक कमीर्यों द्वारा मुझे कुर्सी पर बिठाया जा रहा था इसी बीच किसी ने माजरे का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जिसकी जानकारी मुझे बाद में हुई। माफीनामा में अमर रजवार द्वारा वायरल वीडियो में दिख रहे घटनाक्रम का खंडन कर दिया। जबकि वीडियो में साफ दिख रहा था कि एक व्यक्ति द्वारा अमर के गिरेबान में हाथ डालकर धक्का दिया जा रहा था` यानी इस पुरे माजरे पर एक शायरी सटीक बैठती है, 'सच्चाई छुप सकती है आपस में अगर मेल हो, खुशबू आ भी सकती है अगर कागज में तैल हो। बहरहाल दोनों के बीच मधुर संबंध की बात सामने आ रही है।

स्पीड न्यूज

## नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के मुरुमकेला ग्राम में देवउठान को लेकर शनिवार रात्रि नागपुरी सांस्कृतिक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालकोट प्रखंडा के पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुमित केसरी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत झुमी झारखंड म्यूजिकल ग्रुप गुमला के गायक महावीर साहू ने नागपुरी भजन के साथ किया। साथ ही केशो देवी, राजदेव नायक ने एक से बढ़कर एक संगीत से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और डांस में रिमा ठाकुर और रोहनी कुमारी ने सभी का मन मोह लिया। मौके पर अध्यक्ष दिलीप साहू, सचिव विरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सहित समिति के सदस्य और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## नगर परिषद के समक्ष धरना 9 को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल नगर परिषद इकाई गुमला द्वारा 9 नवंबर को राज्यव्यापी जागो अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय के समक्ष होनेवाली धरना कार्यक्रम में शहर में विकास के योजनाओं में मची लूट के विरुद्ध तथा शहरवासियों की समस्या को प्रमुखता से उठाई जाएगी । विदित हो कि शहर में करोड़ों रुपए विकास के नाम पर खर्च करने के बावजूद नालियों में व शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । जन सुविधा प्राथमिकता नहीं बल्कि लूट के लिए पूर्व के पदाधिकारी द्वारा योजना बनाकर बिचौलियों के संग लाखों रुपए बंदरबांट की गई है।

## नामांकन की तिथि बढ़ी

**घाघरा।** टाना भगत इंटर महाविद्यालय घाघरा में सत्र 2022 - 24 के कला संकाय विषय में सीट बढ़ोतरी के उपरांत नामांकन की तिथि बढ़ाई गई। इस आशय की जानकारी रविवार को देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य अरशद मोमिन ने बताया कि सत्र 2022 24 के लिए कला संकाय में सीट की वृद्धि हुई है जिसका नामांकन नवंबर माह के अंत तक होगा साथ ही साथ पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र भी भरा जा रहा है जो भी छात्र छात्रा अब तक नामांकन पंजीयन और परीक्षा प्रपत्र नहीं भर पाए हैं वह महाविद्यालय में पहुंचकर अपना कार्य पूरा करा ले।

## शंकर नायक व जुन्नू रैन को मिला झारखंड रत्न



गुमला। मधुकुंज के संस्थापक सह निदेशक व नागपुरी लोक गायक प्रो. शंकर नायक व स्पोर्टस एकेडमी गुमला के निदेशक सैयद जुन्नू रैन को राज्य का सर्वोच नागरिक सम्मान झारखंड रत्न से विभूषित किया गया। यह सम्मान लोक सेवा समिति के 31 वें वर्षगांठ परनई दिल्ली में नेशनल काउंसिल ऑफ वाईएमसीएएस इंडिया के दोनों लोगों को दिया गया। नायक व रैन को झारखंड रत्न मिलने पर मधुकुंज के अध्यक्ष बलवीर लोहरा, संरक्षक अजय किशोरनाथ पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, संजय कुमार, कैलाश नाग,मधु मंसूरी आदि ने बधाई दी है।

## मैजिक व बाईक की टक्कर में 22 घायल

**सिसई।** पंडरिया रेड़वा मार्ग में रविवार को पंडरिया तालाब के समीप मैजिक वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर में 22 लोग घायल हो गये। घायलों में सुमति टेटे , देवकी टेटे, नीलम टेटे बिरसा टेटे, अमृता देवी, प्रीति कुमारी , चंपू देवी, सोनी कुल्लू , मुन्नी देवी , रंथी कुल्लू, देवीका टेटे, परनु देवी, इंदे देवी, सरोज कुल्लू , बुधनी कुमारी , सुगिया कुल्लू, अमृता पहनाई, विजय कुल्लू ,रेशमी कुल्लू, बंधु कुल्लू व सोमरा खड़िया 45 वर्ष सभी पंडरिया पहाड़ टोली निवासी शामिल हैं।

# नशापान ही अपराध की जड़

### अपराध करने वाले पर पुलिस करेगी कार्रवाई : एसपी

▸▸ बॉर्डर क्षेत्र में हत्याकांड के बाद झारखंड व छत्तीसगढ़ के कई गांवों में तनाव, दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले को कराया शांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जारी प्रखंड निवासी मो. एजाज हत्याकांड मामले को लेकर झारखंड व छत्तीसगढ़ के बोर्ड पर निवास करने वाले ग्रामीणों के बीच बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए रविवार को झारखंड के गोविंदपुर गांव व छतीसगढ़ के पतराटोली सरना स्थल पर दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में गुमला के पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, जारी बीडीओ सुमन गुप्ता, जारी सीओ रेशमा रेखा मिंज, बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, जारी थानेदार अनंत कुमार शर्मा, डुमरी थानेदार मनीष कुमार और छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के एसपी डी रविशंकर शामिल हुए।



बैठक में शामिल पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी।

जशपुर एसपी डी रवि शंकर ने कहा कि लोग प्रेम और सम्मान के साथ जीवन यापन करें। दूसरों की बुराई सोचेंगे तो उसका फल भी बुरा होगा। अगर कोई समस्या है तो उसका समाधान भी होगा। कोई भी व्यक्ति अपराध करेगा उसके ऊपर पुलिस कार्रवाई करेगी। अपराध से दूर रहें और अच्छे समाज का निर्माण करें। साथ ही कहा कि नशा पान से दूर रहें। नशा पान ही अपराध की जड़ है। ग्रामाणी जाकिर खान, रिजवान अंसारी और नईम खान ने जशपुर एसपी के समक्ष कहा कि एजाज हत्याकांड लगभग एक महीना हो गया है लेकिन अभी तक अपराधी को पकड़ा नहीं गया है। जशपुर एसपी ने ग्रामीणों से कहा कि अपराधी फरार चल रहा है। झारखंड पुलिस और छत्तीसगढ़ के पुलिस अपराधी पर पैनी नजर बनाये हुए है और कई बार अपराधी को पकड़ने के लिए छापामारी भी किया जा चुका है। वहीं मौके पर उपस्थित गुमला पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार ने कहा कि बोर्डर क्षेत्र में एजाज हत्याकांड के बाद महौल बिगड़ गया था। जिस कारण पड़ोसी गाँव छत्तीसगढ़ के लोग डर से झारखंड नहीं जाते थे और झारखंड के लोग भी छत्तीसगढ़ नहीं जा रहे थे। इसी निमित शांति व्यवस्था बहाल करने के बैठक रखा गया। बैठक में आपसी सहमति बनी कि सभी कोई झारखंड छत्तीसगढ़ लोग प्रेम भाईचारे के साथ रहेंगे। मौके पर शाहजेब खान, जेरूल अन्सारी, जाकिर खान, रिजवान अन्सारी, लालखान, कलीम कुरैशी, नयामत खान, मुर्तजा अन्सारी, सुल्तान खान सहित झारखंड छत्तीसगढ़ के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# महंगाई को ले केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश : राजेश ठाकुर

लोहरदगा में भारत जोड़ो यात्रा में कई मंत्री और कांग्रेस नेता हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण का समापन लोहरदगा जिले में हुआ। जिले के शंख मोड़ से भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए भारत जोड़ो यात्रा का शुरूआत की गई जो शहरी क्षेत्र के पावरगंज से होते हुए मिशन चौक, बरवा टोली कॉलेज रोड होते हुए मैना बगीचा में पहुंचकर वीर बुधु भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा संपन्न हुआ। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। महिलाओं ने भी पारंपरिक वेश भूसा में बढ़ चढ़ कर यात्रा में हिस्सा लिया। लोहरदगा जिले में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया जिसमे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, वित मंत्री डा रामेश्वर उरांव, स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता,ग्रामीण विकास मंत्री



आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बदल पत्रलेख,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, केंद्रीय कांग्रेस कमिटी के तारिक अनवर सहित कई नेताओं ने इस भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के पदयात्रा में शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश एक संकट की दौर से गुजर रही है। देश में मंहगाई, बेरोजगारी और नफरत चरम पर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का संकल्प लिया है। जिसे हमलोग झारखंड में पूरा कर रहे है केंद्र सरकार के खिलाफ लोगों का आक्रोश साफ देखा जा रहा है । हर कार्यक्रम में सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है और आने वाला समय



में कांग्रेस मजबूत होगी और राहुल गांधी के साथ जनसमर्थन दिख रही है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा यह भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम एक सफल कार्यक्रम है लोगो में उत्साह देखने को मिल रही और कांग्रेस को लोगो का जनसमर्थन मिल रही है लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं जिससे बीजेपी के लोग घबराए हुए हैं इसका असर 2024 में केंद्र और राज्य में देखने को मिलेगा।

## हॉकी लीग में कोनबीर व उर्सु लाइन की टीम अगले चक्र में



**गुमला।** खेल समिति गमला द्वारा संत इग्नासियुस स्कूल एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में आयोजित परमवीर अल्बर्ट एक्का लीग हॉकी मैच 2022 का 21 वें दिन रविवार को पहला मैच बलिका वर्ग में कोनबीर नवाटोली और रजावल के बीच खेला गया। जिसमें कोनवीर नवाटोली की ओर से पहला गोल अंजनी टोप्पो, दूसरा अमिया कुल्लू ,तीसरा अन्या लाकड़ा व चौथा गोल अमिया कुल्लू ने करके अपनी टीम को विजय दिलायी। वहीं दूसरा मैच कामडारा और उर्सु लाइन बी के बीच हुआ। जिसमें उर्सु लाइन की टीम 5 गोल ये विजय रही। टीम की ओर से पुष्पा डांग,अजीता कुजुर, रितु टोप्पो, व पुष्पा ने गोल किये। बालक वर्ग संत इग्नासियुस और जय किसान स्कूल के बीच मैच हुआ। जिसमें संत इग्नासियुस 5-0 से विजय रहा। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष चुमनु उरांव, सचिव नॉरबट कुजूर, कोषाध्यक्ष संदीप टोप्पो, उपसचिव अनूप फ्रांसिस कुजूर, बिब्यानी कोंगाड़ी राष्ट्रीय हॉकी कोच, सदस्य प्रमोद केरकेट्टा ,बहुरा टोप्पो, रवि चीक अंकित एक्का, आदि उपस्थित थे।

# संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर करें काम

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक में वार्षिक तेली जतरा के आयोजन पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक जिला अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर साहू की अध्यक्षता में रविवार को बड़ा क मुहल्ला स्थित समाज के कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू ने कहा कि हमारा समाज एकजुट और संगठित है। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रखंड अध्यक्ष और पंचायत के समितियों के द्वारा सामंजस्य बनाकर समाज मे कार्य करने की आवश्यकता है। समाज के लिए एक अच्छी रणनीति का होना आवश्यक है। इसके लिए चिंतन शिविर का आयोजन करने पर विचार किया गया। मुनेश्वर कुमार साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज हित में कार्य करने की आवश्यकता है। केवल अध्यक्ष अकेले सभी काम को नहीं कर सकता । जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला देवी ने कहा कि अगले माह की बैठक में जिला



महिला समिति का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी महिलाओं को भागीदारी देने की आवश्यकता है। बैठक में समाज के वार्षिक तेली जतरा में गरीब अनाथ असहाय बालिकाओं के शिक्षा तथा सामूहिक विवाह पर भी चर्चा किया गया। मुख्य संरक्षक हीरा साहू ने कहा कि हमारी मांग अनुसूचित जनजाति की है। जिससे हम किसी भी हद तक जाकर लेकर रहेंगे। मंच का संचालन शिवचरण साहू ने की। बैठक में समाज के राधा मोहन साहू, बहुरा ओहदार, शैलेंद्र साहू, सुदन साहू, भोला साहू, दिगंबर साहू,चिंता देवी, उर्मिला देवी, चित्रोत्पला साहू, बसंती साहू, गणेश साहू, रामनाथ साहू, लीलांबर साहू, प्रवीण साहू, विजय साहू, प्रभु साहू, अमर कुमार साहू, जनार्दन साहू, काशीनाथ साहू, लाल मोहन साहू, तेज मोहन साहू आदि उपस्थित थे।

## खड़िया समाज की भाषा संस्कृति को बचाएं : डॉ. किशोर



**गुमला।** बंदोई पर्व की पूर्व संध्या पर रविवार को पालकोट रोड स्थित लकड़ी डीपू मैदान में कार्यक्रम हुआ, जिसमें विभिन्न गांवों से पारंपरिक वेशभूषा में खोड़हा दल के सदस्य शामिल हुए। बंदोई पर्व की सामाजिक कथा डॉ चन्द्र किशोर केरकेट्टा ने बताया। उन्होंने कहा कि बंदोई पर्व विशेषकर हमारे घर के पशुओं का मुख्य पर्व है। बंदोई खड़िया जाति का मुख्य पर्व है। इस पर्व में घर के पालतू पशु की पूजा की जाती है। समाज के भाषा संस्कृति और नृत्य को बचाना है यही हमारे समाज की पहचान है। मौके पर राजेश खड़िया ने कहा कि समाज को जागरूक व शिक्षित होना बहुत जरूरी है तभी समाज के लोगों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि नशा पान का त्याग कर हम एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं और हमारा समाज विकास के रास्ते में आगे बढ़ पाएगा। डॉक्टर मेरिए सोरेन ने कहा कि समाज को अपनी भाषा की शिक्षा पर जोर देना है।

# गायत्री महायज्ञ में 24 हवन कुंडों में हुई पूजा

▸▸ पुंसवन, विद्यारंभ, मुंडन और दीक्षा संस्कार आज

**गुमला।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आयोजित चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार 24 हवन कुंडो में विवाहित जोड़ी व अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा पूजन एवं हवन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के टोली नायक राजकुमार भृगु, सहटोली नायक रामशंकर सिंह, गायक सुनील बंशीधर,तबलावादक प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा मंत्रोचार के साथ प्रातः 9 बजे हवन व पूजन कराया गया। जिसमें हवन संबंधित कर्मकांडो को विश्लेषणात्मक ढंग से विवेचना किया गया। जिसके पश्चात आरती किया गया। जिसके बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से संगीत व प्रवचन के माध्यम से लोगों को विद्या का महत्व बताते हुए गायत्री माता का साधना एवं जप करने की प्रेरणा दी गई। गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को विभिन्न संस्कारों यथा पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार,



मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार कराया जाएगा। गायत्री महायज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से बुक स्टॉल भी लगाया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार की शांतिकुंज की किताबें व अन्य सामग्री उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती देवी,लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी,अशोक साह,परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व दिनेश जी, प्रमोद सिंह,ओम प्रकाश शर्मा,मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास,राधा देवी,ज्ञानदीप सिंह,हरिहर जयसवाल, तनु कुमारी, चंदन कुमार,विनय लाल, सहोदरी देवी,खुशी कुमारी, किशुन सिंह,ललिता देवी,संदीप स्वरूप, उमेश कुमार गुप्ता,शारदा कुमारी, दिनेश शरण, किरण देवी, सुकृति देवी, दयानिधि कंसारी, सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित थे।

# रांची, गुमला और बेड़ो बना ओवरऑल चैंपयिन

तीन दिवसीय पांचवीं झारखंड जीत कुने डो प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती शिशु मंदिर गुमला में आयोजित तीन दिवसीय पाँचवीं झारखंड जीत कुने डो चैंपियनशिप 2022 रविवार को संपन्न हो गया। यह आयोजन झारखंड जीत कुने डो के जेनरल सेक्रेटरी अब्दुल कादिर के पहल पर गुमला जीत कुने डो मार्शल आर्ट संघ की देख रेख में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में झारखंड के 12 ज़िलों से तीन सौ से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक डा एहतेशाम वकारिब,



विशिष्ट अतिथि डीएसपी गुमला प्रदीप प्रणव तथा खेल पदाधिकारी हेमलता बून उपस्थित थी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में गुमला की प्रशिक्षिका सुश्री बालमुनी, सुश्री निशा कुमारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिल कुमार, उपाध्यक्ष अर्पिता भट्टाचार्य, प्रवीण सिन्हा,सचिव श्री अभिजीत झा, सह सचिव इंदु

परिश्रम ही आने वाले समय में आपका भविष्य तय करेगा : एसपी

पांडेय, संरक्षक श्री संजीव मालानी, पंकज सोनी ने मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक गुमला डा एहतेशाम वकारिब ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि आपका आज का परिश्रम ही आने वाले समय में आपका भविष्य निर्धारित करेगा। डीएसपी गुमला प्रदीप प्रणव ने कहा कि आप जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपना बेहतरीन प्रदर्शन करें। खेल पदाधिकारी हेमलता बून ने कहा कि खेल के क्षेत्र में गुमला ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और एक राज्य स्तरीय आयोजन के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमेशा याद रखें कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जेनरल सेक्रेटरी अब्दुल कादिर ने बताया कि जीत कुने डो के जन्मदाता ब्रूस ली को माना जाता है। यह एक मार्शल आर्ट है। सभी विजेताओं को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 12 ज़िलों में ओवर ऑल चैंपियन की ट्रॉफी राँची, गुमला तथा बेड़ो को मिली। सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया।

एक नजर में

## खेल से आता है अनुशासन : सुखी उरांव



वनवासी केंद्र में तीरंदाजी व खो खो प्रतियोगिता शुरू

लोहरदगा। बनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा में रविवार को प्रांत स्तरीय तीरंदाजी एवं खो खो प्रतियोगिता हुआ। प्रांत अध्यक्ष वनवासी कल्याण केंद्र के डॉ सुखी उरांव ने कहा कि लोहरदगा की पावन धरती वीरों की धरती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए खेलकूद अनिवार्य है। विभिन्न जिलों से खिलाड़ी आए हुए हैं और अपनी खेल प्रतिभा के बदौलत चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खेल अनुशासन सिखाता है जो राष्ट्रनिर्माण में सार्थक होगा। अखिल भारतीय ग्रामीण विकास प्रमुख बिंदेश्वर साहू ने कहा कि कल्याण आश्रम में चौदह प्रकार के आयाम संचालित किया जाता है। जिसमें छात्रावास, शिक्षा, ग्रामीण विकास, खेलकूद नगरीय कार्य, महिला कार्य, युवा कार्य, चिकित्सा, जनजातीय हितरक्षा, जनजातीय सुरक्षा मंच, जनजातीय लोक कला, संपर्क प्रचार और श्रद्धा जागरण संचालित किया जाता है। उसी की कड़ी में प्रांतीय खेलकूद का आयोजन लोहरदगा में किया जा रहा है। खिलाड़ी खेल से एकाग्रता, अनुशासन और टीम भावना को प्रदर्शित करता है। समारोह में कृपा प्रसाद सिंह संरक्षक अखिल भारतीय ग्राम विकास, सुलेखा कुमारी क्षेत्रीय महिला प्रमुख, पुष्कर महतो नगर संघचालक लोहरदगा, कलावती देवी जिला अध्यक्ष वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा, अजय पंकज जिला सचिव वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा, नम्रता भगत कोच मुख्य रूप से उपस्थित थे।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में 14 से 17 आयु वर्ग के 20 से 30 मीटर बालक वर्ग में प्रथम मंजरा पूर्ति पश्चिम सिंहभूम, द्वितीय राजकिशोर रांची, तृतीय अरुण बेदिया रांची, बालिका वर्ग में प्रथम संजना टुडू बोकारो, द्वितीय राधिका उरांव रांची, 17 से 20 आयु वर्ग के 30 से 40 मीटर में प्रथम सुखलाल पूर्ति पश्चिम सिंहभूम, द्वितीय राजेश उरांव रांची, तृतीय तुराम पूर्ति प. सिंहभूम, बालिका वर्ग में प्रथम सिमला पूर्ति पश्चिम सिंहभूम, द्वितीय माधुरी पूर्ति प. सिंहभूम, तृतीय बालही मार्डी पश्चिम सिंहभूम। खो खो प्रतियोगिता के अंडर14 बालक वर्ग में लोहरदगा ने गुमला को हराया और अंडर 16 बालिका वर्ग में गुमला ने सिमडेगा को हराया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड का घेराव 11 को



**लोहरदगा।** स्थानीय समस्याओं, जन मुद्दा एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 नवंबर को लोहरदगा प्रखंड कार्यालय का घेराव कार्यक्रम को लेकर रविवार को स्थानीय भक्कसो गांव में भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सूरज दौसंधि की अध्यक्षता में हुई । भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि पानी नहीं आने के कारण किसानों के फसल बर्बाद हुई, जिसका मुआवजा झारखंड सरकार प्रति एकड़ मात्र 3500 दे रही है जो कि एक आदिवासी किसानों की सरकार कहने वाले सरकार के यह तुगलकी फरमान है। उन्होंने कहा कि विगत दो-तीन वर्षों से बालू का टेंडर नहीं होने के बावजूद आज इस क्षेत्र के जितने भी नदी हैं वहां बालू दिखाई नहीं दे रही है। आखिर यह बालू कहां जा रहा है। कोरोना काल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे भारतवर्ष के कार्ड धारियों को फ्री में राशन उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को पांच 5 किलो राशन देने का प्रावधान किया गया किंतु आज राशन भी सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा सभी व्यक्तियों को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक को शिवपूजन सिंह, अमित लोहरा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंभू सिंह, गोसाई भगत, राजकुमार वर्मा आदि ने संबोधित किया।

## भंडरा में सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज



**भंडरा ।** आदिवासी मुलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट भंडरा लाल बहादुर शास्त्री पल्स टू विद्यालय में हुआ। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को मुखिया इंद्रदेव उरांव और पूर्व मुखिया कुलदीप उरांव,राजू शर्मा ने किया। प्रखंड में फुटबाल को बढ़ावा देने को लेकर भंडरा में आदिवासी मुलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में जिले के विभिन्न प्रखंडो के 32 टीमों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं । मुखिया इंद्रदेव उरांव ने कहा कि जिले के आदिवासी मुलवासी खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट मील का पत्थर साबित होगा । झारखंड के युवा विभिन्न खेलों के साथ-साथ फुटबॉल खेल में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में झारखंड के युवा फुटबॉल टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन करने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और प्रतिभा भी निखर कर सामने आता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी को एक बेहतर प्लेटफॉर्म भी मिलता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान बुधराम उरांव,रंजीत यादव,सोमरा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे । टूनामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष पिंटू उरांव ने बताया की तीन दिवसीय टूर्नामेंट छ नवम्बर से आठ तक होगा । फाइनल मैच आठ नवम्बर को होगा ।

## श्री सत्यचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**घाघरा।** प्रखंड के सेहल में 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित नव कुंडीय श्री सत्यचंडी महायज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रही है। मंडप को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं पूजा समिति के सदस्य यज्ञ को लेकर लगातार गांवो में बैठक कर लोगों को यज्ञ की जानकारी दी जा रही है। इस निमित्त रविवार को जानकारी देते हुए महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय ने बताया कि यज्ञ स्थल का कार्य प्रारंभ हो चुकी है। साथ ही सेहल पंचायत सहित कई गांव में लगातार समिति के सदस्यों द्वारा बैठक कर कार्यक्रम को पूर्णरूपेण सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर आगामी 27 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। महायज्ञ सफल बनाने में कल्याण बाबा के साथ-साथ, चित्रकूट के मुख्य आचार्य हीरामणि, दितीय आचार्य प्रयागराज से तृतीय आचार्य बनारस से आ रहे हैं। वही 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक किशोरी असिता द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन शाम 3:00 बजे से 6:00 बजे तक की जाएगी। मौके पर बिनोद महतो परमेश्वर साय अरबिंद पाठक अमित साय रामलाल महतो बिनु महतो केवल महतो दिलीप साय सावन लोहरा सहित कई सदस्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आ कर मरने वाले व्यक्ति की हुई पहचान

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी रेलवे जंक्शन के फूटओवर ब्रिज के समीप झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मृत होने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। टोरी जंक्शन पहुंची मृतक की माता भुदली उरांव, फुआ वीणा देवी और अन्य ने दुर्घटना के बाद लिए गए फोटो से उसकी पहचान बुधवा उरांव (पिता स्व. दसई उरांव, ग्राम टिको, कुडू) के रूप में की है। बताया कि 3 नवंबर को मृतक अपनी पत्नी को राजस्थान भेजने के लिए टोरी आया था। टोरी पोस्ट पर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनो को जीआरपी बरकाकाना के पास भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार मृतक की पत्नी को घटना के संबंध में अबतक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को लेकर बैठक आज

**चंदवा।** चंदवा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदवा अमित कुमार की अध्यक्षता में चंदवा मंडल के द्वारा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार, राज्य में चरमरायी विधि व्यवस्था एवं राज्य सरकार की विकास कार्यों में विफलता को लेकर विरोध में 7 नवंबर से 13 नवंबर तक प्रदेश नेतृत्व द्वारा आहूत धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर सोमवार की दोपहर चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में बैठक आहूत की गयी है। उक्त जानकारी देते हुये मंडल कमिटि से मंडल के पदाधिकारियों, मंडल कार्यसमिति के सदस्य, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्षों, वरिष्ठ भाजपाईयों से बैठक व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम शामिल होने की अपील की है।

# लघु सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर के पेड़ों को कटवाकर बनवाया जा रहा पलंग

## नहीं ली गयी अनुमति, बरवाडीह प्रखंड के गढ़वाटांड़ स्थित ऑफिस का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** एक ओर जहां सरकार इमारती पेड़ों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गढ़वाटांड़ के खेल मैदान के समीप स्थित लघु सिंचाई विभाग के सरकारी कार्यालय परिसर में लगे गंभार और सागवान के चार-पांच इमारती हरे भरे वृक्षों को विभागीय कर्मियों के द्वारा निजी फायदे के लिए कटवा दिया गया है। जानकारी मिलते ही खबर मन्त्र के पत्रकार मामले की पड़ताल के लिए लघु सिंचाई विभाग का कार्यालय पहुंचा, तो देखा की कार्यालय के समीप ही एक कमरे में नवनिर्मित दीवान पलंग की डेटिंग-पेंटिंग कराई जा रही थी। वहां पलंग निर्माण में लगे मिस्त्री ने बताया कि वह बीते आठ दिनों से इस पलंग को बना रहे थे।



काटे गये पेड़।

लघु सिंचाई के विभाग के जूनियर इंजीनियर राजकिशोर पासवान से जब इस संबंध में दूरभाष पर पूछताछ की गयी, तो उन्होंने मामले से सीधे अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि आप असिस्टेंट इंजीनियर महेंद्र सिंह से बात कीजिए। इसके बाद महेंद्र सिंह को दूरभाष पर कॉल लगाया गया, तो उन्होंने भी इसकी जानकारी होने से इनकार कर दिया।

मौके पर मौजूद लघु सिंचाई विभाग के लिपिक अक्षय सिंह ने बताया कि एक सूखा हुआ पेड़ कटवाये थे। लेकिन, कार्यालय परिसर में चार-पांच जड़ से कटे हुए दशकों पुराने इमारती वृक्षों के निशान अभी भी मौजूद है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि जहां निजी जमीन पर भी लगे हुए इमारती वृक्षों को काटना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है, वहीं लघु सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए हरे-भरे बेशकीमती और इमारती वृक्षों को किसकी अनुमति से कटवाया गया। महत्वपूर्ण बात यह कि बेखौफ होकर कार्यालय में ही दीवान पलंग, टेबल और बेंच आदि का निर्माण हो रहा है। यह विभाग की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

ढाई से तीन लाख रुपये है काटे गये पेड़ों की कीमत

मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय परिसर में काटे गये पेड़ों से पहले भी पलंग और सोफा सेट आदि का निर्माण करवाकर ले जाया जा चुका हैं, और इस नवनिर्मित दीवान पलंग को भी ले जाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यालय परिसर से अब तक काटे गये दशकों पुराने हरे-भरे वृक्षों की कीमत तकरीबन ढाई से तीन लाख रुपये बतायी जा रही हैं। पूरे मामले में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले के अधिकारी और संबधित विभाग मामले में दोषी व्यक्तियों पर क्या कारवाई करती है, क्योंकि एक आम और गरीब व्यक्ति अगर किसी सूखे वृक्ष को भी क्षति पहुंचाता है, तो उसपर कानूनी कारवाई की जाती है।

## एक नजर में

### बालूमाथ में पत्रकार जावेद अख्तर पर चली गोली, बाल-बाल बचे, आरोपी गिरफ्तार



**बालूमाथ।** बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार जावेद अख्तर पर रविवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे माधव ढाबा में दिनदहाड़े गोली चलाई गई। जिससे पत्रकार जावेद अख्तर बाल-बाल बच गये। पत्रकार जावेद अख्तर ने बताया कि मैं माधव ढाबा में बैठा हुआ था। इसी बीच पलामू जिला के पांकी थाना के ध्रुव छतरपुर निवासी अनिल सिंह इनोवा गाड़ी से पहुंचे। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी साथ में था। अनिल सिंह से मेरी बात हो ही रही थी। इसी बीच इनोवा गाड़ी से उतरकर एक व्यक्ति हमसे पूछा कि आप जावेद अख्तर पत्रकार हैं। मेरे द्वारा हां कहने पर राइफल निकाला और सीधा गोली चला दिया। मैं बाल-बाल बच गया। उसने दूसरी बार भी गोली मारने का प्रयास किया लेकिन जावेद अख्तर भागकर होटल के अंदर छुप गए। जिसके बाद दोनों लोग इनोवा गाड़ी में बैठकर पांकी की ओर फरार हो गये। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और आसपास के सभी थाना, पिकेट में वाहन चेकिंग अभियान लगा दिया। इसी बीच हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी द्वारा इनोवा गाड़ी को भागते हुए पकड़ा गया, तथा उसमें बैठे अनिल सिंह एवं गोली चलाने वाले आरोपी को दो राइफल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इधर पत्रकार जावेद अख्तर ने बताया कि गोली चलाने वाला व्यक्ति किस कारण से गोली चलाया है यह हमें भी मालूम नहीं है। वहीं बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि अनिल सिंह समेत गोली चलाने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है। पुलिस सारे पहलुओं को एक साथ रख कर जांच कर रही है। वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पत्रकार जावेद अख्तर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा की मामले में संलिप्त लोगों की शिनाख्त कर उनकी पहचान होनी चाहिए। प्रतुल ने कहा इस हमले के पीछे के षड्यंत्र को भी पुलिस को शीघ्र उजागर करना चाहिए।

### सरस्वती कोचिंग सेंटर मे टाइम एंड मनी पर डिबेट और करियर काउंसलिंग संपन्न



**चंदवा।** रविवार को सरस्वती कोचिंग सेंटर मे टाइम एंड मनी टॉपिक पर डिबेट और कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी प्रभाकर मिश्रा, अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राध्यापक मनु कुमार गुप्ता, पंकज भारती कोचिंग के निदेशक शशिकांत मिश्रा, अजोय कुमार ने टॉपिक समय और पैसा पर अपने अपने वक्तव्य रखें उसके बाद विद्यार्थियों को कैरियर एजुकेशन से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया उक्त अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन को रद्द करने की मांग के आवेदन पर हस्ताक्षर फर्जी : मुखिया

**लातेहार।** नावागढ़ मुखिया प्रवेश उरांव ने उपायुक्त के नाम आवेदन देकर पंचायत नवागढ़ के मस्जिद टोला क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका चयन के मामले में इमाम अंसारी की पत्नी का चयन सेविका के लिए चयन नहीं हुआ तो इमाम अंसारी द्वारा चयन को गलत बताते हुए डीडीसी के नाम 90 लोगों का फर्जी हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। प्रवेश उरांव ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मेरे अध्यक्षता में 08 सितंबर 2022 को नावागढ़ के मुस्लिम टोला क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका का चयन शांति पूर्ण रूप से किया गया था। जिसमें मेरे अलावा प्रखंड से आए कई पदाधिकारी समेत ग्रामीण जनता उपस्थित थे। वहीं नावागढ़ ग्राम निवासी इमाम अंसारी की पत्नी का चयन सेविका के लिए नहीं होने के कारण इमाम अंसारी द्वारा उप विकास आयुक्त के नाम आवेदन देकर सेविका चयन में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए रद्द करने की मांग किया गया है। वहीं आवेदन के साथ ग्रामीण जनता के नाम पर लगभग 90 लोगों का हस्ताक्षर गलत रूप से करके दिया गया है। इसकी जांच मेरे एवं पंचायत समिति द्वारा किया गया जिसमें गलत हस्ताक्षर पाया गया। जिसका प्रमाण हेतु ग्रामीण जनता का नाम और नंबर इस आवेदन के साथ संलग्न कर दिया गया है। वही मुखिया ने गलत तरीके से दिए गए आवेदन को रद्द करते हुए जल्द से जल्द सेविका का चयन किया जाए। जिससे मेरे पंचायत के मस्जिद टोला आंगनबाड़ी केंद्र का काम बाधित ना हो।

### मनिका के कोपे शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ अखंड कीर्तन का आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कोपे पंचायत के ग्राम भटको में दिन रविवार को शिव मंदिर के 12वीं वार्षिकोत्सव पर 24 घंटे के लिए अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरोहित संतोष मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के के साथ विशेष पूजा अर्चना भी की गई। जिसमें गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित अखंड कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के द्वारा जय सियाराम,जय सियाराम के जय कारे से पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। आपको बताते चलें कि अखंड कीर्तन कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व सत्संग व भव्य झांकी निकालकर मंदिर के आसपास के गांव का भ्रमण किया गया।

## लातेहार के लूटी ग्राम में करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के समीप लूटी ग्राम निवासी सुनील उरांव पिता स्वर्गीय लालमोहन उरांव (29) वर्ष की रविवार की सुबह तकरीबन 11 बजे करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कुछ दिनो पहले सुनील अपने खेत में आलू लगाया हुआ था जिसे पटवन करने के लिए अपने परिवार के साथ पास के ही पुराने मकान आया हुआ था। मोटर की जुड़ाई कर वह बिजली का कनेक्शन देने के लिए गया था। काफी देर हो जाने के बाद भी वह अपने खेत के पास नहीं आया तो उसकी परिवार उसे देखने के लिए वहां पर चली गई और वहां जाकर देखी तो मृतक बिजली की करंट से झुलस कर चित अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे देख उसकी पत्नी जोरो से चिल्लाने लगी। आसपास के ग्रामीणों ने हल्ला सुनकर वहां पहुंचे और बिजली का कनेक्शन को काटा गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से पोस्टमार्टम के लिए स्व. को सदर अस्पताल लाया गया है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक अपने पीछे तीन बच्चो को छोड़ गया है।

## विवेकानंद किशोर संस्थान के कार्यकर्ताओं ने देवनद तट पर चलाया सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित देवनद दामोदर तट पर रविवार को विवेकानंद किशोर संस्थान, बाल सृष्टि व एम्बीशन कम्प्यूटर के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल कार्यकर्ता ने देवनद तट छठ घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरा, प्लास्टिक आदि सामानो का एकत्र कर विनष्ट किया। संस्थान के सदस्यों ने कहा कि हम सभी को अपने आसपास के जल स्त्रोतों का स्वच्छ व साफ रखना चाहिए ताकि जल एवं जलीय जीव दोनो का संरक्षण हो। संस्थान के लोगो ने यह भी बताया कि प्रत्येक सप्ताह रविवार को देवनद तट पर सफाई अभियान चलाया जायेगा। सफाई अभियान में संस्थान के मोहनिष कुमार विक्की, रमन महतो, जयेश वरू, कुमार नवनित समेत दर्जनों युवा शामिल थे।



सफाई अभियान में लगे संस्थान के लोग।

## बालूमाथ में तीन अलग-अलग मामलों में शामिल नौ लोग धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने तीन अलग मामलों में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में बालूमाथ इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया की शनिवार देर रात लातेहार खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एवं बालूमाथ थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से मकईयाटांड पिकेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया।

जांच अभियान में चतरा जिले के अम्रपाली कोलियरी से टोरी कोल साइडिंग कोयला लेकर जा रहे पांच हाईवा वाहनों को पकड़ा गया। जिनके पास ई-परिवहन चालान एवं वन विभाग द्वारा निर्गत अभिवहन पास की समय की वैधता समाप्त हो चुकी थी। मौके पर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें राहुल सिंह पिता सुभाष सिंह थाना धनोखर जिला बिहार, मो. सद्दाम पिता मो. खुशवास जिला चतरा, चितामन कुमार पिता रामदेव महतो थाना टंडवा जिला चतरा, शुभम कुमार पिता रामवृक्ष साव केरेडारी जिला हजारीबाग, प्रकाश कुमार पिता सहादेव साव केरेडारी हजारीबाग निवासी शामिल है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 211/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार पांच लोगो को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में जिला खनन पदाधिकारी के अलावा बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, स.अ.नि. रामजी ठाकुर और मकईयाटांड पिकेट के जवान शामिल थे। वहीं बालूमाथ पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि में झारखंड ढाबा के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक टेंपो जेएच 01ईएल 8649 में लदा करीब 5 क्विंटल लोहे का चदरा, एक ऑक्सीजन सिलेंडर, एक छोटा गैस सिलेंडर एवं गैस कटर पाइप के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार लोगों में मो. अताउल्लाह 40 वर्ष पिता मो० ऐनुल हक ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ, नेसार खान उर्फ बाबू पिता कमाल खान, शाहरुख खान 22 वर्ष पिता अनवर खान दोनो ग्राम धाधु थाना बालूमाथ निवासी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में एसआई नीतीश कुमार और तेतरियाखांड पिकेट के जवान शामिल थे। वहीं बीते शुक्रवार को बालू ग्राम में लगे जतरा मेला देखकर लौट रहे तुलेश्वर गंझु पिता लोकन गंझु ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी को 10-12 लोगो ने चाकू से हमला कर को घायल कर दिया गया था। जिसमें से एक आरोपी अलीउल्लाह अंसारी 23 वर्ष पिता यूनुस अंसारी ग्राम बालू चंपाटोली थाना बालूमाथ को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में एसआई रवि कुमार धीरज कुमार कुंदन कुमार एएसआई संजय चौधरी सहित पुलिस के जवान शामिल थे। वहीं पकड़े गए एक हाइवा मालिक महावीर साव ने कहा कि चतरा जिला द्वारा सिमरिया थाना में 12 घण्टा का नो एंट्री रहता है और नो एंट्री में फंस जाने के कारण वाहन लेट हो गया था। इसी बीच बालूमाथ पुलिस व लातेहार डीएमओ ने पकड़कर झूठा मुकदमा कर दिया है।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

## लातेहार के मानिकपुरा चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना अतंर्गत ग्राम मानिकपुरा में अज्ञात चोरों द्वारा 14 अक्टूबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में अजय यादव, पिता स्व. शिव नारायण याद ग्राम-मानिकपुरा थाना लातेहार के लिखित आवेदन के आधार पर लातेहार थाना कांड सं0. 275/2022, दिनांक- 04.11.2022 धारा 379 भा.द.वि. के अंतर्गत दर्ज किया गया था। इस कांड के खुलासा के लिए एक टीम का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा कांड के उद्भेदन हेतु लगातार छापामारी की गयी।

ज्ञात हो कि आशीष यादव पिता अशोक यादव सा. मानिकपुरा थाना जिला लातेहार को पकड़कर पूछताछ किया गया। जिनके द्वारा उक्त कांड में संलिप्त अपने सहयोगियो अरुण यादव पिता जितेश्वर यादव, प्रमोद यादव पिता-विशेश्वर यादव, एक निरुद्ध बालक का नाम बताये तथा इनके पास से उक्त कांड में चोरी की गई ट्रैक्टर की बैट्री एवं मोटर पंप तथा उक्त सभी की निशानदेही पर विभिन्न जगहो पर की गयी चोरी के सामानों को भी बरामद किया गया है। इस गैंग के कई सदस्य अभी फरार है। उनकी गिरफ्तारी के पश्चात चोरी के अन्य कई कांडों मे चोरी गई सामानों का बरामद होने की संभावना है। उपयुक्त गिरफ्तार अभियुक्तों/विधि विरुद्ध बालक को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से वयस्क आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं गिरफ्तार अपराधी में अरुण यादव उम्र करीब 19 वर्ष पिता-जितेश्वर यादव, प्रमोद यादव उम्र करीब 27 वर्ष पिता-विशेश्वर यादव, आशिष यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता अशोक यादव, एक निरुद्ध बालक सभी मानिकपुरा थाना व जिला लातेहार के निवासी हैं।

**बरामद सामग्री :** एक मोटर साईकिल, बैट्री तीन पीस, सोलर प्लेट दो पीस, सोलर स्ट्रील लाईट एक पीस, दो इलेक्ट्रीक मोटर पम्प, एक हाईड्रोलिक जैक मशीन बरामद की गई है।

# सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगे : दीपक राज

## बरवाडीह के लुहुर में प्रजापति समाज की बैठक हुई, वनभोज का भी किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम लुहुर स्थित सामुदायिक भवन परिसर में रविवार को प्रजापति समाज की बैठक ऋषि प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के चुंगरू, मंगरा, बरवाडीह और केचकी आदि पंचायत के प्रजापति समाज के लोगों ने भाग लेकर अपने-अपने मत रखे और समाज का उत्थान करने व समाज को आगे बढ़ाने की बात कही।

ऋषि प्रजापति और कमलेश प्रजापति द्वारा समाज को एकजुट कैसे किया जाये, उस पर विचार व्यक्त किया गया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पत्रकार दीपक राज ने समाज की एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा में ले जाने का हमारा पूरा प्रयास रहेगा। वहीं उन्होंने अगले माह की पहली रविवार को मंगरा पंचायत के मुगीर्डीह में आहूत बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में समाज के लोगों को शामिल होने का निवेदन किया।

बैठक में प्रेम शंकर प्रसाद, बालचंद प्रजापति, राजदेव प्रजापति उमेश प्रजापति, प्यारी प्रजापति, देवराज प्रजापति, कमलेश प्रजापति, हेमलाल प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुदामा प्रजापति, बृज किशोर प्रजापति, ईश्वरी प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति, मनोज प्रजापति, भुनेश्वर प्रजापति, विद्या प्रजापति, महेश प्रजापति, देव कुमार प्रजापति, मंगरू प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, बिहारी प्रजापति और लाल मुनी प्रजापति सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज के लोग।

## गारू में यादव महासभा की हुई बैठक सामाजिक कुरीतियां दूर करने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसाढ़ में रविवार को यादव महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम भगवानश्री कृष्ण का यदुवंशियों द्वारा विधी विधान से पूजा-पाठ किया गया। महासभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामदास यादव ने किया। बैठक में यादव समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा समाज को आगे ले जाने के लिए रणनीति तय की गई। साथ ही समाज को सशक्त बनाने एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन करने की मांग को लेकर प्रदेश सहित देशभर में महासभा के द्वारा आंदोलन तेज किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। आगामी 19 नवंबर को होने वाले प्रदेश कार्यसमिति की आयोजित बैठक की। तैयारी हेतु रणनीति बनाया गया। संगठन को मजबूत बनाने हेतु आवश्यक रणनीति बनाने के साथ सभी पंचायतों में गठित पंचायत कमिटी को सक्रिय करने हेतु आदि मुद्दों पर बैठक किया गया। बैठक में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष वृंदबिहारी प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष दरोगी यादव, सचिव सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष रामदास यादव, सदस्य अखिलेश यादव, मनोज यादव, तुलसीदास यादव, सागर यादव, बलराम यादव, संजय यादव, उमेश यादव, रामदयाल यादव, पारस यादव, मोहन यादव,रामनाथ यादव, रंजन यादव, शशिभूषण यादव, लक्ष्मण यादव, चन्द्रनाथ यादव, रंजन प्रसाद यादव, सुरेश यादव, भोला यादव, अरुण यादव समेत यदुवंशी समाज के कई लोग मौजूद थे।



अ

स्पीड न्यूज

## ढाई लाख करोड़ से अधिक है तिरुपति मंदिर की संपत्ति

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)।** तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर की संचालन इकाई तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के स्वामित्व में 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां रविवार को यह जानकारी दी। मंदिर के एक पदाधिकारी ने बताया कि टीटीडी की समृद्धि बढ़ती जा रही है क्योंकि मंदिर में नकदी और सोने के रूप में श्रद्धालुओं का चढ़ावा बढ़ना जारी है तथा बैंकों में सावधि जमा से भी ब्याज के रूप में अधिक आय हो रही है।

## भारत में कल को पूर्ण चंद्र ग्रहण

नयी दिल्ली। देश में इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण आठ नवंबर को घटित होगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण भारत के सभी स्थानों से दिखाई देगा । पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, ह्यह्य ग्रहण की आंशिक एवं पूर्णावस्था का आरम्भ भारत के किसी भी स्थान से दिखाई नहीं देगा क्योंकि यह घटना भारत में चंद्रोदय के पहले ही प्रारम्भ हो चुकी होगी।

## भारत में इसी महीने शुरू होगा ट्विटर ब्लू

नयी दिल्ली। ट्विटर पर सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले बैज ब्लू टिक के लिए भारत में उपयोगकताओं से हर महीने शुल्क लेने की शुरूआत एक महीने से भी कम समय में हो सकती है। सोशल मीडिया मंच के नए मालिक उद्योगपति एलन मस्क ने यह कहा है। इस महीने की शुरूआत में मस्क ने कहा था कि ट्विटर पर सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले ब्लू टिक बैज के लिए उपयोगकताओं को हर महीने आठ डॉलर का शुल्क देना होगा। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क ने लंबे विवाद के बाद गत 27 अक्टूबर को 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। रकार ने 2022-23 में मिलों को 60 लाख टन चीनी निर्यात की दी अनुमति

## 60 लाख टन चीनी होगी निर्यात

**नयी दिल्ली।** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मिलो को 60 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है और इसे तेजी से पूरा करने को भी कहा है। वाणिज्य मंत्रालय की रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि चीनी का निर्यात बढ़ने से चीनी मिलों की परिचालन लागत उनकी परिचालन पूंजी की लागत का बोझ है हल्का होगा।

# हिंदी के प्रख्यात वामपंथी आलोचक मैनेजर पांडेय का निधन

**एजेंसी**

- प्रमुख वामपंथी लेखक संगठनों व कई लेखकों ने निधन पर जताया शोक
- बिहार के गोपालगंज जिले के लोहाटी में 23 सितंबर, 1941 को जन्मे पांडेय नामवर सिंह के बाद की पीढ़ी के शीर्ष वामपंथी आलोचक थे



**नयी दिल्ली।** हिंदी के प्रख्यात वामपंथी आलोचक एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा केंद्र के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर मैनेजर पांडे का रविवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे तथा आईसीयू में भर्ती भी थे। श्री पांडेय के परिवार में उनकी दूसरी पत्नी के अलावा दो बेटियां भी हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे लोदी रोड स्थित शव दाह गृह में किया जाएगा।

जन संस्कृति मंच जनवादी लेखक संघ जैसे प्रमुख वामपंथी लेखक संगठनों तथा जाने माने लेखकों ने श्री पांडेय के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

बिहार के गोपालगंज जिले के लोहाटी गांव में 23 सितम्बर, 1941 को जन्मे श्री पाण्डेय नामवर सिंह के बाद की पीढ़ी के शीर्ष वामपंथी आलोचक थे। उनकी आरम्भिक शिक्षा गाँव में तथा उच्च शिक्षा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हुई, जहाँ से उन्होंने एम.ए. और पी.एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। वह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान के भारतीय भाषा केन्द्र में हिन्दी के प्रोफेसर रहे। वह जेएनयू में भारतीय भाषा केन्द्र के अध्यक्ष भी थे। इसके पूर्व वह बरेली के कॉलेज, और जोधपुर विश्वविद्यालय में भी प्राध्यापक रहे। उन्हें दिनकर सम्मान तथा हिंदी अकादमी के शलाका सम्मान से नवाजा गया था। वह भक्तिकाल और सूर साहित्य के विशेषज्ञ थे। साहित्य और इतिहासदृष्टि तथा साहित्य में समाजशास्त्र भूमिका एवम शब्द और कर्म पुस्तक से उनको ख्याति मिली थी। मुगल बादशाहों की हिंदी कविता उनकी चर्चित कृति थी। वह जनसंस्कृति मंच के अध्यक्ष भी थे।

हिंदी के प्रख्यात आलोचक नामवर सिंह श्री पांडेय की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें 1977 में जवाहर लाल नेहरू विश्विद्यालय में हिंदी विभाग में लाये थे।

## भारत ने अक्टूबर में रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया

**नई दिल्ली।** रूस अक्टूबर में सऊदी अरब और इराक जैसे परंपरागत विक्रेताओं को पछाड़कर भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। अक्टूबर में रूस ने भारत को 935,556 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल की आपूर्ति की है। यह उसके द्वारा भारत को कच्चे तेल की अब तक की सर्वाधिक आपूर्ति है। बीते वित्त वर्ष के दौरान भारत द्वारा आयात किए गए सभी तेल में रूस के तेल का सिर्फ 0.2 प्रतिशत हिस्सा था। अब कच्चे तेल के आयात का 22 प्रतिशत हो गया है।

# भारतीय भी ले सकेंगे अंतरिक्ष सैर का आनंद

**एजेंसी**

- मुंबई की स्पेस औरा एयरोस्पेस ने बना शुरू किया स्पेस कैप्सूल
- इसरो और टीआइएफआर के पूर्व वैज्ञानिकों की सहायता से कंपनी समय से लक्ष्य पूरा करने में जुटी
- पचास लाख होगा किराया

**देहरादून।** भारत की एक कंपनी अब गुब्बारे के जरिए पर्यटकों को अंतरिक्ष की सैर कराएगी। एलन मस्क की स्पेस एक्स से प्रेरित होकर मुंबई स्थित स्पेस औरा एयरोस्पेस टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी ने इसके लिए दस फीट गुणा आठ फीट परिमाप का 'स्पेस कैप्सूल या स्पेसशिप' बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें पायलट के अलावा एक बार में छह पर्यटक बैठकर अंतरिक्ष तक जा सकेंगे। हालांकि, स्पेस कैप्सूल पृथ्वी के उपर 35 किलोमीटर के दायरे में ही रहेगा। देहरादून में एक विश्वविद्यालय में चल रही विज्ञान प्रदर्शनी 'आकाश तत्व' में कंपनी ने असली स्पेस कैप्सूल 'एसकेएपी वन' का प्रोटोटाइप भी पेश किया जिसे वैज्ञानिकों और आम जनता दोनों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। स्पेस आरा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश पोरवाल ने बताया कि कंपनी ने अपनी अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने के लिए 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने के लिए कर्नाटक और मध्यप्रदेश में दो स्थान चिन्हित किए गए हैं और इस बारे में जल्द निर्णय कर लिया जाएगा । पोरवाल ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआइएफआर) के पूर्व वैज्ञानिकों की सहायता से कंपनी समय से लक्ष्य पूरा करने में जुटी हुई है । उन्होंने बताया कि सभी जरूरी आधुनिक सुविधाओं, जीवन रक्षक और संचार प्रणाली से लैस स्पेस कैप्सूल को एक हाइड्रोजन या हीलियम गैस से भरे हुए एक स्पेस बैलून की सहायता से समुद्र तल से 30-35 किलोमीटर उपर ले जाया जाएगा जहां पर्यटक करीब एक घंटे तक पृथ्वी की सतह और अंतरिक्ष का नजदीक से दीदार करने के साथ ही उसे महसूस भी कर सकेंगे । उन्होंने बताया कि उसके बाद हाई



एल्टीट्यूड स्पेस बैलून में से धीरे-धीरे गैस कम की जाएगी और एक पैराशूट खोला जाएगा जिसकी सहायता से स्पेस कैप्सूल नीचे आना शुरू होगा। एक निश्चित उंचाई पर स्पेस बैलून को स्पेस कैप्सूल से अलग कर दिया जाएगा और बहुत धीमी गति से अंतरिक्ष पर्यटकों को आराम से नीचे लाया जाएगा। पोरवाल ने कहा कि पर्यटकों को सैर पर ले जाए जाने से पहले करीब एक सप्ताह तक उन्हें भारतीय योग एवं आध्यात्मिक विज्ञान की मदद से एक शांत वातावरण में रखा जाएगा जिससे उनकी यात्रा एक खुशनुमा तरीके से संपन्न हो और वह उसका पूरा आनंद ले सकें । उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अंतरिक्ष की सैर और भारतीय संस्कृति का अद्भुत सम्मिश्रण कर दुनिया भर के अंतरिक्ष पर्यटकों को भारत की ओर आकर्षित कर उसे अंतरिक्ष पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया की दिग्गज कंपनियों 'स्पेस एक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' के मुकाबले उनकी कंपनी बहुत कम पैसे में अंतरिक्ष की सैर कराएगी और यह भी अंतरिक्ष पर्यटकों को यहां आने के लिए प्रेरित करेगा । पोरवाल ने कहा कि हालांकि, अभी अंतिम रूप से किराया तय नहीं किया गया है लेकिन यह 50 लाख रूपये के करीब होगा ।

## रिलायंस भारत की 'सर्वश्रेष्ठ' नियोक्ता

**नयी दिल्ली।** फोर्ब्स ने राजस्व, लाभ और बाजार मूल्यांकन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को काम करने के लिहाज से भी भारत की सबसे अच्छी और दुनिया की 20वीं सबसे अच्छी नियोक्ता कंपनी बताया है। फोर्ब्स की 'विश्व की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता रैंकिंग 2022' में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बारे में यह कहा गया है। वैश्विक रैंकिंग में दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंगसबसे ऊपर है और इसके बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, अल्फाबेट और एप्पल का स्थान है। इस सूची में दूसरे से 12वें स्थान पर अमेरिकी कंपनियों का कब्जा है। इसके बाद जर्मनी की वाहन विनिमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप 13वें स्थान पर है। दुनिया की सबसे बड़ी ऑनलाइन विक्रेता अमेजन इस रैंकिंग में 14वें स्थान पर और फ्रांस की दिग्गज कंपनी डेकेथलॉन 15वें स्थान पर है। वहीं, पेट्रोलियम से लेकर खुदरा कारोबार तक का संचालन करने वाली रिलायंस वैश्विक सूची में 20वें स्थान पर मौजूद है। फोर्ब्स के अनुसार, शीर्ष 100 कंपनियों में रिलायंस के अलावा कोई भी भारतीय कंपनी नहीं है। एचडीएफसी बैंक 137वें स्थान पर है। बजाज इस रैंकिंग में 173वें, आदित्य बिड़ला ग्रुप 240 वें, लार्सन एंड टुब्रो 354वें, आईसीआईसीआई बैंक 365वें, अडाणी एंटरप्राइजेज 547वें और इंफोसिस 668वें स्थान पर है।

# उपचुनावों में भाजपा ने लहराया परचम

- छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों में चार पर खिला कमल
- बिहार के गोपालगंज में भाजपा ने राजद को हराया और मोकामा में अनंत सिंह पत्नी नीलम जीतीं

**नयी दिल्ली।** देश में छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में भाजपा ने चार सीटें जीतकर अपना परचम लहराया वहीं शेष पर राजद , टीआरएस और शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने एक-एक सीट जीती जबकि कांग्रेस की झोली खाली रही।

भाजपा ने गोला गोकर्ण (उत्तर प्रदेश) , धामनगर (ओडिशा), आदमपुर (हरियाणा) और गोपालगंज(बिहार) में जीत दर्ज की। मोकामा (बिहार) सीट पर राजद, मुनुगोड़े(तेलंगाना) में टीआरएस और अंधेरी(महाराष्ट्र) में शिवसेना के उद्धव गुट ने जीत हासिल की। गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार अमन गिरि ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी विनय तिवारी को 34 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। यहां श्री गिरि को 1,24,810 और श्री तिवारी 90,512 मत मिले। धामनगर (सु) विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के सुरवंशी सूरज ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजू जनता द(बीजद) उम्मीदवार अबंती दास को 9802 मतों के अंतर से हराया। श्री सुरवंशी को 80,090 वोट मिले, वहीं दास को 70,288 वोट मिले। हरियाणा में हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पहली बार कमल खिला है। यहां भाजपा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के जय प्रकाश को 15740 मतों के अंतर से पराजित कर पहली बार विधानसभा में पहुंचे हैं। श्री बिश्नोई को 67492 तथा श्री जय प्रकाश को 51752 मत मिले।

बिहार में गोपालगंज उपचुनाव में कांटे की टक्कर रही। अंतिम चक्र की मतगणना की समाप्ति के बाद भाजपा की कुसुम देवी ने राजद के मोहन प्रसाद गुप्ता को 2183 मतों के अंतर से पराजित कर दिया है। वहीं मोकामा सीट पर राजद की नीलम देवी ने भाजपा की सोनम देवी को 16,707 मतों से हराया। तेलंगाना में मुनुगोड़े विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति(टीआरएस) उम्मीदवार के प्रभाकर रेड्डी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के राजगोपाल रेड्डी को 10 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। टीआरएस ने कांग्रेस पार्टी से मुनुगोडु विधानसभा सीट छीनी है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और उसके उम्मीदवार पलवई श्रावंती को 23,449 वोट मिले।

## सियासी मंच पर वापसी करेंगे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान दो से तीन दिनों के भीतर राजनीतिक मंच पर वापसी करेंगे। यह जानकारी पार्टी नेता हम्माद अजहर ने दी। लाहौर के शौकत खानम अस्पताल में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, जहां इमरान के पैर की चोट का इलाज किया जा रहा है, अजहर ने कहा कि पार्टी इमरान की हत्या की कोशिश के खिलाफ अपना शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेगी। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री के पैर में गोली लगी जब वह इस्लामाबाद की ओर सरकार विरोधी लंबे मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। अजहर ने दावा किया कि इमरान खान पर हमले के दौरान जान गंवाने वाले युवक मोअज्जम गोंडल के परिवार को कुल 1.5 मिलियन रुपये मिलेंगे, यह कहते हुए कि पार्टी मोअज्जम के बच्चों का सारा खर्च वहन करेगी। हम्माद अजहर ने कहा कि पीटीआई ने मोअज्जम के बच्चों को 50 लाख रुपये दिए हैं और पंजाब प्रांत सरकार भी शोक संतप्त परिवार को एक-दो दिन में और 50 लाख रुपये देगी। अस्पताल से एक टेलीविजन संबोधन में इमरान ने आरोप लगाया था कि तीन लोगों - जिनमें राणा सनाउल्लाह, शहबाज शरीफ और सेना में एक मेजर ने मेरी हत्या करने की योजना बनाई है।

## भाजपा सांसद को मिली जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** फूलपुर से भाजपा सांसद केशरी देवी पटेल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले उनसे फोन कॉल और लेटर के जरिए 50 लाख रुपये की मांग की गई थी।

केशरी देवी पटेल ने अब अज्ञात फोन करने वाले के खिलाफ कर्नलगंज थाने में मामला दर्ज कराया है।

प्राथमिक निगरानी से पता चला कि मुंबई से धमकी दी गई थी। पुलिस ने कहा कि पुलिस की एक टीम अब धमकियों के पीछे व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# आलिया-रणबीर के घर आयी नन्ही परी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने रविवार को बेबी गर्ल को जन्म दिया। कपूर खानदान नन्हे मेहमान आया। आलिया और रणबीर कपूर पैरेंट्स बन गए हैं। सोशल मीडिया पर आलिया ने बेबी के आने की ऑफिशियल घोषणा की। आलिया ने पोस्ट कि किया कि हमारी जिंदगी की बेस्ट न्यूज आ गई है। इमारा बेबी इस दुनिया में आग गया है और वह कमाल की बेटी है। इस खुशी को जाहिर करना मुश्किल है। हम एक बलेस्ड पैरेंट्स बन गए हैं। प्यार, प्यार, प्यार आलिया और रणबीर।



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बॉलीवुड के सबसे अडोरेबल कपल्स में से एक हैं। उनके घर में लक्ष्मी के आने से फैन्स भी काफी खुश है। सोशल मीडिया पर आमलोगों से लेकर सिलिब्रिटीज तक नये-नये माता-पिता बने कपल को बधाई दी। ड्रामा क्वीन राखी सांवत ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने थाली बजाकर पूरे कपूर परिवार को बधाई दी। राखी ने कहा कि घर में लक्ष्मी आई है। इस वीडियो उनके साथ बॉयफ्रेंड आदिल भी नजर आ रहे हैं। रणबीर कपूर रविवार सुबह 7.30 बजे आलिया को लेकर मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल पहुंचे थे।

आलिया के भर्ती होने के कुछ देर बार उनकी मां सोनी राजदान और सासु मां नीतू कपूर भी पहुंची थी। नीतू कपूर पोती को लेकर काफी खुश हैं।




## 'इमरजेंसी' की शूटिंग असम में करेंगी कंगना

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही असम में अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग करेंगी।

रनौत पिछले एक सप्ताह से असम में फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही थीं। इस दौरान वह काजीरंगा और कार्बी आंगलोंग भी गईं। रनौत ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि मैं कई बार असम आ चुकी हूं। यह शूटिंग के लिए सुंदर जगह है। मैं जल्द ही अपने पूरे फिल्म निर्माण दल के साथ शूटिंग करने आऊंगी। भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक कालखंड आपातकाल पर आधारित फिल्म इमरजेंसी की लेखक और निर्देशक कंगना रनौत हैं। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा करेंगी।

# टी-20 के सेमीफाइनल में पहुंचा पाक

## बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 2009 की चैंपियन पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप 2022 कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। रविवार को उसने करो या मरो वाले लो-स्कोरिंग मैच में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। एक समय पाकिस्तान टीम टूनार्मेंट से बाहर होने की कगार पर थी, लेकिन रविवार को जब नीदरलैंड ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया तो पाकिस्तान की किस्मत पलट गई। नीदरलैंड की जीत ने बाबर की टीम को एक और मौका दिया। पाक ने बांग्लादेश को हराते हुए इसे बखूबी भुना भी लिया। पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा या इंग्लैंड से इसका फैसला मेलबर्न में खेले जा रहे भारत-जिम्बाब्वे मुकाबले के बाद ही हो सकेगा। भारत ने पहले ही टॉप-4 में जगह बना ली है। पहले इस रेस में साउथ अफ्रीका थी, लेकिन अब पाकिस्तान है। तय सिर्फ इतना होना है कि सेमीफाइनल में कौन-किससे भिड़ेगा। एडिलेड में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 127 रन बनाए। जवाब में पाक ने 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल किया।



# टी20 के नंबर-1 प्लेयर सूर्यकुमार

**नयी दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सूर्यकुमार यादव अपने बल्ले से बॉलर्स के छक्के छुड़ा रहे हैं। फैंस इन्हें भारत का एबी डिविलियर्स और रङ नाम से भी बुलाते है। मौजूदा वर्ल्ड कप की बात करें तो सूर्य कुमार यादव ने जबरदस्त फॉर्म दिखाई है।अबतक तीन मैचों में सूर्या ने 134 रन बनाए हैं, इसमें उनका स्ट्राइक रेट 178.66 रहा है। जबकि उनके औसत की बात करें तो यह 67 का है, जो कि किसी भी बल्लेबाज की तुलना में इस विश्वकप में कहीं ज्यादा है। ऑन फील्ड ऐसी तूफानी पारी खेलने वाले सूर्या, ऑफ फील्ड में स्पीडी कारों और बाइक्स का शौक रखते हैं। फिलहाल अपनी अच्छी फॉर्म और टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज बनने की वजह से वे चर्चा में हैं।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले सूर्या, मौजूदा समय में मुंबई के आलीशान अपार्टमेंट में परिवार के साथ रहते है। सूर्या मुंबई के चेंबूर इलाके के आलीशान अपाटेमेंट में रहते है। यहां वो अपनी पत्नी देविशा, माता-पिता और बहन के साथ रहते हैं। घर के इंटीरियर को मॉर्डन तरीके से डिजाइन किया गया है, जिसमें इलेक्ट्रिक ब्लू सोफे और व्हाइट डाइनिंग टेबल जैसे फर्नीचर्स हैं।

## पहले गुरु चाचा और सहवाग- सचिन आदर्श

**चाचा की मदद से वाराणसी की गलियों में सीखा क्रिकेट:** वाराणसी से क्रिकेट का ककहरा सीखने वाले सूर्यकुमार यादव की प्रतिभा को बचपन में ही उनके चाचा और पहले गुरु विनोद यादव ने पहचाना था। वाराणसी की गलियों से मैदान तक का सफर उनके चाचा विनोद यादव ने ही पूरा कराया। क्रिकेट का बल्ला थामने से लेकर खेल की पहली शिक्षा विनोद यादव के ही घर की गलियों से हुई। खुद सूर्यकुमार भी अपने चाचा को ही अपना सबसे पहला गुरू मानते है। सूर्या के चाचा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि सूर्या ने हमेशा से अपना आदर्श सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग को माना है। सूर्या को पिच पर जितना तेज खेलना पसंद है, सड़क पर भी उतनी ही तेजी से चलने वाली गाड़ियों का भी शौक है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सूर्यकुमार यादव के पास हाईस्पीड कारों का शानदार कलेक्शन है।

